वर्ष : 30 | अंक :316

प्रतापगढ़ | मंगलवार , 17 सितम्बर-2024

पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक

# लोकमित्र

सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


## न्यूज डायरी

### वंदे मेट्रो का बदला नाम, अब 'नमो भारत रैपिड रेल' होगा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रेल मंत्रालय ने सोमवार को नवनिर्मित वातानुकूलित वंदे मेट्रो ट्रेन का नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेल करने का निर्णय किया है.रेल मंत्रालय ने आज मेट्रो ट्रेन का नाम बदलने की सूचना जारी की। 'नमो भारत रैपिड रेल' छोटी एवं मध्यम दूरी की यात्रा को न्यूनतम समय में पूरा करेगी जबकि अन्य मेट्रो केवल छोटी दूरी तय करती हैं। 'नमो भारत रैपिड रेल' शहरों को शहरों से जोड़ेगी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भुज से अहमदाबाद के बीच भारत की पहली 'नमो भारत रैपिड रेल' को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा, वह नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली सहित कई नमो भारत रैपिड रेलों एवं वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20-कोच वाली वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

### राष्ट्रपति आज 8वें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन करेंगी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 8वें भारत जल सप्ताह (आईडब्ल्यूडब्ल्यू) का उद्घाटन करेंगी।जल शक्ति सचिव देबाश्री मुखर्जी ने सोमवार को कर्टन रेज़र प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि 8वां भारत जल सप्ताह 17 से 20 सितंबर तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसका विषय 'समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए साझेदारी और सहयोग' है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी के अलावा विभिन्न देशों के जल संसाधन क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित प्रतिष्ठित प्रतिनिधि, केन्द्र और राज्य सरकारों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्वान संकाय, गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई इलाके जलमग्न



**प्रयागराज-** संगम नगरी प्रयागराज में पिछले तीन दिनों से गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाके में घरों में पानी भर गया है जिससे प्रशासन को लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए नावों का सहारा लेना पड़ा है।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार शाम तक गंगा नदी के किनारे बसे फाफामऊ और छतनाग में जलस्तर 83.92 सेंटीमीटर पर पहुंच गया जो खतरे के निशान 84.73 सेंटीमीटर के नजदीक है। उनके अनुसार इसी तरह यमुना के किनारे बसे नैनी में जलस्तर 83.78 सेंटीमीटर पर पहुंच गया है।

### आरजी कर बलात्कार मामले में सबूतों से हुई छेड़छाड़



**कोलकाता, एजेंसियॉ।** आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने शाम 5 बजे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कालीघाट स्थित आवास पर मुलाकात करने पर सहमति जताई है। डॉक्टरों का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ममता बनर्जी से मुलाकात करेगा। यह तब हुआ जब पश्चिम बंगाल सरकार ने डॉक्टरों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच बैठक के लिए पांचवीं बार प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से संपर्क किया। वहीं आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने मामले में सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। मीडिया को संबोधित करते हुए डॉक्टरों ने इस जघन्य अपराध की निंदा भी की। एक डॉक्टर ने कहा कि यह अपराध पश्चिम बंगाल सरकार और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बीच सांठगांठ का नतीजा है।

## केवल मुरली से काम नहीं चलेगा सुदर्शन भी आवश्यक- सीएम योगी



**वेस्ट त्रिपुरा/लखनऊ।** त्रिपुरा में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए %सुदर्शन% भी आवश्यक है। त्रिपुरा में सीएम योगी ने कहा कि यूपी में डबल इंजन की सरकार आई, सुरक्षा का माहौल मिला। दंगाइयों के लिए बुलडोजर भी दिया गया और साथ ही साथ भक्तों के लिए राम मंदिर का निर्माण भी कराया गया। इसके साथ ही योगी ने कहा कि पाकिस्तान एक कैंसर है, ये पूरी मानवता के लिए एक कैंसर है. जब हम भगवान कृष्ण को याद करते हैं, तो उनके एक हाथ में मुरली और दूसरे हाथ में सुदर्शन होता है, जब हम भगवान कृष्ण को याद करते हैं, तो दुनिया की ताकतों से उन्हें समय रहते ठीक करने की अपील करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ %मुरली% से काम नहीं चलेगा, सुरक्षा के लिए सुदर्शन भी जरूरी है। वह त्रिपुरा के बराकथल में सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन हिंदू धर्म के तीन महत्वपूर्ण स्तंभ और मूल्य हैं। जो अपने शत्रुओं को अपनी शक्ति का एहसास करा देता है, वह सदैव सुरक्षित रहता है। सिर्फ मुरली ही काफी नहीं होगी बल्कि सुरक्षा के लिए सुदर्शन भी जरूरी है। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का बंटवारा स्वीकार कर लिया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को इस ख़तरे का आभास 1925 में ही हो गया था। यह सच हो गया और देश विभाजित हो गया। भारत के विभाजन के लिए जो लोग जिम्मेदार हैं उनके बारे में उचित जानकारी देने की जरूरत है। पाकिस्तान एक कैंसर है और जब तक इसका ऑपरेशन नहीं होगा, हमें इस कैंसर से छुटकारा नहीं मिलेगा।

## भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए अब कोई जगह नहीं - अमित शाह

**किश्तवाड़, सितंबर (हि.स.)।** किश्तवाड में सोमवार को एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनसी और कांग्रेस कहती है कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि क्या अनुच्छेद 370 वापस होना चाहिए?... पहाड़ी और गुर्जर भाइयों को जो आरक्षण मिलता है, अनुच्छेद 370 बहाल होने पर वह नहीं मिल पाएगा।गृहमंत्री ने कहा कि मैं कश्मीर का माहौल देख रहा हूं, न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी यहां सरकार बना रहे हैं। अनुच्छेद 370 अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। कश्मीर में कभी भी दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झंडे नहीं हो सकते। वहां केवल



एक झंडा होगा और वह हमारा तिरंगा है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने गुर्जरों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा लेकिन इससे गुर्जर प्रभावित नहीं होंगे और अब मोदी सरकार ने गुर्जर आरक्षण को छुए बिना पहाड़ियों को आरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि अब गुर्जरों और पहाड़ियों को आदिवासी आरक्षण मिला है, अब आपके बच्चे भी कलेक्टर और डीएसपी बन सकते हैं।गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीन परिवारों के शासन को खत्म कर दिया और राज्य में पंचायती राज की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि बच्चे जल्द ही विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक विकसित जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं।

## सीएम केजरीवाल आज दे सकते हैं इस्तीफा

### ● एलजी वीके सक्सेना से मांगा मुलाकात का समय



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कल अपना इस्तीफा दे सकते हैं। केजरीवाल ने एलजी वीके सक्सेना से मिलने के लिए समय मांगा। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने रविवार (15 सितंबर) को कहा कि वह दो दिन बाद ही शीर्ष पद से इस्तीफा दे देंगे और राष्ट्रीय राजधानी में जल्द चुनाव की मांग करेंगे। इससे पहले पार्टी नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ने तमाम अड़चनें लगाए जाने के बाद भी जेल से सरकार चलाकर दिखा दी। अब उन्होंने जेल से बाहर आकर इस्तीफ़ा दिया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री को उन सभी फाइलों पर हस्ताक्षर करने की इजाज़त थी, जिन्हें स्न साहब के पास भेजा जाता है। केजरीवाल जी के ऊपर फ़रवरी 2015 से ही तमाम बंदिशें लगाई गई लेकिन इसके बावजूद वह जनता के लिए काम करते रहे। अब तो भाजपा के लोग भी कह रहे हैं कि जहां बीजेपी की सोच ख़त्म होती है, वहां से केजरीवाल जी की सोच शुरू होती है। वहीं, दिल्ली का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए सोमवार शाम को आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक सहित कई बैठकें होने की संभावना है। एक दिन पहले ही अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की अप्रत्याशित घोषणा की थी। आप नेताओं ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मुख्यमंत्री पद के संभावित नामों पर केजरीवाल के साथ चर्चा के लिए उनके आधिकारिक आवास पर पहुंचे। आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक शाम को दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर होने वाली है। मुख्यमंत्री के संभावित दावेदारों में दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, आप प्रमुख केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत के नामों की चर्चा है।

## 100 दिनों में मैंने दिन-रात नहीं देखा, एजेंडे को पूरा करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी-पीएम मोदी

**अहमदाबाद ,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुज से अहमदाबाद तक भारत की पहली वंदे मेट्रो और नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली और वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन हरी झंडी दिखाई।

इसके अलावा मोदी ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उत्सव के इस समय में भारत के विकास का उत्सव भी निरंतर जारी है। अभी यहां से करीब 8,500 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें रेल, रोड और मेट्रो जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।मोदी ने कहा कि आज गुजरात के गौरव में एक और सितारा जुड़ा है। आज नमो भारत



रैपिड रेल भी शुरू हुई है। ये भारत की अर्बन कनेक्टिविटी में एक और मील का पत्थर सिद्ध होने वाली है। उन्होंने कहा कि आज गुजरात के हजारों परिवार अपने नए घर में प्रवेश भी कर रहे हैं। आज हजारों परिवारों को उनके पक्के घर की पहली किस्त भी जारी हुई है। मोदी ने कहा कि उत्सव के इस माहौल में एक पीड़ा भी है। इस वर्ष गुजरात के अनेक इलाकों में एक साथ अतिवृष्टि हुई है। इतिहास में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर, इतने कम समय में, इतनी तेज बारिश हमने देखी है।नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात के कोने-कोने में ये स्थिति पैदा हुई। इसके कारण जान-माल की भी बहुत हानि हुई है। केंद्र और राज्य सरकार प्रभावितों को हरसंभव राहत देने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे गुजरात के आप सभी लोगों की अपेक्षा का भी अहसास है। आप चाहते थे कि तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैं जल्द से जल्द आपके बीच आऊं। ये स्वाभाविक था, क्योंकि 60 साल के बाद देश की जनता ने एक नया इतिहास रचा है। एक सरकार को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है।उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम का संकल्प दिलाकर आप ही लोगों ने मुझे दिल्ली भेजा है। मैंने लोकसभा चुनाव के दरमियान आप सभी को और देशवासियों को एक गारंटी दी थी। मैंने कहा था कि तीसरे टर्म के पहले 100 दिन में देश के लिए अभूतपूर्व फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि बीते 100 दिनों में मैंने दिन-रात नहीं देखा। 100 दिन के एजेंडे को पूरा करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। देश हो या विदेश, जहां भी जो भी प्रयास करने थे वो किए, कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी।

## तेजस्वी यादव का नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप

### ● बोले- पूरी तरह से मेरी जासूसी में लगे हुए हैं मुख्यमंत्री



**पटना,एजेंसियॉ।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा आरोप लगाया है। तेजस्वी ने दावा किया कि नीतीश उनकी निगरानी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान सीआईडी और विशेष शाखा के अधिकारी मौजूद थे। उनकी पहचान की पुष्टि उनकी आईडी से की गई। झंझारपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद तेजस्वी यादव ने गेस्ट हाउस में मीडिया से बात की और मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी एक मीटिंग में सीआईडी और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी वहां बैठे नोट्स ले रहे थे। हमने शुरू में सोचा कि वे पत्रकार थे। उन्होंने कहा कि पार्टी की आंतरिक बैठक के बाद आमतौर पर पत्रकार फोटो खींचकर चले जाते हैं, लेकिन ये लोग नहीं हटे। बाद में हमें पता चला कि वे सीआईडी और विशेष शाखा के अधिकारी थे। उन्होंने अपनी आईडी भी दिखाई।

तेजस्वी ने आगे कहा, ÷अब यह स्पष्ट हो गया है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह से जासूसी में लगे हुए हैं। वह डरे और सहमे हुए हैं।वहीं, एक एक्स पोस्ट में तेजस्वी ने कहा कि नीतीश जी के कैबिनेट मंत्री बिहार जैसे पिछड़े और गरीब राज्य के अपने विभागों को लूट कर सभी अखबारों में करोड़ों-करोड़ के फुल पेज विज्ञापन दे रहे है। आश्चर्यजनक है कि यह विज्ञापन नीतीश कुमार की पार्टी जदयू, बिहार सरकार तथा सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ़ से आधिकारिक विज्ञापन नहीं बल्कि कैबिनेट के 5 मंत्रियों की तस्वीरों के साथ बिना किसी निवेदक के जारी किया है।

उन्होंने आगे लिखा कि यह विज्ञापन टूटते पुलों से प्राप्त कमीशन, जमीन सर्वे, स्मार्ट मीटर तथा थानों और ब्लॉक कार्यालयों में सरकारी भ्रष्टाचार के माध्यम से अर्जित अवैध काली कमाई एवं अवैध धन शोधन से दिया जा रहा है। यह विज्ञापन भी नहीं बल्कि नीतीश कुमार के भ्रष्टाचार का विवरण और शंसापत्र है।

## एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम

### ● खिताबी मुकाबले में होगा चीन से सामना

**हुलुनबुइर, (हि.स.)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के फाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम ने यहां सोमवार को सेमीफाइनल 2 में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हरा दिया। मैच में भारत की ओर से उत्तम सिंह (13वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह ( 19वें, 45वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने गोल दागा, जबकि दक्षिण कोरिया की ओर से एक मात्र गोल जिहुन यांग (33वें मिनट) ने किया। अब भारतीय टीम मंगलवार को फाइनल में मेजबान चीन के खिलाफ खेलने उतरेगी। चीन ने



सेमीफाइनल 1 मैच में पाकिस्तान को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।मैच में भारतीय टीम पहले क्वार्टर से ही दक्षिण कोरिया पर हावी दिखी।

13वें मिनट में उत्तम सिंह ने गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 19वें मिनट में गोल कर भारतीय टीम की बढ़त 2-0 कर दी। पहले हॉफ तक भारतीय टीम 2-0 से आगे रही। भारतीय हॉकी टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया के खिलाफ बढ़त बरकरार रखी। जरमनप्रीत सिंह ने 32वें मिनट पर शानदार गोल कर भारतीय टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया।

हालांकि अगले ही मिनट दक्षिण कोरिया ने वापसी की और गोल दागा। जिहुन यांग ने 33वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। भारत को तीसरा क्वार्टर खत्म होने से पहले एक पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसका फायदा उठाते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने इस मैच का दूसरा गोल दाग दिया। इससे भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 4-1 की बढ़त बना ली।

## राहुल गांधी की जीभ काटकर लाने वाले को दूंगा 11 लाख का इनाम

### ▸▸ शिवसेना विधायक संजय गायकवाड का विवादित बयान

**मुंबई, एजेंसियॉ।** एक विवादास्पद बयान में, शिवसेना (एकनाथ) विधायक संजय गायकवाड़ ने सोमवार को आरक्षण प्रणाली को खत्म करने पर अपनी टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। अपने अजीबोगरीब बयान में गायकवाड़ ने कहा कि विदेश में रहते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह भारत में आरक्षण व्यवस्था खत्म करना चाहते हैं. इससे कांग्रेस का असली



चेहरा सामने आ गया है। संजय गायकवाड़ ने कहा कि राहुल गांधी का वह बयान जिसमें उन्होंने भारत में आरक्षण खत्म करने की बात कही है, यह जनता से सबसे बड़ा झूठ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ महाराष्ट्र में आरक्षण की मांग उठ रही है, वहीं राहुल गांधी ने देश से आरक्षण खत्म करने का बयान दे दिया।

## मनोबल गिराने वाला हो सकता है, संवेदनशील मुद्दों को हवा नहीं देनी चाहिए

### सीबीआई को पिंजरे का तोता बताने वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर बोले उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सीबीआई को पिंजरे का तोता बताने वाली सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर अब उपराष्ट्रपति की तरफ से प्रतिक्रिया सामने आई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि चुनाव आयोग और जांच एजेंसियों सहित संस्थाएं कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का पालन करती हैं। उनके बारे में कोई भी टिप्पणी करना उनका मनोबल गिराने वाला हो सकता है। धनखड़ ने कहा कि देश की संस्थाओं कठिन माहौल में कानून के अंतर्गत काम करती है। इन संस्थाओं को हर साल गड़बड़ियों पर नजर रखनी होती है। एजेंसियां कानून के शासन के तहत स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। धनखड़ ने कहा कि यह एक राजनीतिक बहस को जन्म दे सकता है। हमें अपनी संस्थाओं के बारे में बेहद सचेत रहना होगा। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को शुक्रवार को अनुचित करार दिया तथा जांच एजेंसी से कहा कि उसे पिंजरे में बंद तोता की धारणा से निश्चित रूप से बाहर निकलना चाहिए। आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक केजरीवाल को जमानत देने को लेकर न्यायमूर्ति सूयकांत के निर्णय से सहमति जताने वाले, परंतु अलग से लिखे अपने फैसले में न्यायमूर्ति भुइयां ने सीबीआई द्वारा मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल किया। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि एजेंसी का उद्देश्य प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामले में केजरीवाल को मिली जमानत में बाधा डालना था। उपराष्टपति ने कहा कि कानून के शासन द्वारा संचालित एक कार्यशील लोकतंत्र में धारणा मायने रखती है।

## हिंदू समाज पर हमलों से बाज आएं इस्लामिक कट्टरपंथी- विहिप




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद ने देशभर में कई स्थानों पर चल रहे गणेश उत्सव के आयोजनों पर हुए हमलों से आहत होकर इस्लामिक कट्टरपंथियों को सोमवार को एक चेतावनी दी है कि वह धार्मिक यात्राओं व अन्य आयोजनों पर इस प्रकार के हमलें न करें ।विश्व हिंदू परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने कहा कि गणपति विसर्जन के 18 से अधिक पवित्र कार्यक्रमों पर जिहादियों ने हमले किए हैं। कई जगह भगवान गणपतिजी की प्रतिमा को खंडित करने का दुस्साहस भी किया गया। इससे पहले रामनवमी, महावीर जयंती तथा अन्य हिंदू त्योहारों की शोभायात्राओं पर भी हमले किए गए।उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर ये हमले केवल हिंदू त्योहारों पर ही नहीं अपितु, मोहर्रम, ईद ए मिलाद व बारावफात जैसे मुस्लिम कार्यक्रमों के दौरान भी होते हैं। ऐसे हमलें धार्मिक अलगाव का कारण बनते हैं इसलिए अब ऐसे हमलें रोकने की जरूरत है, इन्हें 'काफिरोफोबिया' से बाहर निकलना चाहिए।मद्रास उच्च न्यायालय ने जिहादियों को कहा था, ÷कुछ लोग सांप्रदायिक हो सकते हैं, देश की सड़क धर्मनिरपेक्ष हैं जिसका सभी उपयोग करेंगे। अगर इसी तरह बाकी लोग भी सोचने लगे तो आप, जहां वे बहुमत में है, वहां अपने कार्यक्रम कैसे कर सकेंगे?÷ हाई कोर्ट ने ओवैसी, मदनी और तौकीर जैसें मुस्लिम नेताओं को चेतावनी दी है कि वह अपने समाज को भड़काने का काम न करें ।कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के द्वारा फैलाई गई नफरत का ही परिणाम है कि जेहादियों की मानसिक विकृति के रोज नए-नए प्रकार देखने को मिल रहे हैं। लगभग दस जगह अवरोध खड़े करके ट्रेनों को पलटने या दुर्घटना ग्रस्त करने के षड्यंत्र भी सामने आते है




# गंगा हुई स्थिर, यमुना के भी रफ्तार में कमी

## शहर और देहात के अनेकों क्षेत्र डूबे, अभी राहत की उम्मीद नहीं








**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सोमवार को भी गंगा और यमुना के जलस्तर में वृद्धि लगातार जारी रही, हालांकि दोपहर 12 बजे की बुलेटिन के अनुसार गंगा फिलहाल स्थिर हो गई हैं। साथ ही यमुना की रफ्तार भी थम गई है। सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार फाफामऊ में गंगा 84.07 मीटर, छतनाग में में 83.41 मीटर पर बह रही हैं। इसी तरह यमुना का जलस्तर नैनी में 83.91 मीटर रिकॉर्ड किया गया। 24 घंटे में गंगा में 21 और यमुना में 39 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। डेंजर लेबल 84.734 मीटर है।

इस हफ्ते हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश हुई तो गंगा और यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया। शुक्रवार सुबह फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 79.58 मीटर था, छतनाग में 78.10 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 79.35 मीटर था। शनिवार को गंगा उफान पर आ गई। इससे संगम क्षेत्र डूब गया। किला की दीवार से होते हुए बांध के नीचे पानी भर गया। रात आठ बजे तक छतनाग में गंगा का जलस्तर 4.51 मीटर बढ़कर 82.61 मीटर हो गया है।

इसके बाद यमुना में तेजी से पानी बढ़ा। इसकी सहायक नदियां चंबल, केन और बेतवा भी उफान पर हैं। कई जिलों से होते हुए प्रयागराज में पानी पहुंचा तो वह बाढ़ का रूप ले लिया। यमुना के सापेक्ष शुक्रवार को गंगा का पानी धीमी गति से बढ़ा। यमुना का वेग इतना तेज था कि रात तक लेटे हनुमानजी डूब गए।सुबह तक मंदिर परिसर में कमर तक पानी भर गया।

सोमवार को जारी बुलेटिन के अनुसार फाफामऊ में गंगा 84.07 मीटर, छतनाग में में 83.40 मीटर पर बह रही हैं। इसी तरह यमुना का जलस्तर नैनी में 83.90 मीटर रिकॉर्ड किया गया। 24 घंटे में गंगा में 21 और यमुना में 39 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। डेंजर लेबल 84.734 मीटर है। गंगा और यमुना खतरे के निशान के बिल्कुल करीब पहुंच गई हैं और कभी भी निशान को पार कर सकती हैं।

### छुट्टा मवेशी को लेकर किसान चिंतित, दी शिकायत

**नारीबारी (प्रयागराज)।** विकासखंड शंकरगढ़ के दर्जनों गांवों में आवारा पशुओं को लेकर किसान हलाकान है तथा अपनी धान की फसल की सुरक्षा को लेकर रतजगा कर रहा है जहां किसानों ने बताया कि यह आवारा पशु गांव के ही लोगों के हैं जिन्हें स्वार्थ सिद्ध करने के बाद छोड़ दिया जाता है और यह पशु दिन रात धान की खेतों में घुसकर फसल को चरने में लगे हुए हैं जिसका जीता जागता उदाहरण सलैया पनियारी, सलैया खुर्द, फूलतारा,, जरखोरी आदि गांवों में देखा जा सकता है जहां ये आवारा पशु धान की मुलायम फसलों को चरकर किसान को मायूस कर रहे हैं वही किसान भी अपनी फसल की सुरक्षा को लेकर इन आवारा पशुओं से संघर्ष करते हुए रत जगा कर रहा है कि किसी प्रकार फसल को बचाया जा सके लेकिन किंकर्तव्यविमूढ़ है उसे इसको लेकर कोई समाधान समझ में नहीं आ रहा है इसी को लेकर किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल तहसील दिवस पर अधिकारियों से भी मिला तथा लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए आवारा पशुओं के बंदोबस्त हेतु गुहार लगायी है। जिस प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से गौरीशंकर मिश्रा, राम सिया मिश्र, मोहनलाल, घनश्याम, राजेश्वरी प्रसाद, रामबिहारी, राहुल, प्रदीप निषाद, महेश, राजकुमार, गिरिजा शंकर मिश्र, राजेश कुमार, दिवाकर त्रिपाठी शामिल हैं।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी के अलौकिक विवाह के साक्षी बने कथा प्रेमी

## कथा व्यास ने विधि विधान से पूरी करायी शादी की रस्म




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के देवहटा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन रुक्मणि विवाह के लिए भव्य मंडप सजाया गया है।कथा व्यास आशुतोष शास्त्री महाराज ने वैदिक मंत्रों के बीच लीलाधारी श्रीकृष्ण और रुक्मणि की शादी,महिलाओं के मांगलिक गीतों के बीच सम्पन्न करायी है।कथा पंडाल में वह सब कुछ मौजूद रहा,जो इस अलौकिक विवाह के लिए जरूरी था। देवहटा गांव के उमेश मिश्र के आवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य आशुतोष शास्त्री ने रासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया है। यजमान आभा अनिल कुमार मिश्र और शशि कला उमेश मिश्र ने सपरिवार रुक्मणी विवाह के बाद इस भव्य व दिव्य जोड़े की आरती की है।

आचार्य ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया।शास्त्री ने रुक्मणि विवाह प्रसंग को गीत,संगीत के साथ प्रस्तुत किया है।महिला भक्तों ने पूरे मनोयोग से विवाह प्रसंग को सुनकर कृत कृत्य हुई।कथा के मध्य कथा वाचक के सहयोगियों ने कई दिल को छूने वाले भजन सुनाकर लोगों को झूमने के लिए विवश किया है।

कथा में मुख्य रूप मौके पर रमेश शुक्ल, टीएन सिंह, मोहन दास मिश्र, सीओ यादव,
ई मनीष कुमार मिश्र, आशीष मिश्र, अतुल मिश्र, ई रितेश कुमार मिश्र, दिव्यांश मिश्र, ई बृजेश कुमार, ईअभिषेक मिश्र, ईआकाश मिश्र,ओम, प्रांजल, प्रखर, हर्षवर्धन, देव वर्धन सहित बड़ी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।

# रेडियो संगम के जरिए हम लाएंगे संगीत क्रांति-राज गुलाटी

## संगम की रेती से भारतीय रेडियो के सफरनामे की होगी दिव्य प्रस्तुति




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** रिटायरमेंट इंडिया फाउंडेशन की कार्यशैली में सेवा, समर्पण और शकून को प्राथमिकता दी गयी है। संस्था के डायरेक्टर राज गुलाटी रेडियो संगम के जरिए भारतीय रेडियो का शानदार सफर लोगों के समक्ष पेश करने जा रहे हैं। प्रयागराज की संगम पर सजने वाले महाकुंभ मेले से संगम रेडियो का भव्य आगाज होगा, जिसमें सांस्कृतिक विरासत के साथ यहां के संगम महात्म्य को प्राथमिकता दी जाएगी।

श्री गुलाटी की मानें तो रेडियो संगम का प्रसारण एवं प्रस्तुति लीक से हटकर होगी। इसमें प्रयागराज की गौरव गाथा को गीत व संगीत में पिरो कर दुनिया के समक्ष परोसा जाएगा। इसमे कालातीत इतिहास के साथ बदलते भारत के मिजाज पर चर्चा और प्रस्तुति होनी है। उन्होने दावा किया है कि इस अनोखे पॉडकास्ट में हम आपको रेडियो के उस सफर पर ले जाएंगे, जहाँ 1923 से लेकर आज तक के भारतीय रेडियो के इतिहास की दिलचस्प कहानियाँ और यादें ताज़ा होंगी। रविवार से यू ट्यूब पर इसका धमाकेदार आगाज हो चुका है।

उंन्होने कहा कि यदि आप संगीत के शौक़ीन हैं, तो इस मंच पर अपने गीतों को दुनिया भर के श्रोताओं के साथ साझा करें और हमारे बढ़ते हुए संगम परिवार का हिस्सा बनें।श्री गुलाटी ने बताया कि यह सिर्फ़ एक पॉडकास्ट नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो रेडियो के खूबसूरत दौर को फिर से ज़िंदा कर रहा है।

यहां उन गायकों को मंच दे रहा है, जो अपने संगीत प्रेम के लिए गाते हैं।उंन्होने आह्वाहन किया कि इस सफर का हिस्सा बनें और इस संगीत क्रांति में शामिल हों। आपका गीत, आपका मंच, आपका रेडियो संगम हमारे सेवा संकल्प को शकून की थपकी देगा।

# रिजर्व पुलिस लाइन के लिए किया भूमि पूजन



**प्रयागराज।** परेड मैदान में महाकुंभ 2025 के लिए रिजर्व पुलिस लाइन की भूमि का पूजन सोमवार को किया गया। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा समेत तमाम अधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजा कर आरती उतारी। ईश्वर से महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रार्थना की।इस मौके पर एडीजी भानु भास्कर, आईजी प्रेम गौतम, मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, एसपी मेला डीसीपी अभिषेक भारती नीरज पांडेय, डीसीपी सिटी अभिषेक भारती, डीसीपी गुणावत, डीसीपी विवेक यादव, एसएसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी व्यवस्थापन प्रवीण चौहान, एएसपी सुरक्षा असीम चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, मौजूद रहे।पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने कहा कि पुलिस लाइंस की भूमि का पूजन साधु-संतों की मौजूदगी में किया गया। साधु संतों और ईश्वर से मेले को सकुलशल संपन्न कराने का आशीर्वाद मांगा गया। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 3 पुलिस लाइन बनेगी। बैरक, अर्दली रूम, आदेश कक्ष, परेड, प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। महाकुंभ का एरिया इस बार बढ़ा है। ऐसे में थानों के क्षेत्र में भी बढ़ोत्तरी हुई है। फिलहाल 56 थाने तैयार होंगे। चौकियों की संख्या भी बढ़ी है। 155 पुलिस चौकियां तैयार होंगी।

उन्होंने कहा कि संगम स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा और सहूलियत मिले यही हमारी प्राथमिकता है। पिछले कुंभ की अपेक्षा आने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रहेगी। साथ ही पार्किंग के एरिया में भी पहले की तुलना में काफी वृद्धि होगी। स्नान घाट भी पहले से ज्यादा बनाए जाएंगे। सुविधाएं भी ज्यादा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भीड़ का आकलन करने के लिए एआई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखना प्राथमिकता है, ताकि आने वाले किसी भी श्रद्धालु को परेशानियों का सामना न करना पड़े। किसी भी आपदा से निबटने के लिए आपदा प्रबंधन टीम पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी. पुलिस, एटीएस, एसटीएफ सबके सहयोग से मेले को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

# हेमवती नंदन बहुगुणा डिग्री कालेज की दो छात्राओं को मिला पदक, हुआ सम्मान



**नैनी(प्रयागराज)।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया)विश्वविद्यालय में सम्पन्न सप्तम दीक्षांत समारोह में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय नैनी, प्रयागराज की दर्शनशास्त्र विभाग की परास्नातक की छात्रा अमृता सिंह को रजत पदक व महक पांडे को कांस्य पदक प्राप्त हुआ द्य दर्शनशास्त्र विभाग की एक बड़ी उपलब्धि यह है कि इसमे केवल मानविकी के विषय से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी ही नहीं आते अपितुअन्य संकाय जैसे विज्ञान एवं अन्य संस्थान आईटीआई से उत्तीर्ण विद्यार्थी दर्शनशास्त्र विषय में प्रवेश लेते हैं द्य इन दोनों छात्राओ ने दर्शनशास्त्र विभाग के साथ-साथ महाविद्यालय का नाम रोशन किया द्य महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन, परीक्षा प्रभारी डॉ नीतू सिंह , दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ रामकुमार सिंह, डॉ अमित कुमार मिश्र, डॉ अवधेश आर्य ,डॉ इन्दु प्रकाश सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की ओर से इनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई

# टौंस में निजी नाव मालिक कर रहे मनमानी वसूली

## आपदा को अवसर में बदलने के लिए लगी होड़, शिकायत पर तहसील प्रशासन ने दी चेतावनी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्रीय नदियों आई उफान से कुछ लोग इस आपदा में भी अवसर तलाश रहे हैं।बरसैता और अमिलिया नाले में टौंस नदी के बढ़े जल स्तर से लोगों की आवाजाही ठप होने से निजी नाव मालिक मनमाना वसूली कर रहे हैं।लोगों की शिकायत को उपजिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए दोनों जगह नाव की व्यवस्था दी है।

क्षेत्र की गंगा और टौंस नदी इस सीजन में दूसरी बार उफान पर हैं।टौंस नदी के बढ़े जलस्तर से बरसैता नाले को नाव के सहारे लोग पार करने के लिए मजबूर हैं।कमोवेश यही हालत अमिलिया नाले की हैं ,जहाँ लोग किराए की नाव से पार हो रहे हैं।नाव के मनमाने किराए की शिकायत जब उपजिलाधिकारी तक पहुंची तो उन्होंने इसे गम्भीरता से लेते हुए दोनों नालों पर एक एक सरकारी नाव लगाकर लोगों को निशुल्क यात्रा करा रहे हैं।

आपदा में अवसर की तलाश करने वाले लोगों को उपजिलाधिकारी मेजा दशरथ कुमार ने चेताया है कि मनमानी वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। टौंस नदी की बाढ़ तटीय इलाके के लोगों के लिए चिंता का सबब बनी हुई है वहीं गंगा के कछारी इलाके के लोगों की रातों की नींद हराम हो गयी है। कोहड़ार - मेजारोड संपर्क मार्ग पर बरसैता गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया के बाई पास पर करीब 5 से 6 फीट पानी भर जाने से आवागमन ठप है।अमिलिया नाले पर जल भराव से मुख्य गांव का संपर्क टूट गया है।कछारी क्षेत्र की फसलें भी इस वजह से नष्ट हो गयी हैं। यदि जल स्तर और बढ़ता है तो बड़ी तबाही से इनकार नही किया जा सकता है।

### वसूली पर होगी कार्रवाई


उपजिलाधिकारी मेजा दशरथ कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि लोगों से मनमानी किराया वसूला जा रहा है तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।उंन्होने कहा कि बरसैता और अमिलिया खुर्द में सरकारी नाव लगाई गई है जो निशुल्क सेवा देगी।

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कैथवल गांव में दस दिवसीय स्थित भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल में स्थापना एवम पूजन अर्चन को लेकर ग्राम वासियों ने सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया भंडारे में महिलाओं के लिए प्रसाद ग्रहण करने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी । इस दौरान समिति के अध्यक्ष बबलू सिंह, पुष्पराज सिंह , अंशी सिंह, पूजा सिंह, सावित्री सिंह , रोशनी, शालू कुमारी , परी, अंश कुमार , प्रिंस सिंह, राज बहादुर सिंह, लाल बहादुर, कान्हा सिंह , प्रित , हरिपाल सिंह चंदेल, राम बाबू केशरी आदि लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# हिंदी दिवस पखवाड़ा के अवसर पर शुआट्स में ऑनलाइन वार्ता आयोजित



**नैनी(प्रयागराज)।** शुआट्स के अध्यापक शिक्षा विभाग ने हिंदी दिवस पखवाड़ा के अवसर पर ऑनलाइन वार्ता आयोजित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रक्षोभ पी. डिसूजा ने किया, जिसमें तीन प्रतिष्ठित वक्ताओं ने हिंदी के महत्व पर अपने विचार साझा किए। आयोजन सचिव डॉ. निहारिका डेनिस ने हिंदी दिवस का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया।

लखनऊ की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेखिका श्रीमती अनुजीत इकबाल ने पंजाब से होने के बावजूद हिंदी सीखने की अपनी यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति हिंदी सीख सकता है और इसके प्रचार-प्रसार में योगदान दे सकता है, जैसा कि उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों के लिए लिखकर किया है।

श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंदौर की व्याख्याता श्रीमती हर्षिनी विकास जाधव ने महाराष्ट्र में पहली बार पढ़ाना शुरू करने पर मराठी सीखने की अपनी कहानी साझा की। साथ ही, उन्होंने भाषा के प्रसार में मदद करने के लिए स्थानीय छात्रों को हिंदी सिखाई।

बस्ती की प्रधानाध्यापिका श्रीमती संघमित्रा गुप्ता ने हिंदी की वैश्विक पहुंच पर प्रकाश डाला और कहा कि यह भाषा न केवल पूरे भारत में बोली जाती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में कई हिंदी शब्दों को शामिल किए जाने का भी उल्लेख किया।

इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन के प्रमुख और डीन डॉ. एस.एस. मसीह ने हिंदी के वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा के रूप में महत्व पर प्रकाश डाला, जो वास्तव में इस भाषा के लिए एक गौरवपूर्ण मान्यता है। हिंदी पर एक शायरी सुनाकर और धन्यवाद ज्ञापन देकर, उन्होंने संभवतः उस सांस्कृतिक और शैक्षिक भूमिका को रेखांकित करने का लक्ष्य रखा जो विभाग हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में बढ़ावा देने और संरक्षित करने में निभाता है। इस कार्यक्रम में यूजी, पीजी और पीएचडी कार्यक्रमों के संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया।

### मोहम्मद साहब के जन्म का मनाया जश्न, निकाला गया जुलूस

#### जश्नें-ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस में जुटे हकीकतमंद



**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** 12 उल-अव्वल के अवसर पर मोहम्मद साहब के जन्म को जश्नें - ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। सैकड़ों अकीदतमंद ने लेड़ियारी जुलूस ए - मोहम्मदी निकाला। जुलूस का स्वागत करने के लिए जगह - जगह पानी के साथ जलपान कराए गए। जहां से अकीदतमंदों में खुशियां की मिठाइयां वितरण की गई। मोहम्मद साहब की शान में नाव व मनकबत पढ़ते हुए अकीदतमंदों ने बाजार में भ्रमण किया। रवि उल -अव्वल अरवी का तीसरा महिना है। रिवायत के मुताबिक इसी महीने की 12 तारीख को मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसलिए 12 तारीख रबि उल - अव्वल की जश्न ईद मिलादुन्नबी मनाया जाता है। लेकिन रिवायत में है। कि 12 रबि उल अव्वल को ही मोहम्मद साहब का वफांत भी हुआ है। इस अवसर पर मो, समीम सिद्दीकी, कल्लू अली, जुमरात अली, दरोगा अली आदि लोग रहे।

### नवीन प्राथमिक में डॉक्टर नदारद,उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहने से झोलाछाप की चांदी

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** क्षेत्र में इन दिनों प्रत्येक गांवों में डायरिया , बुखार , टाइफाइड , मलेरिया जैसे बीमारियों से लोग पीड़ित हैं। वहीं नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की तैनाती नहीं है। विकास खंड के प्रत्येक गांव में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र न खुलने से झोलाछाप से इलाज कराने को मजबूर है । इससे मरीजों का जान का खतरा बना रहता है । सरकार की ओर से भारी लागत से कोरांव ब्लाक में करपिया, डीही खुर्द, पवांरी, बहरैचा आदि गांवों में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किया गया है । वह बदहाल है । इन उप केंद्रों पर अभी तक कोई डाक्टर नहीं बैठते हैं । डाक्टर बैठने लगे तो ग्रामीणों को इलाज कराने में सुविधा होगी । कई बार शिकायत के बाद भी आज तक डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने से झोलाछाप सक्रिय हैं । इनके इलाज से ग्रामीणों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है । न्याय पंचायत शिकरो , डीही खुर्द, पवांरी के अंतर्गत कई गांव आते हैं । अगर उप स्वास्थ्य केन्द्र चालू हो जाए तो काफी गांव वालों को इलाज कराने के लिए झोलाछाप के पास न जाना पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ियारी से पन्द्रह किलोमीटर दूर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरांव गांव वालों से दूर पड़ता है । शिकरो से सीएचसी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने के लिए लगभग नौ किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है । इस उप स्वास्थ्य केंद्र से आसपास के गांव करपिया, रतेवरा, बड़ोखरा, डिघिहा , विरहा , सहित दर्जनों ग्राम सभाओं को इसका लाभ मिलेगा । वहीं महिलाओं को डिलवरी, टीकाकरण समेत अन्य बीमारियों का उपचार हो जाएगा । गांव के सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश कुमार, साजन, शशि तिवारी करपिया , श्याम नारायण बिंद , सुनील कुमार कुशवाहा , साधन सहकारी समिति लेड़ियारी अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह आदि लोगों ने डाक्टरों की नियुक्ति करने की मांग उठाई है ।

### बारहवफात का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**कोरांव(प्रयागराज)।** पूरे दुनियां में मनाया जाने वाला जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार क्षेत्र में खुशी के साथ मनाया गया।कोरांव में भी नगर पंचायत सहित ग्रामीण इलाकों में भी पर्व मनाया गया।

जुलूस की शक्ल में नारे तकबीर अल्लाहु अकबार नारे रिसापत या रसूल्लुला के नारे लगे।

हर जगह फातेहा दर्द लंगर के आयोजन हुए।नगर कोरांव में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकले दोपहर जुलूस में नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी, पूर्व चेयरमैन गोपाल जी,पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र सोनी,सभासद मोहम्मद यूसुफ सहित हुसैनी ब्राह्मण राजू चौबे,शहादत अली,महताब खान, सफ़ात अली,राजेश पांडे,सहित तमाम आम नागरिक गणमान्य हिंदू मुस्लिम वर्ग के लोग शामिल रहें। शांति व्यवस्था हेतु थाना प्रभारी कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ल,अतिरिक्त इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह,सहित तमाम पुलिस बल महिला पुरुष कार्यक्रम को अंजाम दिलाए।

### धूमधाम से निकला जश्न ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा क्षेत्र में बड़े धूमधाम से ज़श्न ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर जाम्हा, तेजपुर, सराय ख्वाजा, बांका जलालपुर, छीतेमऊ, मरखामऊ गांव में जुलूस निकला तथा मोहम्मदपुर सराय अली से होते हुए मोहम्मदपुर सराय अली में भव्य ढंग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अब्दुल अब्बास, कयामउद्दीन, चमन, असलम, महताब, सुल्तान, रहमान, नासिर,असद आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर लंगर भी आयोजित किया गया। त्योहार पर क्षेत्र की मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।अकीदतमंदों ने नात पढ़ी। इसी प्रकार ईद मिलाद-उन-नबी यानी बारावफात का जुलूस घीनपुर से निकलकर तिलई बाजार, मोहनपुर होते हुये पुनः तिलई बाजार में समाप्त हुआ।

जुलूस में अचकवापुर, घीनपुर, मुआर आधारगंज समेत अगल बगल के गांव से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। जैनउद्दीन सिद्दीकी, समसुद्दीन, वकील अहमद, शहजाद, जमालुद्दीन, मुख्तार अहमद, सैफ, मंसूर,आदि लोग मौजूद थे।बता दें कि नगर पंचायत मऊआइमा में ईद मिलाद-उन-नबी पर किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकलता है।

संक्षिप्त खबरें

## बस की टक्कर से अधिवक्ता के भाई की मौत, कोहराम



**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेजगति से आ रही अनुबंधित रोडवेज बस की टक्कर से अधिवक्ता के भाई की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। पडोसी जिले रायबरेली के कान्हपुर करहिया निवासी अनिल शुक्ल उर्फ आदित्य रविवार की देर रात अपने अधिवक्ता भाई आशुतोष शुक्ल से मिलकर लालगंज से घर जा रहे थे। लालगंज के लखनऊ वाराणसी नेशनल हाइवे के रायपुर चौराहे पर वह सड़क किनारे खड़े होकर किसी से बात कर रहे थे। इस बीच तेज गति से आ रही अनुबंधित रोडवेज यात्री सेवा ने अनिल उर्फ आदित्य को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में अनिल तथा उनका ममेरा भाई वरूण गंभीर रूप से धायल हो गये। इलाज के लिए दोनों घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। यहां अनिल की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रात करीब साढ़े ग्यारह बजे एम्स में अनिल उर्फ आदित्य की सांसे थम गयीं। इधर दूसरे घायल वरूण के पैर में कई जगह फैक्चर होने के कारण उसे प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। दुर्घटना में अधिवक्ता के भाई की मौत की जानकारी मिलने पर तहसील में साथियों में शोक छा गया। बडी संख्या में अधिवक्ता रायबरेली एम्स भी पहुंच गये। सोमवार को मृतक अनिल का पीएम के बाद शव देख परिजन चीत्कार करने लगे।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के खजुरी निवासी कमलाकान्त के पुत्र रामलखन तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौदह सितंबर को तीन बजे वह बगल के देवापुर गांव में अपनी खेती देखने गया था। वहां पहले से घात लगाए बलीपुर कटरा निवासी बड़े लाल वर्मा तथा एक अज्ञात ने लोहे की राड से उस पर हमला कर दिया। पीडित गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते भाग निकले। आरोपियो ने पुलिस मे शिकायत करने पर पीडित को जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति




**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा में सोमवार 16 सितंबर को खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से एजुकेटर की संभावित नियुक्ति के विरोध में 19 व 20 सितंबर को लखनऊ में प्रांतीय धरना प्रदर्शन की रणनीति तैयार की गई। जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने 18 सितंबर को सभी लोगो से प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर शाम 5 बजे तक पहुंचने की अपील की। महामंत्री सरला पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और धरना प्रदर्शन में चलने के लिए उत्साहित किया। बैठक में प्रमुख रूप से सुषमा कुरील, कुसुम गुप्ता, मनीषा सिंह, कंचन यादव, रीना सिंह, पुष्पा सिंह, रेखा, संगीता, कुसुम शुक्ला, मीना मौर्या, निर्मला देवी, उषा, शिव कुमारी, आशा पाण्डेय, विद्या, सरिता, सीता यादव आदि आंगनबाड़ी कर्मचारी उपस्थित रहीं।

## जूबाए पुरातन का चुनाव कार्यक्रम घोषित , अक्टूबर मे होगा मतदान

**प्रतापगढ।** जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) कार्यालय पर एल्डर कमेटी के सदस्य जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) के कार्यकारिणी वर्ष 24-25 के चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) के कार्यकारिणी वर्ष 23-24 के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात 24-25 का चुनाव होना है। बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव कार्यक्रम के तिथियों की घोषणा की गई । जिसमे मतदाता सूची का प्रकाशन 30.सितम्बर को, नामांकन की तिथि 4 व 05.अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच 06 अक्टूबर को नामांकन पत्रो की वापसी 7 अक्टूबर को तथा 23 अक्टूबर को मतदान की तिथि निर्धारित की गई। बैठक में एल्डर कमेटी के सदस्य मोहम्मद रफीक खान, श्रीनाथ गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद सिंह दाढ़ी व जूनियर बार पुरातन के पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित रहे ।

## बकरी बचाने के चक्कर में ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**रानीगंज प्रतापगढ़** –स्थानीय थान क्षेत्र के वीठलपुर गांव निवासी किशोरी सरोज उम्र 55 वर्ष पुत्र गजाधर आज बकरी चरा रहा था। उसी समय लखनऊ से चलकर बनारस को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पीछे से आ गई, जिससे उसकी चपेट में आने से उसके पर खच्चे उड़ गए। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जीआरपी को सूचना दिया। घटना की जानकारी मिलने पर गांव के लोगो ने पहुंच कर मृतक की पहचान की। मृतक की पत्नी जनक बेटी राधा व साधना को मौत की जानकारी मिली तो कोहराम मच गया। इसी तरह वीठलपुर गांव निवासी जयकरण पाल की भैंस काशी विश्वनाथ की चपेट में आकर कट गई। घटना होने के बाद चालक ने मेमो बनाकर स्टेशन को दिया। उसके बाद ही ट्रेन आगे के लिए रवाना हो सकी।

## 3 गैगस्टरों को पुलिस ने भेजा जेल

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में गैंगस्टर एक्ट के 03 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाहीध् अभियान के तहत जनपदवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में गैंगस्टर की गिरफ्तारी हेतु थाना कुण्डा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी चेकिंग व अभियुक्तों के संभावित स्थानों पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जानकारी कर दबिश दी रही थी।इसी क्रम में आज दिनांक 16.09.2024 को प्र0नि0 सत्येन्द्र सिंह मय हमराह निरीक्षक संजय कुमार सिंह, का0 जाहर सिंह, का0 विवेक मिश्रा, का0 प्रेमवीर सिंह, का0 अजीत कुमार, का0 सुशील पटेल, हे0का0चालक सुभाष यादव थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा देखभाल क्षेत्र, पेण्डिंग विवेचना, तलाश वांछित व वारण्टी, चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्रान्तर्गत भदरी चौराहे के पास से गैंगस्टर 1.सोनू पटेल उर्फ सोनेलाल पटेल पुत्र कंधईलाल निवासी सुल्तानपुर जयसिंह थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज, 2.किशन सोनी पुत्र मुन्नालाल सोनी निवासी पीथीपुर कौड़िहार बाजार थाना नबाबगंज जनपद प्रयागराज, 3.शुभम धुरिया उर्फ गोलू पुत्र लालचंद्र निवासी उठगी कौड़िहार थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया ।

# पं. भगवानदीन दुबे ने शिक्षा तथा चिकित्सा एवं निर्माण के क्षेत्र में आजादी की जागृति की रखी मजबूत नींव-ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा

- **लददाख के उप राज्यपाल ने मेधावियों से लक्ष्य के प्रति मेहनत व लगन की संकल्पबद्धता का किया आहवान**
- **पहाड़पुर में संस्थापक दिवस समारोह में शिक्षकों व समाजविदों तथा मेधावियों को उप राज्यपाल के हाथों मिला सम्मान**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पहाडपुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज में सोमवार को संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पं. भगवानदीन दुबे की जयन्ती भव्य समारोह के बीच मनायी गयी। संस्थापक दिवस समारोह का शुभारंभ लददाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा व डीएम संजीव रंजन ने स्व. भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। संस्थापक दिवस समारोह के उपलक्ष्य में उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा द्वारा विद्यालय में नवनिर्मित भूगोल प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं समाजविदो का सारस्वत सम्मान भी किया गया। वहीं कार्यक्रम में उप राज्यपाल की धर्मपत्नी नीलम मिश्रा ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल तथा पुरस्कार से सम्मानित किया। वही उप राज्यपाल द्वारा पं. भगवानदीन दुबे के कृतित्व व व्यक्तित्व पर आधारित शिक्षक ज्ञानप्रकाश उपाध्याय के प्रधान संपादन में पुस्तक का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सरस्वती वंदना व स्वागत गान की प्रस्तुतियां दी गयी। लोक कलाकार अमर बेदर्दी ने जयन्ती के उपलक्ष्य में सोहर तथा स्वागत गान की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि लददाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा ने कहा कि उन्नीस सौ बयालिस में स्व. पं. भगवानदीन दुबे द्वारा ग्रामीण अंचल में शिक्षण संस्थान तथा अस्पताल व डाकघर का निर्माण कराकर आजादी की प्रेरणा को जागृति प्रदान की गयी। उन्होने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन मे सफलता के लिए अपने सुनिश्चित ध्येय में लगन तथा संकल्पबद्धता व मेहनत का समावेश होना चाहिए। उप राज्यपाल ने अपने संबोधन में देश की बढ़ रही वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व का भी बखान किया। उन्होनें कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी का चिंतन सशक्त भारत के निर्माण का आधार है। उन्होने अपने भाषण में कहा कि लददाख में अमन व चैन के साथ अब निर्माण एवं विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। लददाख के एलजी ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा ने भारतीय सेना द्वारा लड़े गये सभी युद्धों में शौर्य का बखान करते हुए कहा कि सशक्त सेना देश की सीमाओं की हिफाजत करने में पूरी तरह सक्षम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिले के डीएम संजीव रंजन ने कहा कि स्व. भगवानदीन दुबे स्वप्नदृष्टा थे। उन्होने कहा कि सामाजिक तथा शैक्षिक विकास के परिवेश मे ऐसे महामना का योगदान पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्पद हुआ करता है। उन्होने विद्यालय की प्रगति के साथ इसे डिग्री कालेज के रूप में उच्चीकृत कराए जाने में सशक्त प्रयास का भी लोगो को भरोसा दिलाया। समारोह को पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, राजा अनिल प्रताप सिंह, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अरूण सिंह ने भी संबोधित करते हुए स्व. भगवानदीन दुबे के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा, एसडीएम सदर उदयभान सिंह, सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह में उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा द्वारा रिटायर्ड शिक्षक विश्राम मिश्र व प्रेमचन्द्र तिवारी तथा अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही पहाडपुर के प्रधान प्रतिनिधि देवव्रत शुक्ला द्वारा उप राज्यपाल को ग्रामीणों की ओर से सारस्वत सम्मान से नवाजा गया। प्रबन्धक नवीन दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वर्गीय भगवानदीन दुबे के दिखलाये रास्ते पर विद्यालय के चतुर्दिक विकास का संकल्प जताया। प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सह संयोजक नरेन्द्र तिवारी ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर माता प्रसाद शुक्ल, राममूर्ति तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, भानु प्रताप पाण्डेय, डा. पुरूषोत्तम शुक्ल, राजकिशोर शुक्ल, रामअवध त्रिपाठी, विद्युत मिश्र, श्याम नारायण शुक्ल आदि रहे।

## ससुरालीजनों व स्वजनों से गर्मजोशी से मिले उप राज्यपाल, दिया गया गॉड आफ आनर



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लददाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा को पहाडपुर पहुंचने पर गॉड आफ आनर दिया गया। पहाडपुर में विद्यालय के प्रबन्धक नवीन दुबे के आवास पर पहुंचे उप राज्यपाल का बडी संख्या में लोगों ने बुकें भेंट कर सम्मान किया। उप राज्यपाल ने करीब बीस मिनट अपनी ससुराल में रिश्तेदारों व स्वजनों से मुलाकात भी की। लददाख के उप राज्यपाल बीडी मिश्रा को लेकर सोमवार को पहाड़पुर के लोगों में भी खासा उत्साह झलका। वही उप राज्यपाल के दौरे को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था भी कडी दिखी। उप राज्यपाल के आगमन के पूर्व एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ रामसूरत सोनकर तथा सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी एवं उदयपुर एसओ राधेबाबू भारी फोर्स के साथ कार्यक्रम स्थल पर शांति एवं व्यवस्था के साथ सुरक्षा प्रबन्धों के रिर्हसल में मशक्कत करते दिखे। उप राज्यपाल के पहाडपुर पहुंचने के आधे घंटे पूर्व एएसपी पश्चिमी संजय राय भी पहुंच गये। एएसपी ने उप राज्यपाल की ससुराल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा प्रबन्धों का बारीकी से जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर बने मंच पर भी सुरक्षा घेरा सख्त नजर आया। माल्यार्पण तथा सम्मान की सूची में शामिल विशिष्टजन ही मंच पर पहुंच सके। वही उप राज्यपाल के स्वागत मे भाषणों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग से मंच बनाया गया था। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अपने संबोधन में पहाडपुर इण्टर कालेज को डिग्री कालेज का स्वरूप देने की उप राज्यपाल से मांग उठाई। डिग्री कालेज की मांग को लेकर पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ तथा राजा अनिल प्रताप सिंह के भी भाषण में प्रमुखता दिखी। वही इस मांग पर अभिवावकों व छात्र छात्राओं की करतल ध्वनियां भी बार बार कार्यक्रम स्थल पर गूंजती दिखीं।

## प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के रूप में सम्मानित हुए डीएम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संस्थापक दिवस समारोह में जिले के डीएम संजीव रंजन का कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के रूप में गर्मजोशी से स्वागत हुआ दिखा। स्वयं उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा की धर्मपत्नी नीलम मिश्रा ने विद्यालय परिवार की ओर से प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के रूप में डीएम संजीव रंजन को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं डीएम भी उप राज्यपाल के द्वारा आत्मीय सानिध्य पाकर गदगद दिखे। डीएम संजीव रंजन ने अपने भाषण में उप राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि एलजी के बगल मंच पर बैठना उनके लिए गौरवपूर्ण क्षण की अनुभूति है।

## बाइक चोरी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बैंक के सामने से बाइक चोरी को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के मिश्राइनपुर निवासी बालकृष्ण गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती अटठाईस अप्रैल को वह लालगंज बाजार के बैंक आफ बडौदा शाखा आया था। बैंक से निकला तो उसकी बाइक नदारद दिखी। पुलिस ने मामले मे अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

## चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना मे मौत को लेकर आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे चोप सिंह निवासी जियालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि चौदह सितंबर को सुबह छः बजे उसके पिता कलकू सरोज अपनी साइकिल से खेत जा रहे थे। एक धर्मकांटे के पास पहुंचने पर पीछे से बाइक सवार लालगंज के लखरईयां रामऔतार के पुत्र दिनेश प्रजापति ने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए पिता को टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गयी।

# देश की तरक्की और खुशहाली में सभी का है मजबूत योगदान-मोना

- **कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने उर्से अतीकी में की चादरपोशी, सशक्तीकरण पर महिलाओं का बढ़ाया हौंसला**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सोमवार को नगर पंचायत के खानापटटी में उर्से अतीकी पर चादरपोशी की। वहीं उन्होनें लालगंज ब्लाक के सराय जानमती तथा उधरनपुर में सशक्तीकरण कार्यक्रम में महिलाओं की हौसला आफजाई की। विधायक ने एक दिवसीय दौरे में लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। वह कार्यकर्ताओं से भी मिलकर क्षेत्रीय विकास की प्रगति से रूबरू हुई। खानापटटी स्थित दारूल उलूम बाबनुनवी में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अतीके उर्स पर हजरत अतीक साहब की मजार पर स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से चादरपोशी व गुलपोशी की। यहां जलसे में विधायक मोना ने कहा कि मुल्क की तरक्की में सभी का मिलजुलकर योगदान है। उन्होनें कहा कि देश की मजबूती के लिए हमें सदैव गंगा जमुनी तहजीव को ताकतवर बनाये रखना होगा। जलसे के संयोजक हजरत रहमानी मियां ने कमेटी की ओर से विधायक आराधना मिश्रा मोना को शाल भेंट कर तरक्की व खुशिहाली के लिए दुवाएं दी। इसके पहले विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र के उधरनपुर में डा0 अलका तिवारी नारी शक्ति केन्द्र पर आयोजित सशक्तीकरण कार्यक्रम में महिलाओं की हौसला आफजाई की। सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा संचालित नारी शक्ति केन्द्र पर उन्होनें सिलाई एवं कढ़ाई सीख रही महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं ने विधायक मोना को शक्ति केन्द्र के द्वारा मिल रहे स्वरोजगार की उपलब्धियां गिनायी। यहां जय गुरूदेव स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गीता ने विधायक को केन्द्र की प्रगति से अवगत कराया। उधरनपुर में शक्ति केन्द्र पर विधायक मोना ने महिलाओं से संवाद किया। उन्होनें कहा कि महिलाओं की जागरूक भूमिका से आज हर पटल पर सफलता मिल रही है।

उन्होनें कहा कि महिलाओं को स्वाभिमान तथा सम्मान एवं विकास के अवसर की समानता का रामपुर खास में सदैव मजबूत माहौल इसी तरह मिलता रहेगा। यहां मां शीतला स्वयं समूह की अध्यक्ष विनीता ने विधायक को समूह की महिलाओं के अनुभव साझा कराया। लालगंज कैम्प कार्यालय पर विधायक मोना ने कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। समस्याओं के समाधान कराये जाने का लोगों को भरोसा दिलाया। वह क्षेत्र भ्रमण में कार्यकर्ताओं से भी मिली और क्षेत्रीय विकास में सहयोग मांगा। राजातारा छोटी काशी में संस्कृत विद्वान पं. हरिहरपाल त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। हिरऊ का पुरवा बेलहा में हाल ही में सड़क दुर्घटना में मृतक पिता पुत्र कन्हैया लाल यादव तथा आशीष यादव के निधन पर परिजनों को ढ़ाढंस बंधाया। अझारा गांव पहुंचकर विधायक मोना ने कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव छोटे लाल सरोज के दुर्घटना में घायल होने पर उनका कुशलछेम लिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, भुवनेश्वर शुक्ल, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, राकेश चतुर्वेदी, अतुल शुक्ल, त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, विनय पाण्डेय, मुरलीधर तिवारी, आशीष तिवारी, बबलू तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, रामबोध शुक्ल आदि रहे।

## मोना को लेकर शक्ति केन्द्र पर महिलाओं में दिखा उत्साह



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना को लेकर डा. अलका तिवारी नारी शक्ति केन्द्रों पर महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। बडी संख्या में जागरूक महिलाओं मे विधायक मोना के इस प्रयास को लेकर प्रसन्नता झलक रही थी। वही समूह की महिलाओं ने विधायक आराधना मिश्रा का माल्यार्पण कर केन्द्रों पर गर्मजोशी से स्वागत भी किया। सरयू समाज कल्याण संस्थान के द्वारा चिकित्सा विशेषज्ञ रही डा. अलका तिवारी की स्मृति में नारी शक्ति केन्द्रों के संचालन की प्रगति देख विधायक मोना भी गदगद दिखी। वहीं एक दिवसीय दौरे में रामपुर खास पहुंची विधायक आराधना मिश्रा को लेकर कांग्रेसियों में भी जोश दिखा। जिले की अगई सीमा से लेकर कई जगह विधायक मोना का जोरदार स्वागत हुआ दिखा।

## वरावफात के जुलूस में लहराया तिरंगा,



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।**नगर पंचायत इलाके मे ईद उल मिलादुन्नबी पर को बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहू अलहे वसल्लम मे सोमवार को नौजवानों के हाथ में तिरंगा भी लहराया दिखा। तिरंगे को लेकर वतनपरस्ती की मिसाल देख लोग खुश दिखे। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकले जश्नी जुलूस मे बुजुर्ग व बच्चे भी शामिल दिखे। खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम से निकले जुलूस मे गाजे बाजे के साथ अकीदतमंदो ने वतन की खुशहाली और अमनों शांति का भी लोगों के बीच पैगाम दिया। जुलूस की अगुवाई हजरत मौलाना रहमानी मियां ने किया। जुलूस घुइसरनाथ रोड होते हुए चौक से तहसील तथा कालाकांकर रोड होते हुए संगम चौराहे से मदरसा वापस पहुंचा। इधर बाजार मे भी बरावफात का जुलूस शानोशौकत से निकला। अझारा में जामा मस्जिद के इमाम हाफिज सरवर की अगुवाई में जुलूस निकला। जुलूस को लेकर लोगों ने दूध हलवा व पुलाव तथा शरबत के भी बंदोबस्त कर रखे थे। पताकों व झंडियो तथा झंडियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी जुलूस में शामिल लोगों की हौसला आफजाई में दिखे। रास्ते भर भारी फोर्स को भी मुस्तैद देखा गया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ रामसूरत सोनकर, लालगंज कोतवाल नीरज यादव भी फोर्स के साथ सुरक्षा बंदोबस्त में मशक्कत करते दिखे। इस मौके पर दिलशाद, शेख फारूक, शफीक, मो0 जहीद, मो0 तौफीक, शाहिद अली, मो. इमरान, आदिल, मो. सेबू, कबीर अहमद, बेलाल रहमानी, इसरार, जियाउल, मो. रजा, इम्तियाज खां, मो. मोकीम, वसीम अहमद, मो. मतलूब खां, मो. खालिद, जाहिद खां आदि रहे। इधर इलाके के जलेशरगंज बाजार, रानीगंज कैथौला, सगरा सुंदरपुर, बाबूगंज, दीवानगंज, भैंसना, सेमरा, कुम्भीआइमा आदि इलाकों में भी बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकला।

## सम्पादकीय

# दशकीय जनगणना क्यों नहीं

आम तजुर्बा है कि मौजूदा सरकार को आंकड़ों की पारदर्शिता पसंद नहीं है। वरना, यह समझना मुश्किल है कि भारत में अब तक दशकीय जनगणना क्यों नहीं हुई, जबकि कोविड-19 महामारी का साया हटे लंबा अरसा गुजर चुका है।केंद्र ने जब कुछ महीने पहले सांख्यिकी स्थायी समिति बनाई, तो उसमें शामिल 14 विशेषज्ञों में से कुछ नामों को देख कर आश्चर्य हुआ था। खास कर यह देख कर हैरत हुई कि समिति की अध्यक्षता प्रणब सेन को सौंपी गई है, जिनकी छवि आंकड़ों के प्रति ईमानदारी बरतने की रही है। बताया गया कि समिति राष्ट्रीय सैंपल सर्वे तथा अन्य सरकारी सर्वेक्षणों की सैंपलिंग एवं आंकड़ा विश्लेषण को लेकर सुझाव देगी।यह जग-जाहिर है कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौर में तमाम सरकारी आंकड़ों की साख क्षीण होती चली गई है। अब खबर है कि सरकार ने गुपचुप प्रणब सेन समिति को भंग कर दिया है। समिति के सदस्यों का तो कहना है कि समिति क्यों भंग हुई, उन्हें इसका कारण तक नहीं बताया गया है। अधिकारियों को मीडिया से जरूर कहा है कि अब राष्ट्रीय सैंपल सर्वेक्षणों के बारे में स्थायी संसदीय समिति बन गई है, इसलिए दोनों समितियों का दायरा टकरा रहा था। जबकि सूत्रों के आधार पर छपी अखबारी रिपोर्टों में बताया गया है कि एक बैठक के दौरान सेन समिति के सदस्यों ने जनगणना में हो रही देर पर अधिकारियों से सख्त सवाल पूछे।मुमकिन है कि सरकार इससे खफा हो गई हो। आम तजुर्बा है कि मौजूदा सरकार को सवाल और आंकड़ों की पारदर्शिता पसंद नहीं है। वरना, यह समझना किसी के लिए मुश्किल है कि भारत में अब तक दशकीय जनगणना क्यों नहीं हुई? 2021 में इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाला गया था, हालांकि उसी वर्ष तमाम चुनाव कराए गए। बहरहाल, महामारी का साया हटे लंबा अरसा गुजर चुका है।दुनिया में कोई ऐसा प्रमुख देश नहीं है, जहां अब तक जनगणना ना हुई हो। इसलिए यह कहने का आधार बनता है कि मोदी सरकार ठोस एवं विश्वसनीय आंकड़ों के स्रोत जनगणना को जानबूझ कर टाल रही है। आंकड़े समय की सच्चाई को बताते हैं। आंकड़े ना हो, तो मनमानी कहानियां बनाई जा सकती हैं। जिस सरकार की प्राथमिकता मनपसंद आंकड़े तैयार कर विमर्श को भ्रमित करना और उसके जरिए मनगढ़ंत नैरेटिव्स को विश्वसनीय बनाना रहा हो, विशेषज्ञों से उसका गुरेज समझा जा सकता है।

> कुछ मिनट में जिंदगी नहीं बदलती, पर
> कुछ मिनट में सोच कर लिया हुआ
> फैसला पूरी जिंदगी बदल देता है
> इसलिए फैसलों को अहमियत दीजिये।

# श्री नरेन्द्र मोदी - आधुनिक भारत के युगदृष्टा

**धर्मेन्द्र सिंह लोधी**
**राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**मध्य प्रदेष शासन**
**संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग**

यद्यदाचरति श्रेष्ठसतत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरूते लोकस्तदनुवर्तते।।
**-श्रीमद्भगवदगीता**

अर्थात् महापुरूष जो आचरण करते हैं, सामान्य व्यक्ति उसी का अनुसरण करते हैं। वह अपने अनुकरणीय कार्यों से जो आदर्ष प्रस्तुत करते हैं, सम्पूर्ण विष्व उसका अनुसरण करता है। आधुनिक विष्व में ऐसे ही एक युगपुरूष भारत के यषस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी हैं, जिन्होने न केवल भारत में अपितु संपूर्ण विष्व में मानव कल्याण के उच्च आयाम स्थापित किये हैं। आधुनिक भारत में नरेन्द्र मोदी जी का जीवन चरित्र भारतीयता और राष्ट्रीयता का पर्याय माना जा सकता है। उनके चिंतन में और उनके कार्यों में राष्ट्रवाद की भावना हमेंषा सर्वोपरि रही है। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की उस महान राष्ट्रीयपरम्परा और गौरवषाली इतिहास को पुर्नजीवित किया है जो लंबी पराधीनता के कारण रसातल में चला गया था।वर्ष 1947 में प्राप्त स्वतंत्रता के पश्चात् वर्ष 2014 तक भारत के राजनीतिक क्षितिज पर छाए धुँधलके में प्रधानमंत्री के रूप में एक सूर्य का अभाव सदा ही सालता रहा। यह अभाव श्री नरेन्द्र मोदी जी के माननीय प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर ही पूरा हो सका। एक प्रधानमंत्री के रूप में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के कुशल एवं सषक्त नेतृत्व में आज भारत विकास और समृद्धि के उच्चतम षिखर को स्पर्ष कर रहा है। भारत अब दुनिया की पाँचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्ष 2014 से अब तक भारत की जीडीपी 162 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। इसी अवधि में प्रत्येक भारतीय की औसत आय दो गुनी से भी अधिक हो गई है। विदेशी मुद्रा भण्डार इस अवधि में 290 अरब डॉलर से बढकर 620 अरब डॉलर हो चुका है। विगत लगभग 10 वर्षो में देश के अधोसंरचनात्मक विकास ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी प्रोत्साहित किया है। यह सब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के भागीरथी प्रयासों से ही संभव हो सका है।हमारे देश में गरीबों के हित के लिए अक्सर भारत सरकार द्वारा नई-नई योजनाओं की शुरुआत की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना भी ऐसी ही एक लाभकारी योजना है।

इस योजना के कारण भारत की करोड़ों ग्रामीण जनता का स्वयं के घर का सपना साकार हुआ है।प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वर्ष 2015 में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना आरंभ की थी। इस योजना से पूरे जीनवकाल में शिशु लिंग अनुपात को सन्तुलित करने में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है।यह अभियान न केवल भारत बल्कि समूचे विश्व में चर्चित और प्रचारित हुआ था।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना के द्वारा आज संपूर्ण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के नये मापदण्ड स्थापित किये गये हैं। देषवासियों को 5 लाख रूपये तक का निःषुल्क उपचार कराया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से प्रधानमंत्री का यह कदम निष्चित हीं एक मील का पत्थर है। माननीय मोदी जी द्वारा आरंभ की गई जन धन योजना का विजन आगामी कई पहलों के लिए बुनियाद का काम



करेगा। मोदी जी के लिए इसका आशय है अधिकतम लक्ष्य की प्राप्ति। खर्च होने वाले प्रत्येक रुपये का अधिकतम प्रतिफल। देश के गरीबों का अधिकतम सशक्तिकरण। जनता के बीच तकनीक का अधिकतम प्रसार। आजादी के 67 साल बाद भी भारत में बड़ी संख्या में ऐसी आबादी थी जिन्हें बैंकिंग सेवाएं हासिल नहीं थीं। इसका अर्थ था कि उनके पास न तो बचत का कोई जरिया था, न ही संस्थागत कर्ज पाने का कोई अवसर। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बुनियादी मसले का समाधान करने के लिए जन धन योजना की शुरुआत कीहै और श्सुखस्य मूलम धर्मः, धर्मस्य मूलम अर्थः, अर्थस्य मूलम राज्यमश्केमूल विचार को साकार किया । वर्ष2014 के बाद से माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनैतिक दषा में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास को साथ लेकर विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़े हैं।

विगत दस वर्षो में सामाजिक सरोकार के जो कार्य हमारे देष में किये गये हैं, उनकी प्रतीक्षा देष की जनता आजादी के बाद से कर रही थी। जल जीवन मिषन के माध्यम से संपूर्ण भारत के हर घर में पेयजल उपलब्ध कराने का संकल्प माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया है और काफी हद तक यह कार्य पूर्ण भी हो चुका है। मुझे लगता है जल जीवन मिषन आजाद भारत की सबसे महत्वाकांक्षी और सामाजिक सरोकार की सर्वश्रेष्ठ योजना है, जिसको मूर्त रूप देने का विचार माननीय नरेन्द्र मोदी जी के चिंतन में ही पल्लवित हुआ है। आजादी के बाद देष के तत्कालीन जिम्मेदार नेताओं की गलतीयों के कारण जम्मू कष्मीर में धारा 370 को लागू किया गया था जिसके कारण कष्मीर भारत वर्ष की मुख्यधारा से अलग सा हो गया था और लाखों कष्मीरी पंडितों को या तो जान देकर या फिर विस्थापित होकर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कष्मीर से धारा 370 हटाकर एक अभूतपूर्व कार्य किया है, जिसके कारण कष्मीर में अब विकास और समृद्धि का नया सूर्योदय हुआ है। तीन तलाक का मामला हो, नागरिकता अधिनियम में संषोधन हो, गरीब कल्याण की बात हो या महिला सषक्तिकरण के प्रयोजन हो प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिये सामाजिक सरोकार के अनेक अभूतपूर्व कार्यो को मूर्त रूप दिया है। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने कई बड़े चुनावी वादे किए थे। उन सभी को केंद्र सरकार ने उनके नेतृत्व में पूरा किया गया है।

हिंदुओं, जैन, पारसियों, बौद्धों, ईसाइयों और पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में प्रताड़ित सिखों को भारत में स्थान देकर यहाँ का नागरिक बनने का अधिकार देने का भी वादा करने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर के निर्माण और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने की प्रतिबद्धता भी जताई थी। इन सभी बहुप्रतीक्षित कार्यो को माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा किया है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने न केवल भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा विचार को साकार किया है अपितु देष के समस्त सनातन समुदाय की आकांक्षाओं को भी पूर्ण किया है। भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास के लिये प्रधानमंत्री मोदी लगातार काम कर रहे हैं। उन्होने भारत वर्ष संस्कृति, गौरवषाली परम्पराओं और आध्यात्मिक विचारों को देष की सीमाओं से बाहर संपूर्ण विष्व में प्रसारित कर स्वामी विवेकानंद के उन विचारों को साकार किया है जो स्वामी विवेकानंद ने 1893 में षिकागो में प्रकट किये थे।

नीतिषास्त्र कहता है -तस्मात् नित्योत्यितो राजा कुर्मादर्थानुषासनम।
अर्थस्य मूलमतथनमर्थस्य विपर्ययः।।

अर्थात् राजा को चाहिये कि वह हमेषा उद्योगषील होकर, व्यवहार संबंधी तथा राज्य संबंधी कार्यो को उचित रीति से पूरा करे। इसी नीति का अनुसरण कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नित्य उद्योगषील रहकर राष्ट्र और मानव कल्याण के कार्यो में क्रियाषील रहते हैं। उन्होने आजादी के अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में भारत वर्ष में संरचनात्मक एवं प्रक्रियात्मक परिवर्तन की एक नई यात्रा आगे बढ़ी है। यह भारत के जन-जन को सषक्त बनाने और अपनी परम्परागत खोई हुई पहचान को पुर्नस्थापित करने की यात्रा है। इस यात्रा के पैरोकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनके नेतृत्व में हमारा देष समग्र प्रगति और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है।

एक राजा को राष्ट्रकी उन्नति और सुरक्षा के लिये कौन-कौन से कार्य करने चाहिये इसका बहुत हीं सुंदर उल्लेख अथर्ववेद में मिलता है -
अभीवर्तेन मणिना येनेन्द्रो अभिवावृधे।
तेनास्मान् ब्रह्मणस्पतेऽमि राष्ट्राय वर्धये।।

अर्थात् जिस समृद्धि प्रदान करने वाले मणि के द्वारा इंन्द्र की प्रगति हुई है, उसी मणि के द्वारा आप हमे राष्ट्रकल्याण करने के उद्येष्य में विस्तृत करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में भारत के पास भी एक ऐसी मणि है जो सदैव राष्ट्रकल्याण के चिंतनषील और प्रगतिषील है। प्रधानमंत्री मोदी भारत वर्ष को समग्र रूप से आत्मनिर्भर बनाने का स्वप्न देखते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप जनतंत्र की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सषक्त और आत्म निर्भर बनाना चाहते हैं। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत में अनेक कल्पनातीत विचारों ने साकार रूप लिया है। उनके विचारों, नीतियों और आदर्षो का अनुकरण केवल भारतवर्ष ही नहीं कर रहा है, बल्कि संपूर्ण विष्व उनके दर्षन और चिंतन से प्रभावी है। प्रधानमंत्री मोदी आधुनिक भारत के युगदृष्टा हैं जो भारतवर्ष को विष्व की सर्वाधिक शक्ति संपन्न सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रबनाने के पुनीत पथ पर प्रगतिषील हैं। उनकी राष्ट्र साधना एवं सामाजिक सरोकार के अनगिनत पुनीत कार्यो को देखकर हम यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि यह सब असंभव से दिखने वाले कार्य किसी सामान्य से दिखने वाले एक व्यक्तित्व ने कैसे संभव कर दिखाए हैं। यह अवश्य ही भारत भाग्य विधाता के रूप में देवात्मा हिमालय में सूक्ष्म शरीर से साधनारत असंख्य ऋषि चेतनाओं के आशीर्वाद से ही संभव हो सका है।ऐसे यषस्वी व्यक्तित्व और हमेषा राष्ट्रसाधना में लीन रहने वाले श्री नरेन्द्र मोदी जी को अपने देष के प्रधानमंत्री के रूप में पाकर हम और भारत की करोड़ों जनता स्वयं को धन्य मानती है।

## सरोकार

# हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा क्यों नहीं है ?



भावों और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम को भाषा कहते हैं। भावों एवं विचारों के अभिव्यक्ति के कई माध्यम हैं, यथा सांकेतिक, लिखित एवं बोलकर। मानव जाति सभ्यता के आरम्भ से ही स्वयं को व्यक्त करने के अनेक माध्यम तलाश करती रही है। इशारों के सहारे एक दूसरे को समझने का प्रयास अभिव्यक्ति के सर्वोच्च शिखर तक पहुँच गयी तब भाषा का विकास हुआ।भाषा के विकास में उस समाज और संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जहाँ पर ये बोली जाती है। हिन्दी के विकास में उत्तर भारतीय राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत रही है और इसी भाषा के विभिन्न काल खण्डों में अलग-अलग स्वरूपों में हुए पृथक्करण से हिन्दी का विकास हुआ है। संस्कृत भाषा से पालि, पालि से प्राकृत, प्राकृत से अपभ्रंश, अपभ्रंश से अवहट्ट, अवहट्ट से पुरानी हिन्दी और पुरानी हिन्दी से आधुनिक हिन्दी का विकास हुआ।किसी भी भाषा का बोलचाल के स्तर से ऊपर उठकर मानक रूप ग्रहण कर लेना, उसका मानकीकरण कहलाता है। मानकीकरण के तीन चरण होते हैं- प्रथम चरण में भाषा %बोली% के रूप में होती है जो सीमित क्षेत्र में आपसी बोलचाल के रूप में प्रयोग होती है। इसका भण्डार सीमित होता है तथा इसका नियमित व्याकरण नहीं होता है। द्वितीय चरण में बोली भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक या प्रशासनिक कारणों से अपना क्षेत्र विस्तार कर लेती है और उनका पत्राचार, शिक्षा, व्यापार, प्रशासन आदि में प्रयाग होने लगता है, तब वह बोली न रहकर %भाषा% की संज्ञा प्राप्त कर लेती है। तृतीय चरण मानक भाषा का चरण है, इस स्तर पर भाषा का प्रयोग विस्तृत हो जाता है। वह एक आदर्श रूप ग्रहण कर लेती है। उसकी अपनी शैक्षणिक, वाणिज्यिक, साहित्यिक, शास्त्रीय, तकनीकी एवं कानूनी शब्दावली होती है। इसी स्थिति में पहुँचकर भाषा मानक भाषा बन जाती है और इसी को शुद्ध, आधुनिक एवं उच्च स्तरीय आदि भी कहा जाता है।हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा क्यों नहीं है, इसका उत्तर जानने से पहले हमें राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा का अन्तर समझना होगा। राष्ट्रभाषा और राजभाषा में मुख्यतः दो अन्तर हैं।

पहला अन्तर इनके बोलने वालों की संख्या से है और दूसरा अन्तर इनके प्रयोग का है। राष्ट्रभाषा जहाँ जनसाधारण की भाषा होती है और लोग इससे भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े होते हैं तो वहीं राजभाषा का सीमित प्रयोग होता है। राजभाषा का प्रयोग मुख्यतः सरकारी कार्यालयों के कर्मियों द्वारा किया जाता। भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है क्योंकि यह अधिकांश भारतीयों द्वारा बोली जाती है। यह समस्त भारत में आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक सम्पर्क के माध्यम के रूप में प्रयोग के लिए सक्षम है तथा इसे सारे देश के लिए सीखना आवश्यक है।हालाँकि आजादी के बाद इसे लेकर अनेक तरह के विवाद हुए और अन्ततः अंग्रेजी के साथ इसे राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। आरम्भ में यह प्रावधान 15 वर्षों के लिए था और साथ ही संसद को शक्ति दी गयी थी कि वो अंग्रेजी के प्रयोग को बढ़ा सकती है। वर्ष 1965 में हिन्दी को एकमात्र राजभाषा बनाये जाने के समय के पूर्व ही हिन्दी भाषी राज्यों का विरोध अत्यन्त तीव्र हो गया और अन्ततः तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अहिन्दी भाषी राज्यों को ये आश्वासन देना पड़ा कि आपकी सहमति के बिना हिन्दी को एकमात्र राजभाषा वही बनाया जायेगा। इसी सन्दर्भ में वर्ष 1963 में राजभाषा अधिनियम पारित किया गया। वर्ष 1967 में इसे संशोधित किया गया। इसमें किये गये प्रावधानों से अहिन्दी भाषी राज्यों की तो चिन्ता खत्म हो गयी अगर हिन्दी को राष्ट्रीय एकता का प्रमुख तत्व मानने वालों की चिंताएँ बढ़ गयीं। सरकार ने इन चिन्ताओं के समाधान हेतु त्रिभाषा फार्मूला दिया।इसी क्रम में 1976 में राजभाषा अधिनियम लाया गया और इसके अन्तर्गत राजभाषा विभाग की स्थापना की गयी। यह विभाग ही हिन्दी के प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित विभिन्न समारोहों जैसे हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा और हिन्दी सप्ताह का आयोजन करता है। इसी के तत्वावधान में 10 जनवरी को विश्व दिवस भी मनाया जाता है ।राजभाषा हिन्दी से सम्बन्धित प्रावधान संविधान में भाग 5, भाग 6, भाग 17 में समाविष्ट है। अनुच्छेद 120 में प्रावधान है कि संसदीय कामकाज का भाषा हिन्दी व अंग्रेजी होगी। भाग 6 मे अनुच्छेद 210 में राज्य विधान मण्डल के लिए भी ऐसे प्रावधान हैं।हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा है जो 60 करोड़ लोगों के द्वारा बोली जाती है और सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा अंग्रेजी है जो 150 करोड़ लोगों द्वारा बोली जाती है। हिन्दी भारत के अलावा फिजी की भी राजभाषा है। विश्व के कई देश जैसे मॉरीशस, सूरीनाम, त्रितिनाद, गुयाना आदि की क्षेत्रीय भाषा हिन्दी है। विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना मॉरीशस में किया गया है। हालाँकि संयुक्त राष्ट्र की अधिकारिक भाषा का दर्जा अभी भी हिन्दी को नहीं मिल सका है।हिन्दी भाषा की एक भाषा के स्तर पर अभी भी अनेक चुनौतियाँ है । इसमें सबसे बड़ी चुनौती तो इसे %राष्ट्रभाषा की स्वीकार्यता का न मिलना है तथा हिन्दी सम्पूर्ण भारत की संवाद की भाषा नहीं हो पायी है। इसके अलावा एक उच्च शिक्षित अभिजात्य वर्ग ऐसा भी है जो हिन्दी बोलने में शर्म महसूस करता है। हिन्दी भाषा के सामने एक प्रमुख चुनौती यह है कि अब तक यह रोजगार की भाषा नहीं बन पायी। अभी भी भारत में उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा का माध्यम अधिकांशतः अंग्रेजी ही है। हिन्दी भाषा को जनसामान्य की भाषा बनाने तथा वर्तमान स्थिति में सुधार के लिए लोगों की मानसिकता में परिवर्तन करना होगा जिसके लिए स्कूल, कॉलेज आदि जगहों पर सेमिनार, कार्यशाला, समारोह आदि का आयोजन करना पड़ेगा ताकि लोग हिन्दी को अन्तःमन से स्वीकार कर सकें।

**ओम प्रभा**
**(शोध छात्रा)**
**आधुनिक एवं मध्यकालीन इतिहास विभाग**
**ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय,**
**प्रयागराज**

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### तू खाकी वर्दी वाला

रास्ता तेरा निहारूं, और करती हूं तेरा इन्तजार प्रिये।
तू खाकी वर्दी वाला, मुझे हो गया तुमसे प्यार प्रिये।।
अब तो हरपल, तेरे आने की आस रहती है।
मेरे प्यासी निगाहों को, तेरी तलाश रहती है।।
तू भले ही कुछ नहीं कहता, तेरी निगाहें बहुत कुछ कहती हैं।
मेरे दिल में तेरे लिए, प्रेम की नदियां बहती हैं।।
मैं बारिश की बूंद सी, कर लो मुझे स्वीकार प्रिये।
तू खाकी वर्दी वाला, मुझे हो गया तुमसे प्यार प्रिये।।
तेरी मुस्कुराहट मेरे अंदर, एक अनोखी ऊर्जा भर लाती है।
तेरे याद में जागती रहती हूं, नींद मुझे ना आती है।
दुआ है की तेरे वर्दी की स्टार और गरिमा बढें।
दो चार गोल्ड मैडल, तेरे भी नाम चढ़े
तू बन गया विजेता, मैं दिल गई हूं हार प्रिये।
तू खाकी वर्दी वाला, मुझे हो गया तुमसे प्यार प्रिये।।
तू मुझको महान दिखे, तुझमें मुझे जहान दिखें।
तेरा मेरा मिलन, लगता है भगवान लिखें।
तुम मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनो, तो मैं सीता बन जाऊंगी।
खोल डालूंगी मन की गाठें, तुझसे ना शरमाऊंगी
तेरा यूं शर्माना और तेरी खामोश जुबां, कर गई चमत्कार प्रिये।
तू खाकी वर्दी वाला, मुझे हो गया तुमसे प्यार प्रिये।।



**खुशबू कुमारी दुबे**
**दिल्ली**

### गणपति बप्पा की बिदाई

गणपति बप्पा मोरिया,
अगले वर्ष तू जल्दी आ ........
गणपति जी का साथ रहा,
आज विसर्जन की घड़ी आई
नम आंखों से तेरी हम सभी,
प्रभु जी कर रहें आज विदाई ।।
देवलोक लौट कर प्रभु जी मेरे,
भक्तों से प्रेम स्नेह भूल न जाना!
बनाए रखना सदा कृपा अपनी
छोड़ जाना प्रभु अपनी परछाई।।
भूल चूक सब क्षमा कर जाना,
मन में तुम्हारी प्रतिमा हैं समाई
भक्ति कर सबने तुम्हारी ही बप्पा
श्री गणेश शरण आपकी ही पाई।।
शिव पार्वती पुत्र श्री गणेश जी
विसर्जन की प्रथा बनाकर ही
ये जीवन आना जाना है बस
तुमने यह बात सबको समझाई।।
हे प्रभु विघ्न विनाशक हो मंगलदाई
करके आराधना लगा बड़ा सुखदाई,
विनती हैं देव गणपति दुखो की हो विदाई
जल्दी आना अगले बरस, तुमसे आस लगाई।।



**प्रतिभा दुबे ( स्वतंत्र लेखिका)**
**ग्वालियर, मध्य प्रदेश**

### शुभकामनाएँ

भारत माँ के बेटे प्यारे।
जन-जन की आंखों के तारे।
घड़ी सुहानी देखो आई,
जन्मदिवस की बजे बधाई।
छप्पन इंची सीना पाया,
दूर देश से आतंक भगाया।
ऐसा कोई ना देखा हमने,
ऐसा कोई नहीं मिल पाया।
रहे सलामत हिंद पुत्र ये,
कालजयी यश जिसने पाया।
है विदेश में डंका बाजा,
हर हर मोदी गूंजा नारा।
मोदी है तो मुमकिन है कर दिखाया।



भारत माँ का मान बढ़ाया।
छल कपट जिसे नहिं छू पाया,
अवतरण दिवस उनका है आया।
बधाईयों का लगा है ताँता,
हर चेहरा दिखता मुस्काता।
अद्भुत तेज चेहरे पर पाया,
योगी पुरुष सी जिसकी काया।
प्रधान सेवक बनकर आये,
हर भारतवासी का मन गाये।
अवतरण दिवस की देते बधाई
खुशियों की घड़ियाँ मुस्काई।

**रश्मि शुक्ल किरण**
**रीवा (म.प्र)**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। अध्ययन और अध्यापन से जुड़े लोगों का दिन आज शानदार रहने वाला हैं। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, तो आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर मिल सकता है। सिविल सेवा करने वाले जातक आज कुछ नया करेंगे। |
| वृष | आज आपके लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ आपकी इनकम में इन्क्रीमेंट होने के योग हैं। आपका पारिवारिक जीवन अत्यंत सुखद रहने वाला है। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए तत्पर रहेंगे। आपके वैवाहिक जीवन में सुंदर तालमेल रहेगा। आज आप आनंद पूर्वक दिन बिताएंगे। |
| मिथुन | आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और सकारात्मक व्यवहार के जरिए कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलेंगे। |
| कर्क | आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ेगी। आज आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे। जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा। व्यापार में आपको काफी अच्छे फायदे |
| सिंह | आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपकी वेतन भी बढ़ सकती है। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे। आपके कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। |
| कन्या | आज आपका दिन खास रहने वाला है। किसी पुरानी जमीन जायदाद से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में कोई अच्छी नौकरी मिलेगी। आप और आपका परिवार बहुत खुश होगा। आपकी आमदनी अच्छी रहेगी। आप अपने परिवार वालों को किसी बड़े रेस्टोरेंट में ट्रीट देंगे। लवमेट के लिए बेहतरीन समय है। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। |
| तुला | आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते को और मजबूत बनने के लिए जीवनसाथी को उपहार देंगे। इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें, तभी जीवनसाथी की बातों को समझ पाएंगे। |
| धनु | आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिज़ल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको नये सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। |
| मकर | आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होंगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रापर्टी डीलर का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे। मास्टर डिग्री ले रहे हैं तो आपको कैंपस सलेक्शन में अच्छी नौकरी मिल सकती हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। |
| मीन | आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा। जिससे आपका फ्यूचर सिक्योर होगा। आपकी मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके काम करने के तरीकों में बदलाव आएगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। |

# भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना को लेकर भूमिपूजन आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ–** जनपद में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण के लिए काफी दिनों से प्रयास किया जा रहा था। इसके लिए भगवान परशुराम भक्तो के साथ ही राष्ट्रीय परशुराम संगठन के पदाधिकारी प्रयासरत रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला एवम प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के अथक प्रयास से घूरीपुर ग्राम सभा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप तिवारी के सहयोग से सोमवार को भगवान परशुराम मंदिर निर्माण के लिए घूरीपुर गांव में विधिवत मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन किया गया। प्रधान प्रतिनिधि दिलीप तिवारी एवम समाजसेवी आशुतोष त्रिपाठी ने भूमिपूजन कर फावड़े से मिट्टी खोदकर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया।

भगवान परशुराम जी श्री हरि विष्णु के छठे अवतार के रूप में भव्य दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। जिससे सनातन धर्म में आस्था रखने वाले भक्तों पर असीम कृपा प्राप्त होगी। गांव की रहने वाली कुसुम तिवारी ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि भगवान परशुराम जी में हम सभी की गहरी आस्था है। मंदिर बन जाने से हम लोग सुबह शाम पूजा पाठ कर मानव कल्याण की कामना करेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे ।संगठन के मंडल अध्यक्ष समाजसेवी संजय शुक्ल ने कहा कि भगवान परशुराम जी हम सभी के आराध्य हैं। अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। क्षेत्र में भगवान परशुराम मंदिर बन जाने से भक्त यहां पर पूजा पाठ भंडारा आदि का कार्यक्रम कर धार्मिक उत्सव मनाएंगे । मंदिर निर्माण से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार लगभग 21 फिट ऊंचा भगवान परशुराम मंदिर का भव्य निर्माण कराया जाएगा। मूल रूप से जनपद के सांगीपुर के रहने वाले मुंबई के उद्योगपति राजेंद्र तिवारी के द्वारा भगवान परशुराम में आस्था रखने वाले भक्तों की भावना का सम्मान करते हुए राजस्थान से लाई गई भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। जिले में पहला भगवान परशुराम मंदिर स्थापना के लिए लोगों में काफी आस्था एवम उत्साह है।

इसके लिए लोग बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं। जल्द ही भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ल, जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय जिला मीडिया प्रभारी आचार्य मनीष दुबे एडवोकेट विपिनचंद्र तिवारी विमल तिवारी सचिदानंद दुबे आशू एडवोकेट विनय मिश्रा प्रेमा देवी हॉस्पिटल के संचालक शैलेश मिश्र सत्यम दुबे शंकरजीत दुबे सचिन पांडेय विष्णुशंकर तिवारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के 2 वांछित अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ।** पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी देने, गर्भपात कराने के अभियोग में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुंडा अजीत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उ0नि0 रमेश सिंह, उ0नि0 गुलाब सिंह द्वारा उ0नि0 के जी पोटे मय हमराह हे0कां0 सचिन जगताप, कां0 रुपेश जाधव, कां0 प्रशांत बरवे, म0कां0 मयुरी पाटिल थाना शांतीनगर भिवंडी, जनपद ठाणे, महाराष्ट्र के साथ तलाश वांछितध् वारण्टी अभियुक्त, मुखबिर की सूचना पर थाना शांतीनगर भिवंडी जनपद ठाणे, महाराष्ट्र में वांछित 02 अभियुक्तगण मुजीब हाकिर अहमद अंसारी व आमिर साहिद हुसैन अंसारी निवासीगण ग्राम परियावां थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम परियावां से गिरफ्तार किया गया ।

# कांग्रेस पार्टी में सभी वर्गो का सम्मान सुरक्षित -डॉ. नीरज त्रिपाठी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ–** रानीगंज विधान सभा अंतर्गत विकास खंड- शिवगढ़ के ग्रामसभा हथौड़ा सराय व बाबा बेलखरनाथ धाम के उड़ैयाडीह बाजार में ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठकों की अध्यक्षयता कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमे सभी वर्गो का सम्मान सुरक्षित है उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिले तक संगठन को मजबूत किये जाने की जरूरत है। सक्रिय लोगों को संगठन में जोड़कर जिम्मेदारी देनी होगी तभी संगठन मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग कांग्रेस की विचारधारा से इत्तिफ़ाक़ रखते हों वे स्वयं आगे आकर अपनी इच्छा व्यक्त करें जिससे कि उन्हें जिम्मेदारी देकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान की जा सके। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बृजेन्द्र मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, जिला सचिव सुरेश मिश्र,शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष आशीष तिवारी बेलखरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश पांडे, विमल सिंह, अरविन्द तिवारी, नूर आलम,सागर सिंह,श्री राम वर्मा, मुर्तजा अली, संदीप कुमार वर्मा, नंदलाल बनवासी, जयंती प्रसाद चोपई, राजेंद्र प्रसाद पांडे, घनश्याम पांडे, गुरुप्रसाद तिवारी, रामेश्वर प्रसाद पांडे, रामप्रकाश मिश्रा, बड़े लाल शर्मा, रामजीवन बालमुकुंद उमरवैश्य, निजामुद्दीन, राजू सिंह हामिद अली, सलमान खान, रोहित कुमार ओझा, राधेश्याम पटेल, सतीश चंद्र पटेल, मिठाई लाल गौतम, वाजिद अली, रामकुमार पटेल, मगन पटेल, लाल बहादुर पटेल, रामचंद्र पटेल ,लव कुश पटेल, आशीष पटेल, अनिल पटेल, संतोष कुमार पाल, राज बहादुर,बृजेश विश्वकर्मा ,माणिक चंद्र पाल ,मुख्य रूप से उपस्थित रहे

# वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया विश्व ओजोन दिवस

● छात्र-छात्राओं ने ओजोन डे के उपलक्ष्य पर ओजोन परत की सुरक्षा और महत्व को दर्शाया



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ–** वी. एस. मेमोरियल पब्लिक में ओजोन परत की सुरक्षा और उसके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। क्योंकि इस दिन ओजोन परत की सुरक्षा और उसके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है।विद्यालय के नौनिहाल सच, अक्षिता, यश, समृद्धि, साक्षी, शिवम, अथर्व, संकल्प, आराध्या,यशस्वी, यशी, इच्छिता, आस्था, हर्षिता आदि ने पोस्टर-श्लोगन, गायन,भाषण और कविता के माध्यम से दर्शाया कि यह दिन हमारे पर्यावरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि ओजोन एक मात्र ऐसी गैस है जो सूर्य की हानिकारक ङ्क किरणों को अवशोषित करती है और धरती पर जीवन को सुरक्षित रखती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मिस सुनीता कनौजिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि अगर ओजोन परत कमजोर हो जाए या उसमें छेद हो जाए, तो यह किरणें सीधे धरती पर पहुंच सकती हैं, जिससे त्वचा कैंसर, आंखों की समस्याएं और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। अतः हमें इसकी सुरक्षा और संरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना पड़ेगा।अंत में विद्यालय प्रबन्धक श्रीमती अलका सिंह ने छात्र-छात्राओं को ऐसे जगरुकता-पूर्ण कार्यक्रम के लिए सराहा और कहा कि ओजोन परत बचाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश जन जागरूकता के तौर पर ऐसे ही निरन्तर प्रतिबद्धता से करना होगा। इस मौके पर विद्यालय शिक्षक उमेश गुप्ता और शिक्षिका विजया रश्मि व ज़ेबा नाज़ उपस्थित रहीं।

## 3 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**जेठवारा,प्रतापगढ।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जेठवारा के उ0नि0 अरूण कुमार मौर्य मय हमराह हे0का0 रामआश्रय यादव, हे0का0 दुर्गविजय द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान वारण्टी अभियुक्त 1- मोतीलाल मिश्र पुत्र गौरीशंकर मिश्र, 2- लालजी मिश्र पुत्र गौरी शंकर मिश्र निवासीगण ग्राम बलापुर भड़भड़ी थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान अ0सं0 35࿒22 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना लालगंज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 1- मुन्ना सरोज पुत्र स्व0 लल्लूराम निवासी ग्राम बल्दियान हण्डौर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

# ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से ओजोन और पर्यावरण को खतरा-रवि प्रकाश

● विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरण सेना द्वारा ओजोन जागरूकता कार्यक्रम में पौधरोपण कर लोगों को दिलाई गई ओजोन शपथ

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ–** पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के मार्गदर्शन में पर्यावरण सेना द्वारा आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मान्धाता में उ. प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रायबरेली के सहयोग से %मॉन्ट्रियल प्रोटोकाल= एडवांस क्लाइमेट एक्शन% थीम के अनुसार ओजोन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जलवायु संरक्षण हेतु ओजोन परत की सुरक्षा के लिए जागरुक किया गया। ओजोन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ अमरूद,नीम और कंजी के पौधों का वितरण एवं रोपण करके के हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण सेना के वरिष्ठ पर्यावरण सैनिक रवि प्रकाश मिश्र ने कहा कि धरती का सुरक्षा कवच ओजोन परत में छिद्र होने कारण धरती पर जीवन का खतरा बढ़ रहा है।जिसके कारण धरती पर पराबैगनी किरणों के पड़ने से कैंसर, मोतियाबिंद जैसे कई त्वचा रोग के रोगियों की संख्या बढ़ रही है।धरती पर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने और हरियाली बढ़ाने से ही ओजोन परत के क्षरण को रोका जा सकता है।उन्होंने कहा कि ओजोन परत की रक्षा में ही धरती पर जीवन की सुरक्षा है।विद्यालय की शिक्षिका रचना मिश्रा ने कहा कि जलवायु संरक्षण के लिए ओजोन परत की सुरक्षा जरूरी है।हम सभी को पर्यावरण की रक्षा का अपना प्राकृतिक दायित्व निभाना होगा।कार्यक्रम संयोजन कर रहे पर्यावरण सेना के पर्यावरण निरीक्षक नमन कुमार तिवारी ने कहा कि प्रकृति से जो भी हमें मिल रहा है उसकी रक्षा और संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने लोगों से एसी,फ्रिज और क्लोरोफ्लोरोकार्बन उत्सर्जित करने वाले यंत्रों का प्रयोग न करने की अपील की।इस मौके पर पर्यावरण सेना की ओर से सभी लोगों को क्लोरोफ्लोरोकार्बन सहित अन्य ग्रीन हाउस गैसों को उत्सर्जित करने वाले यंत्रों के प्रयोग न करने और जलवायु संरक्षण हेतु ओजोन शपथ दिलाई गई।इस मौके पर प्रिया देवी,प्रतिमा देवी, रंजना कुमारी,आंचल,चांदनी,महिमा,खुशी एवं शालू सहित लगभग 150 लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी, निकाले गए जुलूस



लोकमित्र ब्यूरो

**दुर्गागंज प्रतापगढ।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार सोमवार को रानीगंज क्षेत्र के मुआर आधारगंज गांव में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाईश पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गांव में जुलूस निकाल कर निकाल कर एक दूसरे को मुबारक बाद देते रहे।

यह सिलसिला दिनभर चलता रहा।अकीदतमंद हुजूम में निकले तो एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद देते रहे।मस्जिदों में रंगीन झालरों की आकर्षक सजावट की गई।देर शाम मरहूम मोहम्मद गुलाम दरवाजे पर जलसा ए तकरीर का प्रोग्राम रक्खा गया जिसमें इमाम मौलाना इरफान ने दीनी तालीम की बाते बताई। इस मौके पर अकीदतमंद सोनू सिद्दीकी,अब्दुल कय्यूम,मोहम्मद सलमान पत्रकार,जमालुद्दीन,मो0नामदार, आरिफ शाह,आबिद अली,मो0सलीम,मो0अनवर,पप्पू बाबा, तपसीर अली,समीर,इस्तेशाम अहमद,समीर,जोएब,रेहान,आशिर,फरहान,फैज,सुहेल,मो0सिफान,फैजान ,सहित तमाम उपस्थित रहे।

## अपहरण मामले में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री आनन्द कुमार राय के पर्यवेक्षण थाना प्रभारी पट्टी श्री आलोक कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 अजीत सिंह मय हमराह का0 अभिषेक यादव द्वारा तलाश वांछितध् वारण्टी,विवेचना के दौरान धारा 366, 368, 504, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त विशाल उर्फ महाजन पुत्र हरीलाल निवासी ग्राम रमईपुर नेवादा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना नोएडा सेक्टर 58 जनपद गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 क्षेत्रान्तर्गत लाइटनिंग लाजिस्टिक कंपनी नोएडा सेक्टर 58 के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारीध् साक्ष्योंध्बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भादवि0 की बढोत्तरी की गई।

# वो झूठ बोलता है बहुत नापतोल कर

● हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत काव्य संध्या और विचार गोष्ठी संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** हिंदी पखवाड़ा के समापन अवसर पर तुलसी शोध संस्थान, प्रतापगढ़ तथा संस्कार भारती, प्रतापगढ़ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक यादगार काव्य गोष्ठी और विश्व पटल पर हिंदी की गरिमा और स्थिति के विषय पर विचार गोष्ठी, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष शिशिर खरे के अष्टभुजानगर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें जनपद के मूर्धन्य कविश्रेष्ठ, साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार पांडे और विशिष्ट अतिथि एलडीएम गोपाल शेखर झा द्वारा मां सरस्वती, महाकवि तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विख्यात कवि सुनील प्रभाकर की वाणी वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। डॉ. गौरव त्रिपाठी ने हिंदी की वर्तमान दशा पर चर्चा की। जौनपुर से आए निर्मल नदीम ने प्रेम के पथ पर कौन मुझे मिला...... रचना से लोगों को आह्लादित किया। डॉ. प्रोफेसर ऊषा त्रिपाठी ने हिंदी के वर्तमान परिवेश पर चर्चा की। कवि शीतल सुजान ने पढ़ा जीवन को मजबूत बनाने के लिए ऊबड़ खाबड़ पथरीली राहों पर चल चलना सीखो, जीवन जीना है तो नदियों सा बहना सीखो। इंजीनियर चंद्रकांत त्रिपाठी शाश्वत ने गजल श्याद करना ना तुम, याद आना ना तुम, बात होठों तलक ना लाना तुम, सुना कर गोष्ठी में समां बांधा। डॉ. नागेंद्र मिश्र अनुज की रचना - बहुत सुंदर सुखद संसार हिंदी का, आइए मिलकर करें सत्कार हिंदी का। दूसरी रचना..तुम्हारे हाथ में छाले पड़े हैं, तो फिर रोटी के क्यों लाले पड़े हैं।
बड़े ही नाज से पाला था जिनको,उन्हीं बच्चों के अब पाले पड़े हैं ने माहौल को कुरेदा। डॉ. बच्चा बाबू ने सस्वर एक गीत सुना कर लोगों को अभिभूत कर दिया। सुरेश संभव ने सामाजिक विसंगतियों पर यह कहकर प्रहार किया श्नागफनी शोभा बनी, तुलसी पड़ी उदास, कार्लमार्क्स के सामने बौने कालिदास। कवियत्री अर्चना सिंह ने सस्वर कविता रचना पढ़कर वह वाही लूटी। डॉ. सुधांशु उपाध्याय ने सामयिक विषयों को अपनी कविता में पिरोया। पूनम पांडे ने भी सस्वर पाठ किया। वरिष्ठ कवि मुंशी रजा अनीश देहाती ने गंगा नदी के साथ समाज से जुड़े विभिन्न पहलुओं को अपनी कविता के माध्यम से व्यक्त किया। व्यंग्यकार डॉ. राजेंद्र राज ने सामाजिक विसंगतियों पर यह कहकर प्रहार किया कि वो झूठ बोलता है बहुत नापतोल कर, सच बोलकर भी उसे हराया ना जा सका। सुनील प्रभाकर ने अपनी रचनाओं - दर्द की बस्ती में डेरा है, क्या किया जाए? हर एक सिम्त लुटेरा है क्या किया जाये। वो जिसकी आँख के सदके उतारे जीवन भर, उसी ने आँख तरेरा है क्या किया जाये ... से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। डॉ. राजमूर्ती सिंह सौरभ की रचना- पर्वत, नदियां, बाग, वन, सागर, झरने, झील। कुदरत तेरे पक्ष में इतने अधिक वकील। मौसम गीले कर गया, जब से उसके होंठ। सपनों में आने लगे, पीपर हल्दी सोंठ। डॉ. श्याम शंकर शुक्ला श्याम ने रामायण की पंक्तियों को उद्धट करते हुए अपने खंडकाव्य के कुछ अंश सुनाये। इस अवसर पर डॉ. शिवानी मातनहेलिया, प्रो. डॉ. बृजभान सिंह, संजय खरे, डॉ. प्रो. पीयूष कांत शर्मा, संजीव आहूजा, आदि ने भी हिंदी भाषा की गरिमामय उपस्थिति और सुखद विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़ौदा यू पी बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक वरिष्ठ साहित्यकार, रचनाकार सुखदेव तिवारी ने किया। संचालन अनूप उपाध्याय अनुपम द्वारा किया गया। संयोजक संस्कार भारती के जिलाअध्यक्ष शिशिर खरे ने सभी आमंत्रित अतिथियों, कविगण और जनपद के सुधी श्रोताओं के प्रति अभिनंदन प्रकट करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस क्लब की अध्यक्ष मालिनी केसरवानी, पूर्व अध्यक्ष डॉली केसरवानी, सरदार मंजीत सिंह गोविंद, संतोष भगवन, राजेश मिश्रा, नारायण खंडेलवाल, अभय खंडेलवाल, सोमनाथ मिश्रा, अमोलक सिंह सन्नी, डॉ. रवि शंकर पांडे, श्रीनारायण शुक्ला, गिरजा शंकर मिश्र, दिनेश चंद्र मिश्रा, कविता केसरवानी, शरद केसरवानी, डा. क्षितिज श्रीवास्तव,चक्रपाणि उपाध्याय,अनामिका उपाध्याय उपस्थिति ने हिंदी साहित्य के प्रति अपनी सुखद भावनायें साझा की।

## अखिल भारतीय पासी समाज के पदाधिकारियो ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पट्टी विधायक को दिया ज्ञापन

**प्रतापगढ़ ।** शहर से 20 किलोमीटर दूर पट्टी तहसील में अखिल भारतीय पासी समाज के पदाधिकारियो ने जिला अध्यक्ष सुरजीत सरोज जी के नेतृत्व में विधायक पट्टी के निज निवास जनपद रायबरेली से मिलकर के शहीद राम आसरे सरोज ग्राम, बेलारामपुर के समाधि स्थल के सौंदर्यीकरण, एवं पट्टी विधानसभा में किसी भी पासी राजा के स्मृति में गेट बनवाने के संबंध में ज्ञापन दिया गया । विधायक जी ने भरोसा दिया कि शीघ्र ही यह काम विधायक निधि से करवा दिए जाएंगे ।इस अवसर पर चंद्रभान सरोज, ऋतुराज सरोज, सुनील सरोज, नंद कुमार सरोज, राम सजीवन सरोज सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कंपनी के डिलेवरी माल का फ्रेंचाइजी द्वारा गबन करने का पर्दाफाश

▶▶ 3 अभियुक्त गिरफ्तार,लैपटाप,मोबाइल व बाइक बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**मानधाता,प्रतापगढ।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ के निर्देशन में साइबर थाना व मान्धाता पुलिस ने सेडोफैक्स टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फ्रन्चाइजी द्वारा कंपनी के पार्सल,सामानों को धोखे से कैंसिल कर कंपनी के माल को गबन करने की घटना का पर्दाफाश करते हुये 01 लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, 02 कैमरा के साथ 02 मोटर साइकिल पर सवार 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।दिनांक 14.07.2024 को वादी मुकदमा अमरेश शर्मा असिस्टेन्ट मैनेजर सेडोफैक्स टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड खसरा नं0 3119 से 3128 गिदान खेड़ा नादरगंज थाना सरोजनी नगर लखनऊ की तहरीर के आधार पर थाना मान्धाता में विश्वासघात करने एवं धोखाधड़ी करने के संबंध मे मु0अ0सं0 114࿒2024 धारा 409࿒420 भादवि बनाम 02 नामजद अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना के अनावरणध् अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चेकिंगध् दबिश दी जा रही थी । इसी क्रम दिनांक 15.09.2024 को साइबर थाना, प्रतापगढ़ व थाना मान्धाता पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमे से सम्बन्धित 03 अभियुक्त, राजकमल पटेल, रजत मिश्रा, अमित सिंह को 12 अदद मोबाइल व 01 लैपटाप, 02 कैमरा के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों ने सेडोफैक्स टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड से सर्विस प्रोवाइडर की फ्रेंचाइजी ले रखी थी । अभियुक्त पैसा कमाने की नियत से कम्पनी को धोखा देते थे । कंपनी के पार्सल को डिलीवरी अटेम्प्ट दिखाकर कैंसिल करवानाध् ओटीपी लेकर कैंसिल करवा देनाध् पार्सलों का भुगतान ऑनलाइन किया गया वह आर्डर कैन्सिल कराकर अपने पास रखते थे । जिन पार्सलों का भुगतान कैश ऑन डिलीवरी होता था, उस सामान को कस्टमर को देकर पैसा लेते थे । कंपनी को यह सूचित करते थे कि ऑर्डर कैंसिल होने के बाद, उसका रिटर्न पार्सल बनाकर कंपनी को वह सामान वापस करते थे ।अभियुक्तों नें पूछताछ में बताया गया कि रजत मिश्रा ने शैडोफैक्स कंपनी से सर्विस प्रोवाइडर की फ्रेंचाइजी ले रखी थी, जो मान्धाता थाने के बगल में थी । उस फ्रेंचाइजी में राजकमल पटेल ,अमित सिंह तथा अन्य लोग काम करते थे । शुरु में सब कुछ सही चल रहा था, फिर बाद में हम लोगों के मन में पैसे का लालच आ गया और हम लोग फ्रैन्चाइजी के और लोगो से छिपा कर एक टीम बना कर पैसा कमाने की नियत से कम्पनी को धोखा देने लगे, जिसके चलते कंपनी से आने वाले पार्सल को कई बार डिलीवरी अटेम्प्ट दिखाकर हम लोग कैंसिल करवा देते थे,या फिर कस्टमर को बहला फुसला कर ओटीपी लेकर कैंसिल कर देते थे। जिन सामानोध्पार्सलो के पैसों का भुगतान कस्टमर द्वारा ऑनलाइन किया जा चुका होता था उन सामानों को हम लोग आर्डर कैन्सिल करा कर अपने पास रख लेते थे । जिन सामानों का भुगतान कैश ऑन डिलीवरी के माध्यम से होना होता था उस सामान को कस्टमर को देकर पैसा ले लेते थे । भिन्न-भिन्न कारणों से ऑर्डर को कैंसिल करा देते थे और कंपनी को यह सूचित कर देते थे कि ऑर्डर कैंसिल होने के बाद हमने उसका रिटर्न पार्सल बनाकर कंपनी को वह सामान वापस कर दिया है, इस तरह सामान और भुगतान हुआ पैसा दोनों हम लोग रख लेते थे ।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर गाजे-बाजे के साथ निकला जुलूस

**पट्टी प्रतापगढ़–** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के विलादत के मौके पर जुलूस निकाला गया। पट्टी नगर में जुलूस पट्टी चौक जामा मस्जिद, सधईपुर, दशरथपुर, घोसियान, चिकपट्टी, तुरकान कमेटी द्वारा निकला गया। सर्वप्रथम जुलूस चमन चौक से होते हुए नगर भ्रमण के पश्चात हवाईदार मोहल्ले में पहुंचा। जहां पर सभी जुलूस निकलने वाली कमेटियों को अंजुमन आशिकाने मुस्तफा कमेटी द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम के बाद जुलूस का समापन कर दिया गया। जुलूस में जन्नु भाई, हाफिज फिरोज, मुफ्ती सरफराज, जीशान असगर अंसारी, हाफिज रिजवान, इमरान खान, जुनैद अहमद, हाफिज असरार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसी नेता ने मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर अकीदतमंदों को शर्बत पिलाकर किया स्वागत




लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** हीरागंज नगर पंचायत में मुहम्मद साहब के जन्मदिन मिलाद उन नबी पर इलाके के अकीदतमंदों द्वारा जुलूस निकाला गया। पूरे हीरागंज नगर पंचायत में जूलूस घूमने के बाद जब कुंडा रोड पर पहुँचा तो कांग्रेस पार्टी के टीवी पैनलिस्ट संदीप तिवारी ने सभी अकीदतमंदों का शर्बत पिलाकर स्वागत किया। संदीप तिवारी ने कहा कि देश में मुस्लिमों के प्रति एक नैरेटिव बनाकर उनको देशद्रोही बताया जा रहा है। जबकि मुसलमानों के दिल में भी देश के प्रति प्रेम और वफादारी भरी हुई है। इस दौरान मुन्ना लाल यादव, संतोष कुमार प्रजापति, राजन तिवारी, राकेश सोनी, मनीष त्रिपाठी, शिवम गौतम, मो.अशरफ, इमरान, मो.आजाद, असगर अली, अंसार, इबरार सहित कई सारे लोग मौजूद रहे।

## कांति सिंह बनीं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव



**प्रतापगढ़।** लखनऊ की पूर्व एमएलसी श्रीमती कांति सिंह को समाजवादी पार्टी ने महिला सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। उनका मनोनयन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह ने किया है। उनके मनोनयन से प्रतापगढ़ से लेकर लखनऊ तक समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। श्रीमती सिंह के मनोनयन से सपा महिला संगठन को और मजबूती मिलेगी।

# साकेत गर्ल्स में पढ़ाई भी, पोषण भी, विषयक कार्यशाला आयोजित

▸▸ विशेषज्ञों ने पोषण की कमी से होने वाली बीमारियों पर विस्तार से डाला प्रकाश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वाओ एजुकेशन और एनएसएस, साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह के अवसर पर पढ़ाई भी, पोषण भी थीम पर आधारित एक विशेष और कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके आहार को संतुलित और पौष्टिक बनाना था।आयोजन में 100 से अधिक माताओं ने भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। वाओ एजुकेशन की इस पहल को सभी ने सराहा और इसे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना।कार्यशाला की शुरुआत साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज, दहिलामऊ गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रभा भारती और डॉ. ज्योति सिंह द्वारा पोषण और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सत्रों से हुई। दोनों विशेषज्ञों ने महिलाओं और बच्चों के पोषण की अहमियत पर जोर दिया और पोषण की कमी से होने वाली बीमारियों जैसे एनीमिया और पीसीओडी पर प्रकाश डाला।डॉ. प्रभा भारती ने भारत सरकार के पोषण अभियान की सराहना करते हुए कहा, यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है जो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए काम कर रही है। हमें अपने दैनिक आहार को संतुलित और पोषणयुक्त बनाकर गंभीर बीमारियों से बचने की दिशा में कार्य करना चाहिए। डॉ. ज्योति सिंह ने कहा कि अक्सर माताओं की सेहत को अनदेखा कर दिया जाता है, जबकि एक स्वस्थ माँ ही स्वस्थ परिवार की नींव होती है। हमें इस सोच को बदलने और महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

इसके बाद, वाओ एजुकेशन की निदेशक और पोषण विशेषज्ञ श्रीमती उपहार लता श्रीवास्तव और आईआईएचएम लखनऊ के पूर्व छात्र आदिनाथ सिंह ने लाइव कुकिंग सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में उन्होंने स्वस्थ, स्वादिष्ट और आसानी से तैयार होने वाली रेसिपीज़ का प्रदर्शन किया। नीतू वर्मा, जो कि वाओ एजुकेशन में पढ़ रहे एक विद्यार्थी की माता हैं, ने घर पर बनाई गई हेल्दी स्टफ्ड इडली की रेसिपी साझा की, जिसे सभी ने बहुत सराहा। विद्यालय की शिक्षिकाओं वंदना मिश्रा, दिव्या पांडे, आराधना मिश्रा, सुषमा सिंह ने भी अपने घर पर बनाए गए स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन लाकर प्रतिभागियों के साथ साझा किया।कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को एक साप्ताहिक आहार तालिका और स्वादिष्ट एवं पौष्टिक रेसिपीज़ की किताब वितरित की गई, ताकि वे घर पर आसानी से स्वस्थ भोजन तैयार कर सकें।श्रीमती उपहार लता श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति का सीधा संबंध उनके पोषण स्तर से होता है। हमें बच्चों के आहार को संतुलित और स्वादिष्ट बनाने पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने भोजन का आनंद ले सकें और स्वस्थ रहें।कार्यशाला के अंत में आदि नाथ सिंह, समन्वयक, वाओ एजुकेशन ने सभी प्रतिभागियों, साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के एनएसएस समन्वयक डॉ. अनंत प्रकाश शुक्ला, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. प्रभा भारती और डॉ. ज्योति सिंह का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा यह कार्यशाला समाज में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला में उपस्थित अश्वनी सिंह, जो कि वाओ एजुकेशन में पढ़ रहे एक विद्यार्थी के पिता हैं, ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यशाला हमारे लिए बेहद मददगार रही।

प्रतिभागियों ने इस पहल को अत्यधिक प्रेरणादायक बताया और इसे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक अद्वितीय कदम माना।

# हर्षोल्लास से मनेगा 'विश्व पालि गौरव दिवस

● 17 सितंबर से आरंभ होगा 'पालि भाषा पखवाड़ा महोत्सव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान,सुगतानन्द बुद्धविहार, चिलविला तथा सम्राट् अशोक महान् पुस्तकालय (प्रतापगढ़) के पारस्परिक सहयोग से 17 सितम्बर, 2024 को पूज्य देवमित्त अनागारिक धम्मपाल जी की 160वीं जयन्ती को 'विश्व पालि गौरव दिवस' के रूप में मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राकेश कनोजिया बताते है कि ''भारत में बौद्ध-पुनर्जागरण में उनका अमूल्य योगदान था। उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी कार्य किये थे तथा बौद्ध व पालि-साहित्य के प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार से प्राच्यविद्या की महती सेवा की थी। उनके योगदान असीम एवं अमूल्य योगदान को स्मरण करने तथा अपनी कृतज्ञता तथा सम्मान प्रकट करने के लिए उनकी जयन्ती को 'विश्व पालि गौरव दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बुद्धविहार में त्रि-रत्न वन्दना, दीपमाला एवं रंगोली आदि के माध्यम से इस अवसर को



उल्लासमय बनाया जायेगा तथा पूज्य अनागारिक धम्मपाल के जीवन एवं कृतित्व पर व्याख्यान आयोजित किये जायेंगे।''आपने आगे बताया कि ''इसी दिन से 'पालि पखवाड़ा महोत्सव-2024' का आरम्भ हो रहा है। इस पालि पखवाड़ा महोत्सव में 15 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।''इस अवसर पर बहन लीलावती ने बताया कि ''आज देश में सर्वत्र बुद्ध-विहारों, पालि विभागों, स्कूल-कॉलेजों, संस्थाओं, मंगल-भवनों एवं विभिन्न में पालि पखवाड़ा का पूर्ण उत्साह से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, व्याख्यानों, संगोष्ठियों, संगायन, प्रतियोगिताओं एवं उत्साहवर्द्धक प्रबोधनों से समाज को 'प्रबुद्ध समाज' की दिशा में ले जाने के सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। भगवान् बुद्ध के जीवन-चरित और शिक्षाओं के साथ उनके उनके अग्रश्रावकों, आचार्यों, महान् धम्मगुरुओं चिन्तकों एवं विज्ञजनों के साधु-चरित को स्मरण किया जाता है। 18 सितम्बर, 2024 से 01 अक्टूबर, 2024 तक सुगतानन्द बुद्धविहार में क्रमशः भिक्खुनी संघ स्थापना दिवस (भाद्रपद पूर्णिमा), अखण्ड धम्मपद संगायन, पालि स्पर्धा कार्यक्रम, बौद्ध संस्कृति पर्व, बाल पालि पर्व, प्रतिभा सम्मान समारोह, बाबा भारती जन्मशती महोत्सव, विचार-गोष्ठी, संगोष्ठी, बौद्ध पर्यटन व्याख्यान, पालि तिपिटक महोत्सव, पुण्यानुमोदन कार्यक्रम (आचार्य सत्यनारायण गोयन्का स्मरणांजलि), पालि संगोष्ठी, पुरस्कार-वितरण एवं समापन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।इस अवसर पर हाई स्कूल इण्टर बोर्ड परीक्षाओं में माहिती अग्रणी भूमिका निभाने वाले जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक आचार्य डॉ. शिवमूर्ति लाल मौर्य, डॉ. दयाराम मौर्या 'रत्न', आचार्य उमेश चन्द्रा, महोपासक दिनेश कुमार, शोभा कनोजिया, वेद प्रकाश, इंजी. राम अचल मौर्य, रंजू संजय, हरि श्याम मौर्य, बसंत लाल मौर्य,अंजनीअवधेश, दीपशिखा संजय, सुरेंद्र कुमार विमल,अभिनेष सरोज,आदि उक्त कार्यक्रमों में संयोजन तथा सहयोग प्रदान करेंगे।

# अनंत चतुर्दशी को 14 गांठो वाला बांधे रक्षा सूत्र -धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अनंत चतुर्दशी की बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत मंगलकामनाएं। 17 सितंबर 2024 दिन मंगलवार को भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की अनंत चतुर्दशी है। जिसे अनंत चौदस भी कहते हैं।

सनातन धर्म में अनंत चतुर्दशी का विशेष महत्व है। सहस्त्र रुप वाले सहस्त्र चरण- नेत्र- शिर- वाहु वाले सहस्त्रनाम वाले शाश्वत पुरुष सहस्त्र कोटि युगों को धारण करने वाले भगवान श्री अनंत को नमस्कार है।

दास का बारंबार साष्टांग स्वीकार हो।

आज का दिवस भगवान श्री विष्णु की अनंत रूप में उपासना करने का दिवस है। इस दिन भगवान श्रीमन्नारायण की उपासना के बाद अनंत सूत्र बांधा जाता है। यह सूत्र



रेशमी अथवा सूत का होता है।

इस सूत्र में 14 गांठे लगाई जाती है ।भगवान श्रीमन्नारायण ने 14 लोक बनाए हैं। जिनमें सत्य, तप, जन, मह, स्वर्ग, भुवः, भू, अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल और पाताल शामिल है। इन लोको का पालन करने और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी 14 रूपों में प्रकट हुए थे। जिससे वह अनंत प्रतीत होने लगे।

इसीलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान श्री विष्णु भगवान को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत करने के साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्त्रोत का पाठ करता है तो उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

रक्षा सूत्र के बांधने से भगवान श्री हरि इन समस्त लोकों में जीवो की रक्षा करते हैं।

भगवान से प्रार्थना करनी चाहिए हे वासुदेव इस अनंत संसार रूपी महासमुद्र में डूबे हुए लोगों की रक्षा कीजिए तथा उन्हें अनंत के रूप का ध्यान करने में संलग्न कीजिए ।अनंत रूप वाले प्रभु आपको बारंबार नमस्कार है।श्री अनंत भगवान से प्रार्थना है आप सभी का कल्याण करें।

# ईद उल मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलूस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार/ प्रतापगढ़** -बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार में ईद-उल-मिलादुन्नबी पर बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहू अलहे वसल्लम में सोमवार को नौजवानों के हाथ में तिरंगा भी लहराता दिखा। तिरंगे को लेकर वतनपरस्ती की मिसाल देख लोग खुश दिखे। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकले जश्नी जुलूस मे बुजुर्ग व बच्चे भी शामिल दिखे। रामदास पट्टी स्थित मदरसा से निकले जुलूस में गाजे बाजे के साथ अकीदतमंदो ने वतन की खुशहाली और अमनों शांति का भी लोगों के बीच पैगाम दिया। जुलूस की अगुवाई वरिष्ठ लोगों ने किया। जुलूस बिहार बाजार रोड होते हुए कर्बला पहुंचा। इधर अवतारपुर से भी



बरावफात का जुलूस शानोशौकत से निकला। जुलूस को लेकर लोगों ने दूध हलवा व पुलाव तथा शरबत के भी बंदोबस्त कर रखे थे।

पताकों व झंडियों के साथ राष्टीय ध्वज तिरंगा भी जुलूस में शामिल लोगों की हौसला आफजाई भी दिखा। रास्ते भर भारी फोर्स को भी मुस्तैद देखा गया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार के निर्देशन में बाघराय पुलिस के जवानों ने सुरक्षा बंदोबस्त के पुख्ता इंतजाम किए थे।

इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत की ऊसर भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हीरागंज बाबागंज रोड किनारे ग्राम सभापुर पुरैली मखदूमपुर की सरकारी बेस कीमती भूमि है। जिस पर दूसरे गांव के व्यक्ति द्वारा कब्जा करना से गांव में नाराजगी है। बाबागंज ब्लॉक के पुरैली ग्राम पंचायत की जमीन गाटा संख्या 861/0.453हे जो ऊसर खाते में बतौर दर्ज है । प्रधान का आरोप है कि कागजों में हेरा फेरी कर गांव के ही लोगों ने अपने नाम आवासीय पट्टा लिया था। जानकारी होने पर मामला कोर्ट पहुंच गया। वर्तमान में मामला कमिश्नर प्रयागराज के यहां विचाराधीन है। मामला लंबित होने के बावजूद पट्टा धारको ने कीमती जमीन होने के कारण एग्रीमेंट कर बिक्री करना शुरू कर दिया। शिकायत पर जांच के उपरांत एसडीएम कुंडा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सभी पट्टा धारकों का पट्टा निरस्त कर दिया। उपरोक्त् ऊसर की जमीन पर सोमवार को दूसरे गांव के व्यक्ति द्वारा कब्जा किया जा रहा था। ग्रामप्रधान आराधना निर्मल ने अवैध निर्माण की सूचना एसडीम और थाना अध्यक्ष संग्रामगढ को दिया। पुलिस प्रशासन के साथ ग्रामीणों ने अतिक्रमण रूकवा दिया। बाबागंज हीरागंज सड़क मार्ग पर सड़क किनारे सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा को लेकर मामला विगत दिनों से सुर्खियों में रहा है। बाबागंज से सराय छत्ता तक सड़क किनारे भूमि की जांच हो तो कई एकड़ भूमि अवैध कब्जे से मुक्त हो सकतीं हैं।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं साधना देवी पत्नी रामलाल श्रीवास्तव निवासी ग्राम संडीला, तहसील रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़, (उ0.प्र0) की मूल निवासिनी हूं। मेरे बेटे की आदत सही नहीं है, इसलिए मैं अपने बेटे पवन श्रीवास्तव व बहू के द्वारा किसी भी प्रकार से लेन-देन व उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। मैं अपने चल और अचल संपत्ति से इन दोनों को बेदखल करती हूं।

साधना देवी
पत्नी रामलाल श्रीवास्तव
निवासी ग्राम संडीला, तहसील
रानीगंज,
जनपद प्रतापगढ़, (उ0.प्र0)

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय सदर प्रतापगढ़
म0मु0 टी202402570304622
सन् 2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फ्रीकेन राम प्रकाश आदि
बनाम वंशराज द्विवेदी आदि
बनाम .
1. वंशराज द्विवेदी सुत चन्दी प्रसाद द्विवेदी नि0 बखारीपुर पो0 व तह0 कादीपुर सुल्तानपुर 2. सियाराम सुत तुलसीराम 3. रामबली सुत राजाराम 4. कन्धई सुत राजाराम 5. पारसनाथ सुत रजई समस्त नि0 ग्राम रंजीतपुर चिलबिला पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 19.09.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# शिक्षा क्षेत्र के पितामह थे पं.भगवान दीन दुबे- राजा अनिलप्रताप



**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़**- भगवानदीन दुबे इंटरमीडिएट कॉलेज पहाड़पुर के 126वे संस्थापक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे केंद्र शासित प्रदेश लेह लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ बालदत्त मिश्र की उपस्थिति मे भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित भगवानदीन दुबे शिक्षा क्षेत्र के पितामह थे। उन्होंने उस समय विद्यालय की स्थापना किया जब शिक्षा दर बिल्कुल शून्य थी। उन्होने विद्यालय की स्थापना की थी जो जनपद के गर्व का विषय रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षकों को भी छात्रों के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए कहा । उसके बाद लेह लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉक्टर बी डी मिश्र की प्रशंसा करते हुए लेह लद्दाख के वातावरण का जिक्र करते हुए देश का श्रेष्ठ प्रदेश बताया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजीव रंजन संचालन प्रधानाचार्य अखिलेश मिश्र ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक भगवानदीन दुबे के जीवन दर्शन पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रबंधक नवीन दुबे ने किया ।इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अनूप त्रिपाठी, संजीव तिवारी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# चोरी की घटना से संबंधित तीन शातिर गिरफ्तार,भेजे गये जेल

● गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की नौ मोटरसाइकिल बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर प्रतापगढ़** -पुलिस ने किया चोरों के गिरोह का पर्दाफाश। चोरी की घटना से संबंधित तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार कर चोरों के निशानदेही पर चोरी की नौ मोटरसाइकिल बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त अमित सरोज पच्चीस हजार का इनामिया है। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम 15, सितंबर को अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी), संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लालगंज नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 राजेश कुमार यादव ने मय हमराह उ0नि0 प्रशान्त दुबे मय हमराह का0 छत्रपाल, का0 ऋषिराज यादव, का0 राहुल यादव, का0 सचिन व का0 चालक माधवेश राय द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, थाना क्षेत्रान्तर्गत थाना लालगंज व सांगीपुर बार्डर अमावा के पास से अमित सरोज पुत्र जोखू लाल सरोज नि0 तिरकोनिया थाना लालगंज,व सुबेदार तिवारी पुत्र राजनारायण तिवारी निवासी ग्राम धारूपुर थाना लालगंज,व कुलदीप सरोज पुत्र दुधनाथ सरोज निवासी लाला का पुरवा थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया तथा आसु उर्फ विरेन्द्र यादव पुत्र सदानन्द यादव निवासी ग्राम उमापुर थाना लालगंज भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। गिरफ्तार अभियक्तगणों की निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेंन्डर प्लस रंग काला सिल्वर जिसके नंबर प्लेट पर नं0 क्र80॥2147 अंकित है। मोटरसाइकिल हीरो सीडी डीलक्स ,ब्लैक जिसके नंबर प्लेट पर क्र/2क्ष787 अंकित है।सुपर स्पेलेन्डर रंग सिल्बर ब्लैक जिसके नंबर प्लेट पर क्र338410 अंकित है। हीरो स्पेलेन्डर प्लस , काले रंग की जिसके नंबर प्लेट पर क्र/2रु3978 अंकित है ।हीरो एचएफ डीलक्स लाल रंग की जिसके नंबर प्लेट पर क्र/2क्ष्क्ष4807 अंकित है।अपाचे सफेद रंग की जिस पर नंबर प्लेट नही लगा है । सुपर स्पेलेन्डर काले रंग की जिसके नंबर प्लेट पर क्र/2क्ष्1466 अंकित है ।मो0सा0 स्पेलेन्डर प्लस काले रंग की जिसके नंबर प्लेट पर क्र/0ष्टक्ष2329 अंकित है ।मो0सा0 स्पेलेन्डर प्लस काले रंग की जिसके नंबर प्लेट पर क्र36रू5412 अंकित है बरामद किया गया ।बरामद वाहनों के सम्बन्ध में चोरी के अभियोग थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ में मूल वाहन सं0 क्र/2क्ष्5365 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 729/23 , वाहन सं0 क्र/26567 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 133/20, व वाहन सं0 क्र/2ड्ड0965 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 662/24 पंजीकृत है।

थाना सांगीपुर में वाहन सं0 क्र33ड्ड0646 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 131/21 व वाहन सं0 क्र/2क्ष्4807 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 183/24 पंजीकृत है। थाना जेठवारा में वाहन सं0 क्र/0स्नड्ड7624 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 238/24 पंजीकृत है। थाना अंतू में वाहन सं0 क्र/2रु3978 की चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 527/24 पंजीकृत है। वाहन सं0 क्र/2ड्ड7177 को एमवी मोटर वाहन अधि0 की धारा 207 में सीज किया गया। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने एक सुर में बताया कि साहब चारो साथी अलग अलग जगहो से काफी मोटरसाइकिले चोरी किये है और उनको छिपा कर रख देते है। फिर उनका नंबर प्लेट बदल देते है तथा चेचिस नंबर को मिटा कर दूसरा चेचिस नंबर डाल देते है और फिर भोले भाले ग्राहको को तलाश कर वाहनो के फर्जी कागज बनाकर उन्हे दिखाते है और बेच देते है।साहब हम चारो लोग आज भी चोरी की गाडियो को बेचने के लिये ग्राहको की तलाश में लालगंज गये थे। वही से वापस आ रहे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ की गयी तो बताया कि कुछ चोरी की गाड़ियां हम लोगो ने उधरनपुर के जंगल में राजातारा के पास छिपा कर खड़ी किये है। जिसे हम लोग चलकर बरामद करा सकते है। बरामद तीनो वाहनो को का0 छत्रपाल की निगरानी में वही पर छोड़कर शेष फोर्स के साथ अभियुक्तो को साथ में लेकर उनके बताये स्थान राजातारा से उधरनपुर मार्ग पर आये जहां एक स्थान पर अभियुक्त अमित सरोज ने वाहन को रुकवाया। सरकारी वाहन को सड़क के किनारे खड़ा करके तीनो अभियुक्तो को सरकारी वाहन से नीचे उतार कर फोर्स के साथ सावधानीपूर्वक उनके बताये स्थान के लिये चले तो तीनो अभियुक्त टार्च की रोशनी मे आगे आगे चलते हुये सरपत की आड़ में नौ मोटरसाइकिले जो छिपाकर रखी गयी थी को बरामद कराया।

उपरोक्त बरामदगी के संबंध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-395/2024 धारा 35 बीएनएसएस व धारा 317(2),317(4),317(5),318(4),319(2),338,336(3), 340(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कोतवाली देहात में नहीं थम रहा चोरियों का सिलसिला

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़**- कोतवाली देहात अंतर्गत नगर पंचायत कटरा मेदनी गंज बाजार खास पश्चिम मोहल्ला निवासी अशफाक घोसी पुत्र अब्बास घोसी घर से मात्र 300 मीटर की दूरी पर जीवन यापन करने के लिए दूध डेरी खोल रखा था। जिसमें बकरा बकरी गाय भैंस सभी जानवर रहते है। बीते रविवार की रात मेंअज्ञात चोरों ने15 बकरी और बकरा तथा दो भैंस खोल कर उठा ले गए। घटना का जानकारी सुबह जब परिजन चारा पानी देने पहुंचे तो देखा कि दो भैंस और कुछ बकरी और बकरा गायब हैं। परिजनों ने112 डायल कर घटना की जानकारी दी तथा स्थानीय पुलिस से चोरी के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है।नगर पंचायत कटरा मेदनी गंज के खजोहरी वार्ड स्थित ज्ञान भारती नर्सरी स्कूल से 2 दिन पहले 13 पंखा स्कूल से चोरी हो गया। भुक्त भोगी को मोहल्ले वालों के ऊपर शक होने के कारण ड़र बस भुक्त भोगी ने पुलिस को सूचना नही दी।

# मनरेगा शिकायतो की जन सुनवाई आज करेंगे लोकपाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर बीते 10 सितम्बर से मनरेगा शिकायतो के निवारण हेतु प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को 12 से 4 बजे तक अनिवार्य रूप से निरंतर जन सुनवाई व संवाद कर रहे है । इसी कड़ी में वह मंगलवार 17 सितम्बर को विकास भवन स्थित कार्यालय में जन सुनवाई करेंगे । लोकपाल ने सभी वास्तिवक शिकायतकर्ताओ का स्वागत करते हुए उक्त अवसर का लाभ लेने का आवाहान किया है । लोकपाल समाज शेखर ने कहा है कि समाजसेवी, पत्रकार व जन प्रतिनिधि गण भी प्रतिभाग कर अपने सुझाव व संवाद स्थापित कर प्रभावी भूमिका निभा सकते है। मनरेगा लोकपाल समाज शेखर ने बताया की जन सामान्य व मनरेगा कर्मी लोकपाल के सीयूजी नंबर 8188067730 व ईमेल द्यश्द्मश्चड्डद्यश्चह्ड्डह्ड्डश्च-द्दड्डह्द्धश्चद्दद्वड्डद्य.ष्श्रद्व पर भी अपनी प्रारंभिक शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होने कहा की विकास भवन के द्वितीय तल पर कक्ष संख्या 67 में लोकपाल मनरेगा का कार्यालय स्थित है । मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार व अन्य अनियमितता की शिकायतों हेतु किसी भी कार्य दिवस पर मनरेगा लेखाकार को रीसीब कराया जा सकता है । सभी वास्तविक शिकायतकर्ताओ का स्वागत है।

# गणपति बप्पा के पंडाल में भक्तो भीड़ आज होगा विसर्जन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़** -नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के स्थानीय बाजार वार्ड नंबर तीन पुरानी सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर श्री गणेश सनातन सेवा समिति , भय हरण नाथ धाम रोड राहुल द्वार , पुराना डाकखाना हलवाई मोहल्ला,मेला जाने बाली सड़क बीओबी के पास वार्ड नंबर 2 के पुरानी पुलिस चौकी रोड ठाकुर द्वार में चल रहे गणपति बप्पा के पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।उत्सव के सातवें दिन रात्रि में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। भक्तों ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया। सभी पंडाल में महाआरती हुई तरह तरह का प्रसाद भी वितरित किया गया बीच बीच में भक्त गणपति बप्पा मोरया गणपती बप्पा मोरिया के जय जयकारे लगाते थे कार्यक्रम में श्री सिद्धि विनायक विघ्नहर्ता स्तुति का ध्वनि चलता रहता है गौतम जायसवाल,शुभम , शिवम् अग्रहरी,अंकित , पवन , शैलू जायसवाल,आंसू जायसवाल,शुभम सोनी,रवि मोदनवाल,राहुल अग्रहरी, करन कौशल, विकास,सुनील केसरवानी , गप्पु, पप्पू आदि ने बढ़ चढ़कर अपना सहयोग दिया। सभी पंडाल के अध्यक्ष ने बताया कि सत्रह तारीख को मूर्ति का बाबा भव भय हरण नाथ धाम के बकुलाही नदी के तट पर में विसर्जन किया जाएगा।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जनपद में गंगा खतरे के निशान 77.7 मीटर से नीचे 76.5 मीटर पर बह रही है। कल तक 4 सेमी/घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा जलस्तर आज 0.5 सेमी/प्रति घंटा हो गया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री और जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल ने आज चुनार तहसील के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा कर निरीक्षण किया और उचित निर्देश प्रशासन को देते हुए बाढ़ ग्रस्त फसलों और रिहायशी इलाकों में क्षतिग्रस्त हुए मकानों का उचित मुआवजा समय से देने के लिए कहा। मीडिया से बात करते हुए कहां की गंगा के जलस्तर में आज काफी स्थिरता देखने को मिल रही है पिछले दिनों के मुकाबले अब बढ़ने की रफ्तार भी काफी कम हो गई है जो सभी के लिए राहत की बात है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जिला प्रशासन को बाढ़ग्रस्त इलाके में प्रभावित लोगों तक उचित सहयोग पहुंचाने के लिए करीब से कार्य करने का निर्देश दिया गया है साथ ही प्रभावित क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने मवेशियों और पीड़ित लोगों को राहत सामग्री देने तथा स्वास्थ्य महकमें को संचारी रोगों के रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जाने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार जनपद में तहसील सदर में कुल 31 प्रभावित ग्राम है, कोन ब्लॉक के हरसिंहपुर और मल्लेपुर में आवागमन और फसलें प्रभावित हुई है

जबकि अन्य गांवों में फसलें ही प्रभावित हुई हैं साथ ही कटान के कारण कुछ गांवों में मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा किया और राहत कार्यों का निरीक्षण किया।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान की श्रीकृष्ण का जल विहार उत्सव



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** गोस्वामी परिवार द्वारा सैकड़ों वर्षो से चली आ रही परम्परा के तहत अखिल ब्रम्हाण्ड नायक भगवान श्रीकृष्ण का जल विहार उत्सव (झकझूलनी एकादशी) धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने पनिहरिया तालाब में बांके बिहारी की आरती कर किया। इसी क्रम में गोस्वामी परिवार द्वारा बांके बिहारी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सभी ग्रामीणों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। इसके बाद बिहारी मन्दिर प्रांगण में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। साथ ही क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छैलबिहारी दास ने बताया कि यह जल विहार उत्सव करौंदीकला के गोस्वामी परिवार द्वारा कई दशकों से श्रद्धापूर्वक भक्ति भाव से आयोजित किया जाता है।

# बारावफात का जुलूस पूरे उत्साह से निकला

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** बारावफात के अवसर पर जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा फरमान जारी किया गया है जिसमें अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन को लेकर ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर और डीजे को बजाए जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार द्वारा जारी किए गए फरमान को लेकर जुलूस की व्यवस्था करने वाले कमेटी के सदस्यों और मौलानाओं ने फरमान के प्रति सम्मान व्यक्त किया और सभी ने बताया कि जुलूस को लेकर तमाम अंजुमन कमेटियों को यह निर्देश जारी किया गया था कि शांतिपूर्ण ढंग से बिना कोई विवाद किए जुलूस निकालते हुए इमामबाड़ा स्थित कर्बला तक ले आए जहां इसका समापन किया जायेगा ।

मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों में शुमार मौलाना नज़्म अली,



सोनावर खान, छोटे खान, मुशीर आलम, अब्दुल्ला खान पप्पू ने कहा कि यह त्योहार पूरी शांति के साथ मनाया जाता रहा है और गंगा जमुनी तहजीब की एक मिसाल सदियों से जिला रहा है

जिसको लेकर हम सभी सदैव इस बात का प्रयास करते हैं कि किसी तरह का कोई विवाद खड़ा न हो जुलूस शहर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए निकला। रास्तों को अच्छे ढंग से सजाया गया था, पर्याप्त प्रकाश का प्रबंध किया गया था ।जगह-जगह जुलूस में चलने वाले लोगों के लिए शरबत और दूसरे पेय पदार्थ स्टाल लगाकर पिलाया जाता रहा। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।

# समाजसेवी और ग्रामीणों का आमरण अनशन तीसरे दिन जारी



**बबेरू।** बबेरू व विसंडा क्षेत्र के गांव गांव तोड़े गए सीसी खडंजा व अन्य मार्गो की दुरुस्ती करण मानक विहीन कार्य नही कराए जाने को लेकर चले रहे तीसरे दिन भी आमरण अनशन जारी है। अभी तक किसी भी अधिकारियो ने सुध नही लिया। भदेहदू गांव निवासी समाजसेवी पीसी पटेल व ग्रामीणों को लेकर तीसरे दिन भी आमरण अनशन जारी रहा। पीसी पटेल जन सेवक ने बताया कि मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, जिला अधिकारी, उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि एल एन टी कंपनी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन खोदकर डाली गई।मार्गो को घटिया निर्माण एवं शासन की मंशा अनुरूप कार्य न करने के लिए शिकायत पत्र लिखकर दिया जिन-जिन गांवों में संस्था के द्वारा घटिया निर्माण किया गया। विभाग द्वारा मेरी ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने का भी आरोप लगाया। आज आमरण अनशन भूख हड़ताल का तीसरा दिन भी जारी रहा।अभी तक अधिकारियों के सिर पर जूं तक नहीं रेंगी ग्रामीणों को लेकर के साथ बैठे हैं यदि जल्द सुनवाई नहीं होती तो अगला कदम बड़ा आंदोलन रूप ले सकता है इस मौके पर सभाजीत अंकुर राजा दादू कौशल छोटा गुरु मुन्ना चकाई राम सखी चिंता सरिता मोहिनी राखी अभिलाष चांदी सुनैना अंजलि रेखा विनोद सहित सैकड़ो ग्रामीण अनशन पर बैठे हैं।

# कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुरसण्डी सभागार में पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्राविधानों के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं सेनेटरी पैड के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

विनय आर्या, अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, डीएलएसए ने उपस्थित लोगों विशेषकर आशा बहुएं, ए.एन.एम. और आगंनबाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान किया जाए। उन्होंने बताया कि गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या कराने वाले को न्यायालय कभी माफ नहीं करती है तथा इसकी रोकथाम के लिए कई कानून बनाये गये हैं। आशा बहुओं, एएनएम और आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों को अपने अपने क्षेत्र में इसका प्रचार प्रसार करना चाहिए। हम सभी को कन्या के महत्व को समझाने की आवश्यकता है कि कन्याएं किसी पर बोझ नहीं होती है बल्कि कन्या पैदा होने पर भी खुशियां मनायी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रायः देखा गया है कि समय आने पर कन्या ही माता पिता की अच्छे से देखभाल व सेवा करती है। डिप्टी सी0एम0ओ डा0 आर0के0 चौधरी ने शिविर में कहा कि पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट का उद्देश्य है कि अल्ट्रासाउण्ड मशीनों एवं अन्य आधुनिक मशीनों का दुरुपयोंग न होने पाये और कन्या भ्रूण हत्या न हो के उद्देश्य के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने यह भी बताया कि समय समय पर अल्ट्रासाउण्ड मशीनों एवं अन्य आधुनिक मशीनों के सेन्टरो पर प्रत्येक माह छापेमारी की जाती है और यदि कोई भी अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर कन्या भ्रूण हत्या में सक्रिय पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाती है। उन्होने ये भी बताया कि कन्या भ्रूण हत्या की रोक थाम के लिए सरकार द्वारा कन्या सुमंगला योजना जिले में कार्य कर रही है कन्याओं के जन्म से लेकर उनके विवाह तक का खर्चा सरकार वहन कर रही है और बड़ी संख्या में कन्याओं को इसका लाभ भी आनलाइन उनके बचत खाते में प्रदान किया जा रहा है।

# जिला जेल में बंदियों को दी गयी विधिक सहायता सम्बन्धी जानकारियां

**चित्रकूट-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता सम्बन्धी प्रावधानों और लाभों से बंदियों को अवगत कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल व न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने जिला कारागार में 18 से 21 वर्ष आयु वाले अल्प वयस्क बंदियों की बैरक को देखा। साथ ही उनकी समस्याओं का अनुश्रवण किया, उनके शिक्षण, प्रशिक्षण, खेलकूद और नवाचार गतिविधियों सम्बन्धी जानकारी जेल अधिकारियों से ली। साथ ही इसके लिए बंदियों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उन विचाराधीन बंदियों जिनकी जेल में प्रवेश से 6 महीने बीतने के बाद भी जमानत प्रार्थना पत्र कोर्ट में दाखिल नहीं हुई या जिन विचाराधीन बंदियों की बेल खारिज होने के 1 वर्ष की अवधि बीतने के बाद अभी उच्च न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल नहीं हुई है, उनकी सूची बनाकर विधिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त जो विचाराधीन बंदी



जमानत होने के बाद जमानतदार के अभाव में जेल में निरुद्ध हैं, जो विचाराधीन बंदी समझौता योग्य अपराधों की श्रेणी में हैं या धारा 479 के तहत विचाराधीन बंदी पात्र हैं, के सम्बन्ध में विधिक सेवा प्रदान करने की कार्यवाही की गई। महिला बंदियों की जमानत और विधिक सहायता पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने जेल में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर्स को भी बंदियों में जागरूकता और विधिक सेवा के लिए प्रशिक्षित किया। साथ ही जेल में कार्यरत लीगल एड डिफेन्स कॉन्सिल के कार्यो की व्यापक समीक्षा भी की। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर संतोष वर्मा, डिप्टी जेलर रजनीश सिंह, बृज किशोरी, एलएडीसी कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाईचारे के साथ मनाया पैगंबर साहब का जन्म दिन, निकाला जुलूस



## ● जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान जगह-जगह लुटाए गए लंगर

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** शहर में सोमवार को बारावफात के दोरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिन धूमधाम के साथ मनाया गया। बाबूलाल चौराहे समेत कई इलाकों को सजाया गया। इसके साथ ही पूरी शानोशौकत के साथ जुलूस निकाला गया। मरकजी कमेटी के पदाधिकारी लगातार निगेहबानी करते रहे। इधर, पैलानी के

खप्टिहा कलां कस्बे में वारहवफात का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया यह पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे आलिही व सल्लम के योमे पैदाइश के उपलक्ष में मनाया गया जिसका जुलूस कस्बे में स्थित मस्जिद से होते हुए बस स्टैंड, मोती गोंडा से होते हुए शहीद बाबा तक पहुंचा। इस दौरान जुलूस में मोहम्मद तरीफ, मोहम्मदहिफ़्जुल, इमरान खान, इश्तियाकखान, हाफिज मोहम्मद यूनुस, मंसूर अली, नियाकूद्दीन, बसीरा, शमसुद्दीन, साबिर शेख, मोहम्मद हनीफ के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में छोटी-छोटी बच्चियां तथा बच्चों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहकर, हिंदुस्तान जिंदाबाद, बड़ी उम्मीद है सरकार तशरीफ लाएंगे, जश्ने ईद मिलादुन्नबी के गगनचुंबी नारे लगाकर जुलूस निकाला इस जुलूस के साथ-साथ स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी राजेश मिश्रा सहित चौकी का स्टाफ मौके पर मौजूद रहा। ओरन में अंजुमन कमेटी एवं नूरी मस्जिद कमेटी द्वारा नगर के सभी प्रमुख मार्गो पर तिरंगे एवं हरे झंडों के साथ जुलूस निकालने के उपरांत मस्जिद में मौलाना तुफैल अहमद की तकरीर को सुना। इस मौके पर नूरी मस्जिद की मुतवल्ली हाजी डॉक्टर बाबू खान, भोला खान, अली हसन इमाम बख्श, सोहबत अली,रोशन,अनीस,तौकीफ रजा एवं अंजुमन कमेटी के प्रबंधक शकील अहमद, लाल मोहम्मद,दिलदार, दीन मोहम्मद हाफिज सईद, लाल मोहम्मद, खालिक, शमीम, इमाम अली आदि मौजूद रहे। जुलूस को शांत पूर्वक संपन्न करने के लिए चौकी प्रभारी हरि शरण सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जबकि तिंदवारी में गाजे-बाजे व वाहनों के जुलूस के साथ इस्लामी झंडा निकाला गया ।रसूलअल्लाह सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम की पैदाइश के मौके पर पेश इमाम नसीमुद्दीन हाफिज ने कहा रसूल अल्लाह ने हमेशा सच की राह पर चलने और मोहब्बत भाईचारे का का पैगाम दिया। ।सैकडो लोगों की मौजूदगी निकाले गए झंडा जुलूस के मौके पर कोतवाल राजेंद्र सिंह रजावत, कस्बा इंचार्ज सालिक प्रसाद पाठक, उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, पुलिस दल मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहे थे। बारहवफात कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर ने कहा सच्चाई की राह पर चलने का पैगाम देने वाले रसूल अल्लाह सल्लल्लाहू अलैहिवसल्लम की पैदाइश पर आज पूरा नगर झूम रहा है। याकूब खान, सज्जाद हाफिज, बुल्लू अली, रसूल, अय्यूब कुरैशी, लाल मिर्जा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्र साहू, रामबाबू सोनी ,दीपू सोनी, आरिफबेग, हाफिज नसीमुद्दीन, रियाज अहमद, सलमान खान मौजूद रहे।अतर्रा में मुस्लिम धर्म के संस्थापक मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मनाया जाने वाले बारावफात मिलाद उन नबी सोमवार को कस्बे में मुस्लिम समुदायों के द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया, जहां पर मुसलमानों ने पूरे कस्बे में जुलूस निकालकर मस्जिद में जाकर नमाज अदा किया। सभी ने मोहम्मद साहब के दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जुलूस जरुहा चौकी से शुरू होकर बांदा रोड, बिसंडा रोड, नरैनी रोड, बदौसा रोड से होते हुए पूरे नगर में निकाला गया। झंडे लिए हुए छोटे छोटे बच्चो का उत्साह देखने लायक रहा। जुलूस का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। पूरे जुलूस में अमन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर नगर के हाजी शाकिर अली, हसमत अली, मुबारक अली, वाजिद अली, जाहिद अली, मुमताज, सहित आधा सैकड़ा से ज्यादा लोग मौजूद रहे। इसके अलावा बदौसा, नरैनी, करतल, कालिंजर समेत अन्य स्थानों पर भी बारावफात धूमधाम के साथ मनाया गया।

नरैनी कस्बा सहित क्षेत्रीय इलाकों में बारावफात का जुलूस निकालकर बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने मोहम्मदी जुलूस को बड़े ही सादगी के साथ निकालकर पूरे नगर में घुमाया । अंत में करतल मार्ग पर पहुंचकर मस्जिद के समीप समापन किया गया । लोगो द्वारा कस्बा के अतर्रा मार्ग में डॉ नियाजी, बाजार में बशीर भवन, तथा करतल मार्ग में जगह जगह लंगर लुटाये गए । जुलूस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी, कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह , सहित पुलिस फोर्स शामिल रहा। कस्बा के अलावा हड़हा, कबोली ,सराय जदीद, जमवारा, लहूरेटा व नरैनी के मुस्लिम भाई भारी संख्या में जुलूस में शामिल हुए । इसके अतिरिक्त ग्रामीण इलाका करतल, कालिंजर, नहरी, लहुरेटा सहित आदि गावो में मुहम्मदी जुलूस निकाल कर लंगर लुटाए गए। पैलानी तहसील के चिल्ला ,सादीमदनपुर,गौसीपुर,शादीपुर कस्बे मे वारहवफात का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया यह पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे आलिही व सल्लम के योमे पैदाइश के उपलक्ष में मनाया गया जिसका जुलूस कस्बे में स्थित मस्जिद से होते हुए सादीमदनपुर से होते हुए चौराह से होते हुए चिल्ला संगम इण्टर कॉलेज के गेट तक पहुंचा। इस दौरान जुलूस में अंसार अहमद ठेकेदार मोहम्मद यासिर, मोहम्मद ताहा, इमरान , इश्तियाक, मोहम्मद यूनुस, मंसूर अली, हाजी अय्यूब, मो अनस, सलमान , साबिर,मोहम्मद हनीफ राजू फारूकी के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में छोटी-छोटी बच्चियां तथा बच्चों के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहकर, हिंदुस्तान जिंदाबाद, बड़ी उम्मीद है सरकार तशरीफ लाएंगे, जश्ने ईद मिलादुन्नबी के गगनचुंबी नारे लगाकर जुलूस निकाला इस जुलूस के साथ-साथ स्थानीय पुलिस चिल्ला थाना प्रभारी कृष्ण देव त्रिपाठी व स्ढ़ कृपाशंकर मिश्रा और समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहा। बदौसा में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म दिन पर्व बडे ही धूम धाम के साथ दोपहर बाद कस्बे के इस्लाम को मानने वालों नें भव्य झांकियां वाहनों में सजा कर कामता प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय ग्राउण्ड में एकत्र हुए और गाजे बाजे, घोड़ों के साथ जुलूस नगर भ्रमण करते हुए निजामीनगर में समाप्त हुआ। सोमवार को इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिन के मौके पर तेरी रहमतों का दरिया सरे आम चल रहा है, डीजे के गीतों के साथ रंग विरंगी परिधानों में ट्रैक्टर ट्राली पर मक्का मदीने का सीन, पालने में मोहम्मद साहब की झांकी, घोडों के साथ इस्लाम धर्म में हर साल की भांति रबी उल अव्वल महीने की 12 तारीख को मिलादुन्नबी को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार इस बार कस्बे में बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया।

पैगंबर मोहम्मद साहबने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस त्योहार को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया गया। कस्बे में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में नमाज पढ कर अपने परिजनों और करीबियों से मिलकर मिलाद-ए-नबी की शुभकामनाएं दी तथा ईद-ए-मिला-उन-नबी के मौके पर इन संदेशों से मुबारकबाद दे सकते हैं। थानाध्यक्ष बदौसा जय चन्द सिंह पुलिस बल के साथ पूरे जुलूस में मुस्तैद रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, कौशाम्बी।
पताः—विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी।
निविदा सूचना

पत्रांक— 355/ग्रा0अ0वि0/ निविदा/2024—25 दिनांक : 30.08.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कौशाम्बी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी.डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:—

| क्र.सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशाषी अभिन्यता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| विधायक निधि | | | | | | | | | |
| 1 | कौशाम्बी | नगर पंचायत सिराथू के अर्न्तगत वार्ड संख्या 10 बनपुकरा में प्राचीन शिव मंदिर के पास सार्वजनिक रैन बसेरा का निर्माण | 8.45 | 42500 | 766 | 3 माह | विकास भवन मंझनपुर कौशाम्बी | परिमण्डल कार्यालय प्रयागराज | कलेक्ट्रेट मंझनपुर कौशाम्बी |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि— 23.09.2024 से 28.09.2024 तक
3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थानः— 28.09.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः— 30.09.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड कौशाम्बी में सम्पर्क करें।

(विपुल चंद्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड कौशाम्बी।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-219411 Date-11/09/2024


# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेच, जीता पुरस्कार



## ● बबेरू क्षेत्र के पतवन गांव में आयोजित किया गया दंगल

लोकमित्र ब्यूरो

**बबेरू।** क्षेत्र के पतवन गांव में ग्राम प्रधान सुनील यादव व ग्रामवासियों के द्वारा आयोजित विशाल दंगल का आयोजन हुआ जिसमें कई राज्यो के पहलवानों ने किस्तम आजमाई दंगल के मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक विशम्भर सिंह यादव रहे। क्षेत्रीय विधायक ने छोटालाड़ी पहलवान अयोध्या व धर्मवीर पहलवान झांसी का हाथ मिलवाया जिसमे अयोध्या के पहलवान विजयी रहे।दंगल में विधायक ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ साथ खेलकूद कसरत पहलवानी भी सिखाये जिससे शरीर फुर्तीला व निरोग रहता है और कहे कि अपने बच्चों को नशे से बचाये।

पहलवानो में ननकाई पहलवान लमेहटा ने राजेश कौशाम्बी सुधीर बिनवट ने राममिलन बाँदा राजेश मरका ने ब्रजेश हरियाणा राजेश रायबरेली ने किसन झांसी राजन फतेहपुर ने अनिल रायबरेली मनोज जालौन ने अतुल प्रयागराज जीवनलाल पाल मुरवल ने इंद्रजीत बाराबंकी को चित किया इस दौरान इंद्रजीत यादव मुलायम सिंह यादव ज्ञानसिंह रामराज यादव विजय द्विवेदी अखिलेश पाल अनुज यादव अशोक यादव सुरेश राजा यादव रामनारायण जयबाबू सहित सैकड़ों लोग ग्रामवासी मौजूद रहे।

इसी तरह तिंदवारी में जल बिहार मेला में सोमवार को दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें कई जिलों से आए पहलवानों के दावा पेच देखकर लोग रोमांचित हुए और तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया ।मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया दंगल का शुभारंभ कुरसेजा धाम आश्रम के महंत परमेश्वर दास त्यागी ने किया। प्रतियोगिता में झांसी, जालौन, कानपुर ,मथुरा, दिल्ली ,हरियाणा ,पंजाब, चित्रकूट व बांदा के पहलवानों ने दांवपेच दिखाएं। दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली के राकी को नेपाल के थापा ने पटखनी दी ।फतेहपुर के श्रीराम मथुरा के मोहन आगरा के ओमवीर मिरगनी के राधे श्याम आगरा के गोलू की कुश्ती बराबर पर छुट्टी ।पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन किया संचालन राम भवन रेफरी की भूमिका बुंदेलखंड केसरी कल्लू पहलवान ने की मेले में रामलीला आल्हा नौटंकी कीर्तन का मंचन हुआ । दंगल प्रतियोगिता में जल शक्ति राज मंत्री रामकेश निषाद ,कुरसेजा धाम आश्रम के महंत परमेश्वर दास त्यागी, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह. उत्तरी सहकारी समिति के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, नगर पंचायत प्रतिनिधि रमेश चंद्र साहू, भाजपा नेता राजनारायण द्विवेदी, प्रधान प्रतिनिधि जयकरण वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, विजय सिंह, अमरीश कुमार, चंद्रमौलि श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, राजेंद्र नाथ श्रीवास्तव, तोसू यादव समेत मेला दंगल प्रबंध समिति के कार्यकर्ता सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह रजावत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इधर, जसपुरा में बरेहटा ग्राम प्रधान श्रीमती उर्मिला निषाद के नेतृत्व में बरेहटा में विशाल दंगल और मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय और बाहरी पहलवानों ने अखाड़े में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। मुख्य आकर्षण मथुरा से आए पहलवान राहुल सिंह और अलीगढ़ से आए नूनू पहलवान के बीच हुई कुश्ती रही, जिसमें राहुल पहलवान ने दमदार मुकाबले में नूनू पहलवान को पटखनी दी। इसके अलावा फिरोजाबाद के हैप्पी पहलवान और मथुरा के काली पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जो बराबरी पर छूटा।

कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्थापन प्रमोद निषाद द्वारा किया गया। दंगल के अंत में खप्टिहा कला की ग्राम प्रधान मैना निषाद ने दोनों विजेता पहलवानों को हाथ मिलवाकर उनकी हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में विशेष रूप से शादिप पहलवान, रामऔतार फौजी, रामहेत और रामकरन जैसी हस्तियां भी मौजूद रहीं। इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र में दंगल प्रतियोगिता की परंपरा को पुनर्जीवित किया और स्थानीय जनता में भारी उत्साह का संचार किया।

# सूखा गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक प्रशिक्षु उत्कर्ष कुमार सिंह व आरक्षी रणवीर सिंह द्वारा शरद यादव निवासी ग्राम माखनपुर थाना कालिंजर जनपद बांदा को 1 किलो 52 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# पितरों को प्रसन्न करने के लिए कौवों को खिलाने की विशेष व्यवस्था


**चित्रकूट-** पितृ पक्ष में कौवों के माध्यम से पितरों को प्रसन्न करने की परंपरा किसी से छिपी नहीं है, किंतु मानव द्वारा उत्पन्न पर्यावरणीय समस्यायों के कारण अब कौवे बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। बावजूद इसके प्रभू श्री राम की वनवास भूमि चित्रकूट में आचार्य राजेंद्र तिवारी के निवास में प्रातः काल 6 से 7 बजे के मध्य कौवों के बडे समूह को खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराकर पितरों की प्रसन्न किया जा सकता है। यह विशेष स्थल उत्तर प्रदेश पर्यटक बंगला के सामने से बगिया जाने वाली रोड किनारे स्थित है। आचार्य राजेंद्र तिवारी ने बताया कि सनातन संस्कृति में पितरों के सम्मान और पितृ पक्ष में पिंडदान, तर्पण और वार्षिक श्राद्ध कर्म को विशेष महत्व दिया गया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# डीएम मैडम देखिए !रायबरेली के भूमाफियाओं की काली करतूतें !

## खरीददारों को दिखाए जाते सिर्फ स्टाम्प पेपर पर ९९९ साल की लीज के कागजात!


(1) यह कि पट्टे की किरायेदारी 999 वर्ष के लिये होगी और इस अन्तराल में प्रथम पक्ष व उनकी ओर से किसी को किरायेदारी समाप्त करने का कोई अधिकार नही प्राप्त होगा।
(2) यह कि यदि प्रथम पक्ष अथवा उसकी ओर से किसी व्यक्ति के द्वारा द्वितीय पक्ष के अधिकारो को अथवा अध्यासन मे कोई हस्तक्षेप किया जाता है तो प्रथम पक्ष उसके हर्जे व खर्चे की भरपाई करेंगे।
(3) यह कि द्वितीय पक्ष, प्रथम पक्ष को 999 वर्ष तक मु0 400 रूपया मासिक किराया अदा करता रहेगा।



**▸▸आखिर कौन है ये बटोही जो खोज-खोज कर बेच रहा नजूल की भूमि?**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** ''गुल बेच देंगे चमन बेच देंगे,धरा बेच देंगे गगन बेच देंगे, कलम के पुजारी अगर सो गए तो, ये धन के पुजारी वतन बेच देंगे''

जी हाँ !रायबरेली जिला प्रशासन के चंद जिम्मेदारों की मूकसहमति तथा राजनैतिक दिग्गजों के रसूख के बलबूते पर रायबरेली में प्रॉपर्टी डीलर ने नजूल तथा सरकारी खेवट खातों की भूमि को खोज-खोज कर बेचने का धंधा शुरू कर दिया है,वहीं आरडीए व तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों ने अपनी आँखों को चढ़ावे की पट्टी से ढक रखा है। ऐसा ही एक मामला जिलाधिकारी कार्यालय से चंद मीटर की दूरी पर सामने आया है। बता दें कि नयापुरवा मोहल्ले में स्थित नजूल भूमि के एक बड़े भूभाग में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बटोही ने पहले तो अवैध प्लाटिंग कर डाली,उसके बाद एक-एक कर के कई प्लाटों को दस से बारह लाख रुपये बिस्वा के हिसाब से बेच भी डाला है। बताया जाता है कि खरीददारों को जो कागजात दिखाए गयें हैं वह सिर्फ 999 साल की लीज के कागजात हैं,लीज के कागजातों को दिखा कर मात्र स्टाम्प पेपर पर बेंचनामा लिख कर कब्जा भी दे दिया गया है,जिन पर निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है।

**आखिर कहाँ गुम हो गयी योगी सरकार की एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स?**

लोगों का कहना है कि जहाँ एक तरफमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भूमाफिय़ाओं पर नकेल कसने के लिए लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ राजनैतिक रसूखधारियों के बलबूते पर जिला प्रशासन की चूले हिला देने वाले भूमाफिय़ाओं की रायबरेली शहर में बल्ले-बल्ले है। बताया तो यह भी जाता है कि इसी प्रॉपर्टी डीलर के परिजनों ने प्रगतिपुरम के सामने राजस्व ग्राम अख्तयारपुर नजूल में करोड़ों रुपये कीमत की सरकारी खेवट खाते वाली बागदारी की भूमि को पट्टेदारों से नियम-विरुद्ध तरीके से बैनामा व दाखिल खारिज करवा कर वहाँ भी अवैध प्लाटिंग करके बेच डाली है,जिस पर तमाम शिकायतें हुई,मामले को लेकर अखबारों में सैकड़ों बार खबरें प्रकाशित हुई,लेकिन राजनैतिक रसूख के कारण जिला प्रशासन भी आज तक सरकारी भूमि को खाली करवाने का साहस नहीं संजोय पाया है। लोगों में यही चर्चा है कि वर्ष 2015 से अब तक कई डीएम व एसडीएम अब तक जिले में आये और तबादला हो कर चले भी गये,परन्तु अपनी ही सरकारी भूमि को मुक्त नही करवा पाये हैं।

## विश्वविद्यालय में टाप करने पर कु0 सुमति सिंह को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल से किया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विश्वविद्यालय में टाप करने पर महामहिम राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित। डा0 शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ में एमएससी भौतिक विज्ञान में अध्ययनरत् कु0 सुमति सिंह सुपुत्री ज्ञानेन्द्र सिंह निवासी गांव देदौर जनपद रायबरेली ने विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सुमति सिंह ने अपने कालेज स्तर की शिक्षा जिले के प्रतिष्ठित संस्थान न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप आफ एजुकेशन से प्राप्त किया। दिनांक 13सितम्बर 2024 को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के करकमलों द्वारा सुमति सिंह को गोल्ड मेडल पहनाकर कर सम्मानित किया गया। कु सुमति सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा जे0डी0सिंह पूर्व प्रधानाचार्य देदौर इण्टर कालेज रायबरेली को देते हुए भविष्य में भौतिक विज्ञान में पीएचडी करके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जाकर राष्ट्र की सेवा करना चाहती है।

## विघ्न हर्ता गणेश भगवान के जगराते का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** सलोन नगर के मुख्य मार्ग स्थित शिव शंकर के आवास पर विघ्न हर्ता के जगराते का आयोजन किया गया। जहां भजन गायकों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर रंगारंग प्रस्तुति दी। जिस पर दर्शक झूमते नजर आए।भजन गायक मुकेश शुक्ला ने गीत घर मे पधारो गजानंद जी,प्रथम वंदना कर आपको अपनी कुटिया में बुलाया जैसे भजनों से आवाहन किया।जिस पर उपस्थित श्रोता झूमते नजर आए। वहीं भजन जगराता के माध्यम से आपसी एकता व भाईचारे का संदेश दिया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता, स्वच्छ भारत, नारी सम्मान, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम दरबार को लेकर झांकियां सजाई गई थी।जसे देखकर दर्शक मन मोहित हो चुके।शिव शक्ति जागरण ग्रुप द्वारा सरस्वती देवी की आराधना भी की गई।इस दौरान पंडाल से लेकर सड़क पूरी तरह से खचा खच भक्तो से भरा रहा।इस दौरान देवी भजनों की शुरुवात भी हुई। माँ की हर बात निराली है...बारिशों की छम छम में तेरे दर पर आए है जैसे सुंदर भजनों से तालिया बटोरी।

वही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण,माता जानकी सेवक हनुमान की निकली झांकियों से भक्तो का मन प्रफुल्लित हो उठा।पूरी रात चले जगराता में माता तारादेवी की कथा फिर आरती के बाद जगराते का समापन हुआ। इस मौके पर विपिन कौशल, सुभाष जायसवाल, मुरारी साहू, राकेश शर्मा, नेवी कौशल, रोबिन साहू रोहन, सन्दीप आदि लोग मौजूद रहे।

## कोई भी पत्रकार साथी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए हमसे संपर्क कर सकता है:एमएलसी पवन कुमार सिंह

### अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की ओर से पत्रकार आभार एवं सम्मान समारोह आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पत्रकारों को कई कठिन रास्तों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में पत्रकारों और उनके परिजनों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा हम उनके साथ हैं। कोई भी पत्रकार साथी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए हमसे संपर्क कर सकता है मैं उसकी पूरी व्यवस्था करूंगा। उक्त विचार मुख्य अतिथि माननीय सभापति वित्त एवं प्रशासकी यह विलंब समिति विधान परिषद व एमएलसी सीतापुर पवन कुमार सिंह ने अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की ओर से आयोजित पत्रकार आभार एवं सम्मान समारोह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली 1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की स्मृतियों को जो संजोने का प्रयास कर रही है इसकी जितनी सराहना



की जाए वह काम है। यह पहली ऐसी संस्था जो सामाजिक कार्यो के साथ विकास कार्यों पर भी काम कर रही है। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी समिति के प्रस्ताव पर 50 करोड़ का विकास कार्य रायबरेली में कर रहे हैं। ऐसे कार्यों में हर किसी को सहयोग करना चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर किसी भी पत्रकार के परिजनों को रोजगार की आवश्यकता है तो वह संपर्क करें, हम उन्हें नौकरी देंगे। साथ ही यदि उनके बच्चे पढ़ रहे हो तो उनको भी सुविधा दी जाएगी। श्री सिंह ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह सभागार का निर्माण होते देख अपार हर्ष हो रहा है और समिति को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे सेनानी के लिए काम किया जा रहा है। जिसने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया हो। श्री सिंह ने कहा कि पत्रकार साथी अगर अपने परिवार के साथ अयोध्या या बनारस दर्शन के लिए जाना चाहते हो तो वह समय बता दें आने-जाने की व्यवस्था मेरी तरफ से की जाएगी। अध्यक्षता कर रहे संरक्षक पूर्व विधायक गजाधर सिंह ने सभी का स्वागत किया। हरिहर सिंह, रविंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, जितेंद्र सिंह केसरिया ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मदन सिंह चौहान ने अंग वस्त्र लेकर सम्मानित किया। समिति के सचिव आशुतोष सिंह सुनील सिंह ने स्मृति चिन्ह लेकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के साथी समिति के अन्य पदाधिकारी ने सभी पत्रकार साथियों को राजा रामचंद्र जी व राना बेनी माधव बक्श सिंह का चित्र वह अंग वस्त्र देकर सभी पत्रकार साथियों को सम्मानित किया। अमर सेनानी की जयंती पर आयोजित भाव समर्पण समारोह की सफल आयोजन में अपनी सहभागिता करने वाले सभी पत्रकार साथियों को समिति ने आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा, राज पाल सिंह,आशीष दीक्षित, पुलक त्रिपाठी, सुनील पांडे, अनिल मिश्रा, हरीशानंद मिश्रा, अजीत सिंह, रमेश सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय मौर्य, विवेक श्रीवास्तव, पंकज सिंह, रवींद्र सिंह, मोहन कृष्ण, समेत अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्रि की तैयारियों में जुटी पूजा कमेटी, दुर्गा पूजा पंडाल का हुआ भूमि पूजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** शारदीय नवरात्रि की तैयारियों में सलोन नगर की पूजा कमेटी के साथ ग्रामीण क्षेत्रो की कमेटिया जुट चुकी हैं। सोमवार को कस्बे के मुख्य मार्ग पर में श्रीराम लीला दुर्गापूजा दुर्गा पूजा समिति के कार्यकर्ताओ में दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। भूमि पूजन के साथ ही अब पूजा पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ हो जायेगा।भूमि पूजन के दौरान मुख्यरूप से कमेटी के नवागन्तुक अध्यक्ष विपिन कौशल संरक्षक सुभाष जायसवाल, मुरारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि आज से पंडाल बनाने का कार्य शुरू हो चुका है।बंगाल के कुशल कारीगर इसबार माता के पंडाल को भव्य रूप देगे।इस मौके पर अतुल कौशल,आदेश अग्रहरि, शंकर वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## यूपीएस के खिलाफ 26 सितम्बर को कर्मचारी निकालेंगे आक्रोश मार्च

### आक्रोश मार्च में शिक्षक, लेखपाल, नर्सिंग स्टॉफ से लेकर राज्य कर्मचारी करेंगे प्रतिभाग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्र सरकार की तरफ से एनपीएस की जगह लाई जाने वाली यूपीएस योजना का भी लगातार विरोध जारी है। सरकार की तरफ से यूपीएस के सुधारों को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की जा रही है, इसकी वजह से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस पेंशन के विरोध में और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 26 सितम्बर को अटेवा के बैनर तले एकत्रित होकर जिले के हजारों कर्मचारी ÷आक्रोश मार्च÷ निकालेंगे। ÷आक्रोश मार्च÷ को सफल बनाने के लिए सोमवार को अटेवा जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक शहीद स्मारक मुंशीगंज में आयोजित की गई।मुंशीगंज के शहीद स्मारक पर आयोजित बैठक में जिला संयोजक इरफान अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से पुरानी पेंशन बहाल न करके अब न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने जा रही है। सरकार की यह पेंशन स्कीम बिल्कुल ही कर्मचारियों के हित में नहीं है।जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया कि



ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के बैनर तले कर्मचारियों ने अपने ही कार्यस्थल पर हाथ में काली पट्टी बांधकर नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस का विरोध 2 से 6 सितंबर तक किया गया था। इस विरोध में बेसिक, माध्यमिक और डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के साथ ही साथ लेखपालों, नर्सों और अन्य राज्य कर्मचारियों ने विरोध करते हुए सरकार से पेंशन स्कीम पर विचार करने का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार ने बिल्कुल ही गौर नहीं किया है।जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य ने बताया कि यूपीएस एक छलावा मात्र है भले इसमें सरकार अपना अंशदान 14 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर रही हैं लेकिन सेवानिवृत्त पश्चात आपके द्वारा किया गया अंशदान भी आपको नहीं मिलेगा। हम लोग इसी का विरोध कर रहे हैं और हम अपनी बुढ़ापे की लाठी यानि पुरानी पेंशन स्किम की मांग सरकार ने अनवरत कर रहे हैं।जिला मीडिया प्रभारी मो0 नसीम ने बताया कि आगामी 26 सितम्बर को पूरे जिले के कर्मचारी जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर ÷आक्रोश मार्च÷ निकालेंगे। उन्होंने बताया कि इस ÷आक्रोश मार्च÷ में प्रतिभाग करने के लिए विभागों में जागरूकता कार्यक्रम अटेवा की तरफ से चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी प्रतिभाग करें। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के साथ ही नर्सों, फार्मेसी, लेखपाल, पंचायत सचिवों, सफाई कर्मचारी संघ के साथ ही अन्य विभागों के कर्मचारी भी इसमें प्रतिभाग करेंगे।इस मौके पर हाल ही में ऊंचाहार और महराजगंज ब्लॉक के अटेवा संयोजक बने महेश कुमार और शीतांशु सोनकर का भी सम्मान जिला कार्यकारिणी की तरफ से किया गया।

बैठक में जिला प्रवक्ता मंयक वर्मा, अनवर अली, आशुतोष कुमार, विक्रम चौहान, राहुल सिंह, प्रदीप शुक्ला, राम प्रताप, पंकज, प्रकाश चंद्र यादव, राजेंद्र यादव, इंद्रसेन यादव, योगेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का मिला शव,हत्या की आशंका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** क्षेत्र के काली तिवारी का पुरवा मजरे उमरी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का टूटी हुई चारपाई पर शव मिलने से सनसनी मच गई।जिस समय अधेड़ का शव पाया गया उस समय घर में सिर्फ अधेड़ की दूसरी पत्नी और बच्चे मौजूद थे।परिजनों ने गला घोट कर हत्या किए जाने की आशंका जताई है।मृतक के गले में रस्सी के निशान देखा गया है।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।परिजनों का आरोप है की पुलिस ने उन्हें शव को देखने नही दिया।और आनन फानन में शव को पीएम के लिए भेज दिया।काली तिवारी का पुरवा मजरे उमरी गांव निवासी नरसिंह यादव (45) पुत्र लखन यादव का संदिग्ध परिस्थितियो में घर की टूटी हुई चारपाई पर शव पाया गया।मृतक के गले में रस्सी के काले और गहरे निशान पाए गए।शव को देखने से ऐसा लग रहा था की गला घोट कर हत्या की गई है।अधेड़ की सन्देहास्पद स्थित में हुई मौत की सूचना पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।देखते ही देखते सैकडो की भीड़ घटना स्थल पर एकत्रित हो गई।घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने परिजनों से अभद्रता शुरू कर दी।इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है की संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया है।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।मौत की वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

## जश्न-ए-ईद मिलाद उन नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज कस्बा समेत क्षेत्र भर में जश्न-ए-ईद मिलाद उन नबी का त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पैगम्बर हजरत मौहम्मद साहब की योमे पैदाइश और बफात पर बारावफात मनाई गई। मुस्लिम समाज ने कस्बा और क्षेत्र भर में इंसानियत और सोहार्दपूर्ण देश भक्ति जज्बा और मजहबी झंडा लेकर जूलूस निकाला। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग सहित युवक साथ चल रहे थे। जुलूस कस्बे की छोटी मस्जिद से शुरू होकर अस्पताल रोड, चंद्रपुर चौराहा, घास मंडी चौराहा, होते हुए रंधवा रोड, और मुख्य मार्गो पर होते हुए पुलिस चौकी तिराहा सहित अन्य मार्गो से होता हुआ मस्जिद में ही संपन्न




हुआ। जुलूस के दौरान जगह-जगह जुलूस में चल रहे लोगों को दूध, हलवा, पुलाव और शरबत प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। मुस्लिम समाज के लोग पताका, झंडियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथों में लेकर चल रहे थे। जुलूस के साथ घोड़े की सवारी देखी गई। आपको बता दें कि, जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहम्मद साहब को याद करते हुए मजहबी झंडा लहराया। काजी ने तकरीर पेश की, जहां उन्होंने मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। महराजगंज कस्बे में बारावफात के निकाले गए जुलूस में युवाओं में जज्बा और उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने मजहबी झंडा लेकर समूचे जुलूस में फहराया है। मजहबी नारे भी लगाए गए। जुलूस को सांप्रदायिक सौहार्द एवं गंगा जमुनी तहजीब के साथ मुस्लिम समाज की ओर से निकाला गया है। जुलूस में स्थानीय नेता, कस्बे के काजी सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग चल रहे थे।इसके अलावा क्षेत्र के मऊ, हलोल, चंदापुर, बावन बुजुर्ग बल्ला, खैरहना, हरदोई आदि स्थान पर भी मुस्लिम समाज एवं हिंदू समाज के लोगों ने मिलकर जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस निकाला।

## आरेडिका में स्वच्छता अभियान 4.0 की आज से शुरूआत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4.0 को सफल बनाने एवं जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान आज से चलाया जाएगा। अभियान के बाबत योजना रचना बन गई है।शुरूआत आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ होगी। स्वच्छता शपथ के उपरान्त सभी शॉपों कार्यालयों एवं आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में सभी रेलवे परिवार के सदस्य एवं आस-पास के लोग सहभागिता करेंगे।12 सितंम्वर गुरूवार को इस विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 की प्रारम्भिक तैयारियों की समीक्षा हेतु रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर ने बैठक की और बैठक के दौरान स्वच्छता में सुधारों पर जोर दिया गया। यह कार्यक्रम तीन चरणों में चलाया जाएगा जिसमें प्रथम चरण 17.09.2024 से 02.10.2024 तक एवं द्वितीय चरण 02.10.2024 से 31.10.2024 तक तथा तृतीय चरण 01.11.2024 से 15.11.2024 तक चलेगा। रेल कोच के जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए 150 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को बढाने के लिए अभियान चलाकर आस-पास के ग्राम-पंचायतों को स्वच्छता चौपालों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। स्वच्छता अभियान 3.0 के दौरान भी आरेडिका ने खाली जगहों की सफाई एवं वृक्षारोपण, स्क्रैप निपटान से प्राप्त राजस्व, जन शिकायतों एवं अपीलों के निपटान, कार्बन फुटप्रिन्ट में कमी जैसे मानदण्डों पर आरेडिका रेलवे के सभी प्रमुख शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संस्थाओं में से एक है। इस अभियान में भी आरेडिका भारत सरकार के कदम से कदम मिला कर चल रहा है।

## टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने मैजिक चालक को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** टोल देने के विवाद को लेकर टोल प्लाजा के कर्मचारियों की सरहंगई सामने आई है। वैसे तो रोज ही टोल प्लाजा के कर्मचारी आने जाने वाले लोगों से विवाद करते रहते हैं। सोमवार को तो दिनदहाड़े लालगंज रायबरेली मार्ग पर ऐहार के निकट स्थित टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने मैजिक चालक और उसमें बैठी सवारियो को जमकर पीटा। मामला टोल देने के विवाद को लेकर सामने आया है। शांति नगर लालगंज निवासी बउवा पुत्र रज्जन मैजिक जीप चलाकर परिवार की रोजी-रोटी चलाता है। सोमवार को वह मैजिक लेकर टोल प्लाजा से निकल रहा था ।तभी दो दिन पहले के टोल के पैसे को लेकर कहा सुनी हुई और टोल के कर्मचारियों ने बउवा को जमकर मारा पीटा। मामले में मैजिक चालक बउवा ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराई जा रही है।

## पूर्व प्राचार्य के यहां स्थापित गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह धार्मिक व्यक्तित्व के समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं। उनके द्वारा उपेन्द्र सदन में गणेश भगवान की स्थापना की गई थी। बिधि विधान से भगवान गणेश की पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न हुआ है।गणेश पूजा की समाप्ति के बाद गणेश की जय घोष करके गणपति जी का गेगासो गंगा घाट शिवपुरी में भूमि विसर्जन किया गया है। इस मौके पर राजेश सिंह फौजी, अरुण सिंह ,बबलू सिंह , तिवारी जी, अभिषेक गुप्ता, सतीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## बैसवारा पीजी कॉलेज में रोवर्स एवं रेंजर्स के तीसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज में चल रहे रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में रायबरेली से प्रशिक्षक श्रीराम यादव ने बेडेन पावेल, स्काउट के जन्मदाता के विषय में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की एवं कैंम्प फायर के विषय में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षिका अर्चना यादव ने रोवर्स एवं रेंजर को प्रथम सोपान की गाठे एवं बंधन तथा



बायां हाथ मिलाने के विषय में जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने रोवर्स एवं रेंजर्स को प्रशिक्षण प्राप्त करके देश के कुशल एवं सुयोग्य नागरिक बनने का आह्वान किया। योग्य प्रशिक्षित विद्यार्थियों से ही हमारा देश समृद्धशाली होगा। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि आप सभी अपने जीवन के उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करें। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि रोवर्स के प्रभारी डॉ केके दीक्षित ने कहा कि मानव का विवेक ही पृथ्वी का सबसे बड़ा संसाधन है जो अपने विवेक और शिक्षा से प्रकृति की वस्तुओं को संसाधन एवं उपयोगी बनाता है। रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर प्रिया दुबे ने रोवर्स एवं रेंजर्स के बारे में कहा कि मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता है हौसले से उड़ान होती है । रोवर्स के प्रभारी डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा ने सभी को यह बताया कि अनुशासन का पालन करना सदैव कड़वा होता है, लेकिन इससे प्राप्त होने वाला फल सदैव मीठा होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# वाराणसी में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के समीप,तटवर्ती क्षेत्र टापू बने

**● वरूणा नदी में पलट प्रवाह से बाढ़ का पानी बस्तियों में पहुंचा,हजारों परिवार प्रभावित**







**वाराणसी,(हि.स.)।** जिले में गंगा का जलस्तर अब खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है। गंगा की लहरें आबादी क्षेत्र में पहुंच गई है। तटवर्ती क्षेत्र के गांव और मोहल्ले चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर गए है। गंगा की सहायक नदी वरूणा में पलट प्रवाह से बाढ़ का पानी अब मोहल्लों में कहर बरपाने लगा है। लोग घर छोड़ कर सुरक्षित जगहों पर रह रहे है।

केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी बाढ़ बुलेटिन के अनुसार सोमवार को सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 70.72 मीटर दर्ज किया गया। गंगा में खतरे का निशान 71.262 मीटर है। गंगा के जलस्तर में लगभग तीन सेंटीमीटर प्रति घंटे वृद्धि हो रही है। जलस्तर में लगातार बढ़ाव से मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका घाट की गलियों में अब नावें चलने लगीं है। यहां अंतिम संस्कार के लिए लोग नावों का सहारा ले रहे है। शवों को नावों पर लादकर घाट के उपरी प्लेटफार्म पर लाकर दाह संस्कार किया जा रहा है। गंगा के सभी घाट गंगा की लहरों में डूब गए हैं। गलियों के रास्ते बाढ़ का पानी घरों में पहुंच गया है। सामने घाट स्थित नाले और उस पर बने आटोमैटिक चैनलगेट बाढ़ के दबाव से तेजी से रिसने लगा है। इससे बाढ़ का पानी निकटवर्ती कॉलोनियों में घुस गया है। दर्जनों मकान का निचला तल बाढ़ के पानी से भर गया है।नगवां और आसपास के सैकड़ों घर टापू जैसे नजर आ रहे है। गंगोत्री बिहार, संगमपुरी, डुमरांव बाग कॉलोनी के वाशिंदों की नींद उड़ गई हैं। ग्रामीण अंचल के ढ़ाब क्षेत्र में किसानों के सामने बढ़ा संकट खड़ा हो गया है।

सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल और सब्जियां बाढ़ के पानी खराब होने के कगार पर हैं। रामपुर ढाब, गोबरहा और मोकलपुर गांव बाढ़ से घिर गए हैं। किसानों के सामने पशुओं के चारे का संकट भी खड़ा होने लगा है।चौबेपुर थाना क्षेत्र के पिपरी गांव और आसपास के गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। नाद और गोमती नदी के पानी से मुख्य मार्ग का सम्पर्क कट गया है। लोग बाढ़ के पानी में चलकर आ जा रहे है।

# समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे लापता, डायमंड हार्बर में हेलीकॉप्टर से तलाशी शुरू



**कोलकाता,(हि.स.)** । पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर के सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से समुद्र में मछली पकड़ने गए 49 मछुआरे तीन ट्रॉलरों के साथ लापता हो गए हैं। प्रशासन की ओर से हेलीकॉप्टर द्वारा सोमवार सुबह से ही इन मछुआरों की तलाश की जा रही है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। मछुआरों के परिवार वाले चिंतित होकर प्रशासन से जल्द से जल्द जानकारी देने की मांग कर रहे हैं।मछुआरों के परिजनों के अनुसार पिछले मंगलवार को सुल्तानपुर मछली बंदरगाह से एक दल गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकला था और उन्हें रविवार तक लौटना था। बाकी मछुआरे लौट आए लेकिन इन तीन ट्रॉलरों में सवार 49 मछुआरों का कोई पता नहीं चल पाया। पहले नाव और ट्रॉलरों से तलाशी अभियान शुरू किया गया था लेकिन सोमवार को प्रशासन ने हवाई मार्ग से तलाशी के लिए हेलीकॉप्टर भेजा।मछुआरों के मुताबिक 'मा रिया' और 'श्री हरी' नाम के दो ट्रॉलरों सहित कुल तीन ट्रॉलरों के इंजन खराब हो गए थे, जिससे ट्रॉलरों के प्रोपेलर भी काम करना बंद कर दिए। अन्य मछुआरों ने इन ट्रॉलरों को खींचकर वापस लाने की कोशिश की लेकिन तेज समुद्री धाराओं के कारण वे सफल नहीं हो सके।प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण मछुआरे गहरे समुद्र से किनारे की ओर लौट रहे थे लेकिन इस दौरान कई ट्रॉलरों की वायरलेस मशीन खराब हो गई, जिससे संपर्क करना मुश्किल हो गया। इस मामले की सूचना तटरक्षक बल को दी गई है।मछुआरों के परिजन गहरी चिंता में हैं, क्योंकि उन्हें अब तक अपने प्रियजनों की कोई जानकारी नहीं मिली है। सोमवार सुबह से ही कई परिवार सुल्तानपुर मछली बंदरगाह पर एकत्रित हैं और वे प्रशासन से सही जानकारी देने की गुहार लगा रहे हैं। कई परिवारों ने कहा कि उनके पति और भाई उन ट्रॉलरों में सवार थे और अब उनकी स्थिति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

# इंडी गठबंधन पर भाजपा ने साधा निशाना, कहा- यह भ्रम और विभाजन का गठबंधन है



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि यह भ्रम और विभाजन का गठबंधन है। सोमवार को सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह भ्रम और विभाजन का गठबंधन है। इंडी एलायंस सभी बंटे हुए हैं। इस गठबंधन का न तो कोई मिशन है और न ही विजन है। एक तरफ कांग्रेस कह रही है कि अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने की घोषणा एक नाटक है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को भ्रष्ट बता रहे हैं। तो दूसरी तरफ गठबंधन सहयोगी फारूक अब्दुल्ला इस कदम का जश्न मना रहे हैं।शहजाद पूनावाला ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपना इस्तीफा सिर्फ मजबूरी में दिया है। क्योंकि वे जेल से बाहर आकर भी फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते, दफ्तर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के मुख्यमंत्री को लालू-राबडी मॉडल के तौर पर सुनीता केजरीवाल को बनाने के लिए सभी विधायकों को मनाने में दो दिन और लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि यह एक नैतिक निर्णय है, लेकिन जब वह जेल के अंदर से मुख्यमंत्री थे तो 150 दिनों तक नैतिकता कहां थी?

# भारत ने दुनिया को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया- नरेन्द्र मोदी

**● प्रधानमंत्री ने चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन**



**गांधीनगर, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए भारत ने 20 हजार करोड़ रुपये का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लॉन्च किया गया है। देश में वेस्ट टू एनर्जी का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। क्रिटिकल मिनरल से जुड़ी चुनौतियों के लिए पहचान के लिए सर्कुलर एप्रोच को प्रमोट किया जा रहा है। रियूज और रिसाइकिल से संबंधित बेहतर तकनीक के लिए स्टार्टअप को स्पोर्ट किया जा रहा है। प्रो प्लानेट पिपुल का सिद्धांत हमारा कमिटमेंट है। भारत ने दुनिया को मिशन लाइफ यानी लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया है।प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिनेबल एनर्जी इनवेस्टर्स समिट का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहेथे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस का प्रयास कर दुनिया के सैकड़ों देशों को जोड़ा है। भारत ने अपने रेलवे को भी इस दशक के अंत तक नेट जीरो बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनोल के लक्ष्य को हासिल करेंगे। गांव-गांव में अमृत सरोवर से जल संरक्षण हो रहा है। मां के नाम पर लोग पेड़ लगा रहे हैं। भारत का प्रयास पूरी तरह से मेड इन इंडिया सॉल्युशन के रूप में है।उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरा टर्म दिया है। आज 140 करोड़ भारतवासियों को भरोसा है, युवाओं को भरोसा है, महिलाओं को भरोसा है कि उनकी आशाओं को पिछले 10 साल में जो पंख लगे हैं, वे इस थर्ड टर्म में एक नई उड़ान भरेंगे। देश के गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित को भरोसा है कि हमारा थर्ड टर्म उसके गरीमापूर्ण जीवन जीने की गारंटी बनेगा। भारतीय जनता देश को तेजी से टाप थ्री इकोनॉमी में पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं। यह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के हमारे एक्शन प्लान का हिस्सा है। हम यह काम कैसे कर रहे हैं, इसका ट्रेलर थर्ड टर्म के हमारे पहले 100 दिनों के फैसलों में दिखता है। कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। देश में 7 करोड़ घर बना रहे हैं। यह दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। सरकार ने अपने दो टर्म में 4 करोड़ घर बना दिए हैं। तीसरे टर्म में 3 करोड़ नए घर बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। बीते सौ दिनों में भारत में 12 नए इंडस्ट्रीयल सिटी बनाने का फैसला लिया, आठ हाई स्पीड रोड कोरिडोर को मंजूरी दी गई। 15 से अधिक नई मेड इन इंडिया सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन लॉन्च की गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया को लगता है कि भारत 21वीं सदी की बेस्ट बेट है।मोदी ने कहा कि गुजरात की जिस धरती पर श्वेत क्रांति का उदय हुआ, मधु क्रांति हुआ, सूर्य क्रांति का उदय हुआ। गुजरात भारत का वह राज्य है, जिसने भारत में सबसे पहले अपनी सोलर पावर पॉलिसी बनाई। पहले गुजरात में पॉलिसी बनी इसके बाद हम राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़े। क्लाइमेट के लिए भी अलग से मिनिस्ट्री बनाने में भी गुजरात बहुत आगे था।मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सचेत किया था। महात्मा गांधी का यह विजन भारत की महान परंपरा से निकला है। हमारे लिए ग्रीन फ्यूचर, नेट जीरो कोई फैंसी वर्ड नहीं है, यह भारत की जरूरत है, सरकार का कमिटमेंट है। आज का भारत सिर्फ आज का नहीं बल्कि आने वाले एक हजार साल का बेस तैयार कर रहा है।

हमारा मकसद सिर्फ टाप पर पहुंचना नहीं है, वहां टिके रहने की है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी जरूरत के लिए सोलर पावर, विंड पावर, न्यूक्लियर और हाइड्रो पावर के आधार पर भविष्य तैयार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने रूफटॉप स्कीम को यूनिक स्कीम बताते हुए कहा कि भारत का हरेक घर पावर प्रोड्यूसर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कहा कि इस योजना के तहत सवा तीन लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का काम पूरा भी हो चुका है। इसके परिणाम अद्भुत है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को बिजली बिल बचेगा और जो बचाएंगे उससे उन्हें 25 हजार रुपये कमाएंगे। 20 साल बाद 10-12 लाख रुपये की कमाई होगी। यह पैसा बच्चों की पढाई से लेकर शादी-ब्याह में काम आएंगे। यह 20 लाख रोजगार का जनक और पर्यावरण के संरक्षण का काम करेगा। पीएम मोदी ने मोढेरा का जिक्र कर सूर्य मंदिर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से सौर ऊर्जा गांव है। उन्होंने अयोध्या को सोलर मॉडल सिटी बनने की जानकारी दी। पीएम मोदी ने सोलर पावर संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मध्य प्रदेश के मुख्य मोहन यादव समेत 140 देशों के 25 हजार प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। 40 से अधिक सत्र, 5 पैनल चर्चा, 115 से अधिक बी टू बी मीटिंग आयोजित होगा।

# टैंकर और तूफान गाड़ी की टक्कर से 8 लोगों की मौत



**सिरोही, (हि.स.)।** उदयपुर-पालनपुर फोरलेन हाईवे (एनएच-27) पर पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में कैंटल पुलिया के पास रविवार रात रॉन्ग साइड आ रही तूफान गाड़ी टैंकर से टकरा गई। हादसे में तूफान में सवार 8 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। तूफान गाड़ी में सवार सभी लोग उगनासार (उदयपुर) से सिरोही होते हुए पाली के नाकोड़ा मंदिर में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। कैंटल पुलिया के पास तूफान गलत साइड में जाकर सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई।पिंडवाड़ा थाना अधिकारी, पिंडवाड़ा डीएसपी भंवरलाल चौधरी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी से घायलों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

घायलों को पिंडवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सिरोही जिला अस्पताल रेफर किया गया। सिरोही के एडिशनल एसपी प्रभु दयाल धानिया ने बताया कि तूफान गाड़ी रॉन्ग साइड में आ रही थी जो सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गई। गाड़ी में 29 लोग सवार थे। इनमें से आठ की मौत हो गई। 16 लोग घायल हैं। पांच लोग सुरक्षित हैं। हादसे में सूरजमल (40), झाला और 6 अन्य की मौत हो गई।सिरोही जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र महात्मा ने बताया कि घायलों में करण (30), रोशन (30), कानीबाई (35), प्रमोद (35), केशुलाल (45), लक्ष्मी (25), सुगना (10), उरीबाई (50), भंवरलाल (38), राजू (24), रमेश (25), सुगता (16), रामलाल (22), मोहन (25), सुरेश (20) और लाली शामिल हैं। सभी उदयपुर के रहने वाले हैं। सांसद लुंबाराम चौधरी और पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया ने सिरोही जिला अस्पताल पहुंच कर घायलों के हालचाल जाने।सिरोही कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि हाईवे खुल चुका है और स्थिति नियंत्रण में है। दो गंभीर घायलों को उदयपुर रेफर कर रहे हैं। हादसे की जांच करेंगे। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसकी पूरी कोशिश करेंगे।

# देश के 75 स्थानों पर दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरणों का होगा वितरण

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार मंगलवार को देश भर के आकांक्षी ब्लॉकों और विभिन्न स्थानों पर %सामाजिक अधिकारिता शिविर% का उद्घाटन करेंगे। %सामाजिक अधिकारिता शिविर% के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे, जो गतिशीलता और स्वतंत्रता के साथ जीवन को सशक्त बनाएंगे।सोमवार को समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने जानकारी दी कि लाभार्थियों को 70 से ज्यादा आकांक्षी ब्लॉक्स व 5 अन्य जगहों पर सहायक उपकरणों का मुफ्त वितरण किया जाएगा, जिसका पूरा खर्च केन्द्र सरकार वहन करेगी। शिविरों में नए लाभार्थियों के लिए भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध होगी।

# हाई कोर्ट हो या सिविल कोर्ट जज यह सुनिश्चित करें कि केस का जल्द से जल्द निपटारा हो - चीफ जस्टिस




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में हाल के दिनों में एक आम व्यक्ति के रूप में जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए हाई कोर्ट में उपस्थित वकीलों को बताया कि रांची सिविल कोर्ट में दोपहर 4.30 बजे तक लगभग सभी कोर्ट रूम खाली जाते हैं। रांची सिविल कोर्ट में चार-पांच जजगण ही उन्हें दोपहर 4.30 के बाद भी काम करते दिखे थे।निरीक्षण के दौरान रांची सिविल कोर्ट के एक कोर्ट रूम में उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही की प्रक्रिया भी बैठकर देखी थी। सिविल कोर्ट में उस दिन वे बिना बॉडीगार्ड एवं बिना सूचना दिए गए थे ताकि रांची सिविल कोर्ट में कोर्ट की वास्तविक स्थिति देख सके। सिविल कोर्ट में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत कई अधिवक्ताओं ने भी उन्हें नहीं पहचाना था। एक्टिंग चीफ जस्टिस ने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट एवं सिविल कोर्ट में सभी जजों को अपने निर्धारित समय पर जरूर बैठना चाहिए और त्वरित ढंग से केस का निष्पादन करना चाहिए। जज एवं वकील का काम मुवक्किलो को जल्द से जल्द न्याय दिलाना है।हाई कोर्ट में उपस्थित महाधिवक्ता राजीव रंजन से भी उन्होंने मौखिक कहा कि हाई कोर्ट में कई महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता की जगह जूनियर अधिवक्ता केस की पैरवी के लिए आते हैं। अनुभव एवं उचित जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें कोर्ट की नाराजगी का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहें, यह सुनिश्चित करना बेहतर होगा।

## झारखंड हाई कोर्ट ने आरपीएफ जवान को फांसी की सजा पर फैसला रखा सुरक्षित

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में रामगढ़ जिले के बरकाकाना रेलवे कॉलोनी में घुसकर 17 अगस्त 2019 की रात परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या व दो लोगों को जख्मी करने मामले में फांसी की सजा पाए अभियुक्त पवन कुमार सिंह की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील एवं राज्य सरकार द्वारा फांसी को कंफर्म करने वाली अपील की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया।सीआरपीएफ जवान पवन कुमार सिंह को रामगढ़ के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 16 मार्च, 2023 को सजा सुनाई थी। अदालत ने पवन को धारा 302 के तहत फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ धारा 307 में 10 साल कारावास और आर्म्स एक्ट में सात साल कारावास की सजा के साथ दोनों ही धाराओं में 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया। मामले में पूर्व डीएसपी संजीव कुमार बेसरा और मेदांता के चिकित्सक के अलावे सभी 16 की गवाही हुई थी।आरपीएफ जवान रहे पवन कुमार सिंह रोज रेल कर्मी अशोक राम के घर से दूध लेने आता था। 17 अगस्त, 2019 की रात 9ः00 बजे वह अशोक राम के घर दूध लेने गया था। विवाद होने पर उसने अशोक राम समेत परिवार के पांच लोगों को गोली मार दी थी। गोली लगने से अशोक राम व उसकी पत्नी लीला देवी और उनकी गर्भवती पुत्री वर्षा देवी उर्फ मीना देवी की मौत हो गयी थी जबकि बेटी सुमन देवी तथा पुत्र संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना को अंजाम देने के बाद जवान आरपीएफ के बैरक में गया था। हत्या में इस्तेमाल की गयी सरकारी पिस्टल को वह बैरक में ही छोड़कर भाग गया था

# चीन के शंघाई में तूफान बेबिनका की दस्तक, फ्लाइट्स रद्द, रेलगाड़ी, स्कूल-कॉलेज बंद, तटीय क्षेत्र खाली कराया गया



**बीजिंग,(हि.स.)।** चीन के सबसे बड़े औद्योगिक शहर शंघाई में इस साल का 13वां तूफान बेबिनका दस्तक दे चुका है । आज सुबह साढ़े सात बजे चली तेज हवा से कई जगह पुराने वृक्ष उखड़ गए। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसका प्रभाव पुडोंग जिले के लिंगांग क्षेत्र में नजर आया। हवाई, रेल और बस सेवा को रद्द कर दिया गया। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है।शंघाई केंद्रीय मौसम विज्ञान वेधशाला का कहना है कि बेबिनका 75 वर्ष के इतिहास में शंघाई में आया सबसे शक्तिशाली तूफान है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, शनिवार रात को आए तूफान के आज पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के किदोंग के उत्तर और पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के निंगबो के दक्षिण के इलाकों के बीच टकराने की आशंका है। रविवार रात आठ बजे शंघाई के दोनों हवाई अड्डों से उड़ानें रद्द कर दी गईं।

# दिव्यांग लोगों के लिए सिनेमा देखना होगा सुलभ, ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल किया शुरू

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिनेमा देखने को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब श्रवण बाधित और दृष्टिबाधित लोगों के लिए फिल्म थियेटरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों के सबटाइटल देना होगा।इस दिशा में कदम उठाते हुए ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल जारी किया है। आवेदक अब दिशा-निर्देशों में निर्दिष्ट अनुसार श्रवण और दृष्टिबाधित लोगों के लिए आवश्यक एक्सेसिबिलिटी सुविधाओं के साथ अपनी फिल्में लागू एवं जमा कर सकते हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इन दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी तिथि 15 सितंबर 2024 निर्धारित की थी।

# फजलुर रहमान को भरोसे में न लेने पर नवाज शरीफ सरकार से नाराज



**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने संवैधानिक संशोधन के संबंध में अपनी सरकार की रणनीति पर नाराजगी व्यक्त की है। वह रविवार को लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनकी राष्ट्रपति जरदारी और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (फजल) के नेता मौलाना फजलुर रहमान के साथ मुलाकात भी तय कराई। बावजूद इसके नवाज ने दोनों से मुलाकात नहीं की। आज वह लाहौर पहुंच गए।एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से जारी खबर में कहा है कि नवाज शरीफ ने कहा है कि सरकार को संशोधन पर आगे बढ़ने से पहले फजलुर रहमान को विश्वास में लेना चाहिए था। जियो न्यूज ने इस घटनाक्रम पर कहा है किसंभवतः नवाज शरीफ की नाराजगी के मद्देनजर ही आज दोपहर साढ़े 12 बजे विभिन्न नेताओं ने मौलाना फजलुर रहमान से मुलाकात की। इस राजनीतिक घटनाक्रम के केंद्र में दक्षिणपंथी नेता और मौलाना फजलुर रहमान का इस्लामाबाद स्थित आवास आ गया है। रविवार देररात उनसे मिलने प्रमुख राजनीतिक हस्तियां पहुंचीं। इनमें अवाम पाकिस्तान पार्टी के प्रमुख शाहिद खाकन अब्बासी, मिफ्ताह इस्माइल, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती, पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक कक्कड़, अब्दुल गफूर हैदरी और कामरान मुर्तजा प्रमुख हैं।

# बांग्लादेश में दो पूर्व मंत्री समेत चार गिरफ्तार



**ढाका, (हि.स.)।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश अवामी लीग के नेताओं की धरपकड़ जारी है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने कल रात राजधानी से पूर्व संस्कृति मंत्री असदुज्जमां नूर और पूर्व नागरिक उड्डयन और पर्यटन राज्यमंत्री महबूब अली को गिरफ्तार कर लिया।ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, रविवार रात असदुज्जमां नूर को बेली रोड से और महबूब को सेगुनबागीचा इलाके से गिरफ्तार किया गया।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मलिक ने कहा कि असदुज्जमां नूर को मीरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में रात करीब 11ः00 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि असदुज्जमां ने 2001 से संसद में अवामी लीग का प्रतिनिधित्व किया। हाल ही में 12वें संसदीय चुनाव में उन्हें निलफामारी-2 के लिए संसद सदस्य के रूप में चुना गया। नूर ने 2014 में संस्कृति मंत्री की भूमिका निभाई। महबूब अली 2014 और 2018 में दो बार हबीगंज-2 से अवामी लीग के लिए संसद सदस्य चुने गए। पुलिस उपायुक्त मोहम्मद तालेबुर रहमान ने कहा कि महबूब अली को जतराबारी पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया गया।प्रोथोम अलो के अनुसार, पांच अगस्त को छात्र-जन विद्रोह में अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से अब तक कम से कम 27 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है।बांग्लादेश के ही समाचार पत्र द डेली स्टार ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के कानूनी और मीडिया विंग के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल मुनीम फेडौस के हवाले से राजशाही-4 के पूर्व विधायक इनामुल हक को आज ढाका के अदबोर इलाके से गिरफ्तार करने की खबर दी है। उन्हें पांच अगस्त को राजशाही में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर हमले को लेकर बाघमारा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है।

# कुल 1लाख 6 हजार 306 डिग्रियां प्रदान की गईं

**लखनऊ विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह**

अनुष्का को चांसलर, अंशिका को वाइस चांसलर और आयुष को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल मिला



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वां दीक्षांत समारोह सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रांगण में शुरू हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल कर रही है। समारोह भारतीय कंप्यूटर वैज्ञानिक आईटी लीडर और शिक्षाविद पद्मश्री, पद्म-भूषण डा. विजय पांडव रंग भटकर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए हैं। दीक्षांत समारोह में अनुष्का जैन को चांसलर गोल्ड मेडल-2024, आयुष चौहान को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस-2024 और कैडेट अंशिका तिवारी को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) दिया गया है। दीक्षांत में कुल 198 मेडल के लिए मेधावियों दिए गए है। वहीं अस्थायी मेडलों की सूची में शैलजा चौरसिया को 10 गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल दिया गया। वैष्णवी मिश्रा व रीमा चौधरी को नौ-नौ गोल्ड, जूली पटेल व हार्दिक गुप्ता को छह-छह गोल्ड, अर्पिता गोडिन, अर्पन शुक्ला, अनुराग सिंह को चार गोल्ड और निखिल सिंह, अर्शी श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, अदिति बाजपेयी, दिव्यांशी मिश्रा, शशांक शेखर पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, प्रिया मिश्रा, शिखर भारती को तीन-तीन गोल्ड मेडल दिए गए।

दीक्षांत समारोह में कुल एक लाख 6 हजार 306 डिग्री दिए गए हैं। जिसमें 62 हजार 111 डिग्रियां छात्राओं, 44 हजार 195 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। लखनऊ विश्वविद्याल विश्वविद्यालय परिसर के 7049 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई हैं। जिसमें 3418 डिग्रीयां छात्राओं, 3611 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। लखनऊ जिले के डिग्री कॉलेज में कुल 36 हजार 877 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई है। जिसमें 23 हजार 122 डिग्रियां छात्राओं, 13 हजार 745 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हरदोई जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 19 हजार 39 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान कीं। जिसमें 8753 डिग्रियां छात्राओं, 10 हजार 286 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई हैं। लखीमपुर जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 13 हजार 19 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान कीं। जिसमें 8059 डिग्रियां छात्राओं, 4970 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। रायबरेली जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 15 हजार 171 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान कीं। जिसमें 9351 डिग्रियां छात्राओं, 5820 डिग्रीयां छात्रों को प्रदान की गई है। सीतापुर जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 15 हजार 151 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान कीं। जिसमें 9445 डिग्रीयां छात्राओं, 5706 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई हैं।

**ईमानदारी से काम करने से परिवर्तन जरूर आता है:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विश्वविद्यालय में मेडल पाने वालों में लड़कियां सबसे आगे हैं। इसी वजह से यह विश्वास पैदा होता है, भारत जल्दी विश्व गुरु बनेगा। जितने छात्र छात्रा हमारे यहां मेडल लेने ऊपर आए थे। उनसे पूछते थे तो इसमें यह पता चला कि उनके माता-पिता टीचर है। लखनऊ विश्वविद्यालय 5 साल पहले यह हालत क्या थे, और आज कितना बदलाव आया है। अगर कमिटमेंट हो, एक दूसरे का सहयोग करके हम आगे बढ़ते हैं। इसका सबसे बेहतर परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय है। राज्यपाल ने कहा कि प्रवेश परीक्षा, पेपर, डिग्री की जांच करने के लिए राज्य सरकार यूनिवर्सिटी के माध्यम से 200 करोड़ से ज्यादा का खर्च करती थी। अब यह खर्च बंद हो गया है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए करना है काम

गोमतीनगर की रहने वाली अंशिका तिवारी को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) के लिए चुना गया है। अंशिका के पिता बृजेश तिवारी यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर और मां शिशु तिवारी ग्रहिणी हैं। बड़ा भाई अर्पित प्राइवेट जॉब कर रहा है। बहन अल्पना तिवारी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहीं हैं। अंशिका का कहना है कि वह महिला सशक्तिकरण पर काम करेंगी। जिससे उनकी समस्याएं दूर हो सकें। महिलाएं अत्याचार का शिकार हो रहीं हैं। जागरूकता की कमी के कारण आज भी ज्यादातर महिलाएं अपने अधिकारों को नहीं जानती। कई मामले ऐसे भी देखने को मिलते हैं कि महिलाओं का शोषण घर परिवार के ही लोग करते हैं। वह चाह कर भी आवाज नहीं उठा पाती।

### लोगों का तनाव दूर करने की कोशिश

लखनऊ के केशवनगर की रहने वाली अनुष्का जैन को दीक्षांत में चांसलर गोल्ड मेडल-2024 से नवाजा जाएगा। अनुष्का अपने लक्ष्य के बारे में बताती हैं कि आज की भागमभाग जिंदगी में हर व्यक्ति तनाव में है, लोग आत्महत्या तक कर रहे हैं। हमने पढ़ाई के दौरान साइकोलॉजी में जो भी सीखा है। उसके तहत लोगों को सुकून देने के साथ तनाव मुक्त करने का प्रयास करती हूं। इसके लिए शोध कर रहीं हूं इंस्ट्राग्राम पर हमने चैनल भी बनाया है। जिसमें लोगों को सुकून देने वाली मेरे द्वारा लिखीं कहानियां और और कविताओं का संग्रह है। अभी करीब 1.75 लाख फॉलोअर भी ही चुके हैं। कुछ अलग करके अच्छा लग रहा है। पिता डा. नीरज जैन लखनऊ विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हैं। मां डा. अल्पना बाजपेई क्रिश्चन कॉलेज में प्रोफेसर हैं। बड़ी बहन अपर्णा जैन एक निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं।

### सिविल सर्विसेज में जाकर लाना है बदलाव

चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस-2024 के लिए चुने गए कुंडा प्रतापगढ़ निवासी आयुष चौहान सिविल सर्विसेज में जाकर बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यदि वह अपना लक्ष्य हासिल करने में कामयाब रहे तो सिविल एसोसिएशन बनाकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए सुलभ लाइब्रेरी की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। तैयारी करने वाली प्रत्येक जरूरतमंद युवाओं का सपना पूरा कराने हर संभव मदद करूंगा। कोशिश रहेगी कि किसी की पढ़ाई में आर्थिक तंगी रूकावट न बनें हमने एनसीसी भी की हुई है। वर्ष 2021 में सीएम गोल्ड मेडल का सम्मान मिल चुका है। पिता जीतेन्द्र सिंह जूनियर इंजीनियर और मां कृष्णा सिंह ग्रहिणी हैं। बड़ा भाई इंद्रेश व्यवसायी है।

# बाढ़ से यूपी में जनता त्रस्त, सरकार और अधिकारी मस्त

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर बाढ़ से घिरे सैकड़ों गांवों के लोगों की परेशानियों के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि जनता बेहाल है और सरकार अपने कार्यों में मस्त है। अखिलेश ने यहां एक बयान में कहा कि प्रदेश के दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव बाढ़ और भारी बरसात से प्रभावित हैं तथा जनजीवन तबाह है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से किसानों की खेती, घर आदि बर्बाद हो गये हैं तथा कई लोगों की जानें चली गयीं हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह से लापरवाह बनी हुई है।

यादव ने आरोप लगाया कि जनता बेहाल है तथा सरकार और अधिकारी अपने ही कामों में ÷मस्त÷ हैं तथा सरकार को जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीतापुर, अयोध्या, बहराइच, गोण्डा व बाराबंकी जिलों में नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में है। गांवों और घरों में पानी घुस गया है। सरकार पूरी तरह अकर्मण्य बनी हुई है। आम जनता एक तरफ बाढ़ के पानी से संकट में है तो दूसरी तरफ जंगली जानवरों से दहशत में है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि तराई इलाकों में भेड़ियों और अन्य जंगली जानवर आम लोगों की जान ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और पीलीभीत में जंगली जानवर दर्जनों ग्रामीणों और बच्चों पर हमला करके उन्हें मार चुके हैं। समाजवादी पार्टी पिछले एक साल से ज्यादा समय से इस मुद्दे को उठा रही है, लेकिन सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की। लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

यादव ने दावा किया कि सरकार के मंत्रियों की फौज और प्रशासन तंत्र जनता की परेशानियों को दूर करने के बजाय सत्ता का दुरूपयोग करने में लगा है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि पीड़ित लोगों को कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई भारी बारिश से कई लोगों की मौत हो गयी लेकिन सरकार पीड़ितों के पास तक नहीं पहुंची और न ही उनकी कोई मदद की।

## पीएम ने की यूपी में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रशंसा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर में भारत सरकार के न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा आयोजित फोर्थ ग्लोब री-इन्वेस्टमेंट 2024 समिट में यूपीनेडा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवलोकन कराया। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। पीएम सूर्य घर योजना तथा प्रदेश के शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने हेतु कार्यों की अपडेट दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से संतोष व्यक्त किया और उन्होंने अपने वक्तव्य में भी अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों तथा प्रदेश के अन्य शहरों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और इसके सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की प्रशंसा की।

## सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में सफाई कर्मी के रूप में कार्य करने वाली एक 20 वर्षीय युवती जो कि बीए अंतिम वर्ष की छात्रा भी है। मंदिर परिसर में अपराधियों द्वारा युवती को तीन अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल आज अयोध्या के रौनाही थाना अंतर्गत गांव गोपीनाथपुर पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मिलकर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा पार्टी की ओर से आर्थिक सहायात के रूप में 25000 रूपये का चेक दिया और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने का आश्वासन दिया।पीड़िता के परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि भाजपा शासित सभी राज्यों की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

# पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे मंत्री धर्मपाल सिंह

लोकमित्र ब्यूरो



**मेरठ।** लोहियानगर अंतर्गत जाकिर कॉलोनी में बीते शनिवार को तीन मंजिला मकान ढहने और इसमें परिवार के 11 लोगों की मौत के बाद ढांढस बंधाने के लिए जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। सोमवार को कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने पहुंचकर परिवार का ढांढ़स बंधाया। कहा कि सरकार परिवार के पुनर्वास के लिए हर संभव प्रयास करेगी, जीविकोपार्जन का भी इंतजाम करेगी। वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद भी पहुंचे। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों ने उन पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए विरोध किया।

धर्मपाल सिंह ने अफसरों को निर्देश दिए कि परिवार को किसी भी तरह की समस्या न हो, उनके पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कदम प्रशासन उठाए जाएं। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि इस घटना से वह व्यथित हैं। उन्हें मुख्यमंत्री योगी ने मौके पर भेजा है। कहा कि यह एक दुःखद हादसा है और सरकार पूरी तरह से परिवार के साथ है। जो भी संभव होगा, वह सरकार करेगी। वहीं सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद भी मिलने पहुंचे। इस मौके पर कुछ स्थानीय लोगों ने उनपर राजनीति करने का आरोप लगाया। मसूद ने कहा सरकार की तरफ से जो मदद की घोषणा की गई है, वह नाकाफी है। सरकार से मांग की कि ज्यादा से ज्यादा पीड़ित परिवार की मदद हो। इधर जैसे ही इमरान मसूद जाकिर कॉलोनी पहुंचे, कुछ लोगों ने उनका विरोध करना शुरु क़र दिया। सांसद पर आरोप लगाया कि उनकी पार्टी ने कोई घोषणा की, न ही मृतकों और उनके परिवार की मदद की, सिर्फ राजनीति करने आए हैं। कहा कि इमरान यहां सिर्फ केवल वाहवाही लूटने आए हैं। स्थानीय लोगों कहा कि हादसे के बाद से लगातार जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार मदद में जुटी है।

## गम्भीर रूप से बीमार लोगों को मुख्यमंत्री आर्थिक मदद योजना जीवनदायिनी साबित

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रयागराज।** गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए मुख्यमंत्री आर्थिक मदद योजना जीवनदायिनी साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर हर महीने गम्भीर बीमारियों के शिकार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 50 से अधिक मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। नन्दी की पहल पर जुलाई और अगस्त महीने में 66 मरीजों को एक करोड़ तीस लाख 33 हजार 962 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। जिस पर नन्दी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि जब घर का कोई सदस्य गम्भीर बीमारी का शिकार होता है तो उसका ईलाज कराने में पूरे परिवार की आर्थिक बोझ के कारण कमर टूट जाती है। कई परिवार ऐसे हैं, जो आर्थिक तंगी की वजह से अपनों का बेहतर ईलाज नहीं करा पाते हैं और ईलाज के अभाव में उन्हें खो देते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए ही 25 करोड़ प्रदेशवासियों के सुख-दुःख का ध्यान रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश का खजाना खोल रखा है।

नन्दी ने कहा है कि गम्भीर रोगों से ग्रसित मरीजों को बीमारी का ईलाज कराने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। जुलाई महीने में प्रयागराज के साथ ही अन्य जनपदों के 46 मरीजों और अगस्त महीने में 89 लाख 38 हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई।

# हर व्यक्ति की समस्या का होगा निदानः केशव

उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनी आमजन की समस्याये

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय।

निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न ,भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत होध्, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, , भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना ।जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुये दिशा निर्देश दिए।

# ओबीसी और दलितों के आरक्षण के विरोध में रहा है गांधी परिवार

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** अमेरिका में राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश भर में आंदोलन करेगा। ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष व प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद कश्यप ने यह ऐलान एक प्रेम कांफ्रेंस में किया। उन्होंने गांधी परिवार को आरक्षण विरोधी बताया। कहा कि नेहरू जब प्रधानमंत्री थे, तो उन्होंने आरक्षण का विरोध किया था और इतना ही नहीं नेहरू ने ये भी कहा था कि आरक्षण वाले नौकरी पा जाएंगे तो सरकारी सेवा की क्वालिटी खराब हो जाएगी।

नेहरू ने ओबीसी आरक्षण के लिए गठित काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि जब इंदिरा गांधी आई, तो उन्होंने भी ओबीसी आरक्षण पर रोक लगाकर रखी। जब देश ने उनको सजा दी, जनता पार्टी की सरकार बनी, तब मंडल आयोग बना। लेकिन फिर कांग्रेस आ गई और मंडल कमीशन की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डाल दी गई। इसके बाद राजीव गांधी ने भी अपनी सरकार में ओबीसी को आरक्षण नहीं मिलने दिया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद से ओबीसी और दलित आरक्षण के विरोध में रही है। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जब नेहरू सरकार ने रिपोर्ट तैयार की तो उसमें आरक्षण की नीति को दबाने का काम किया गया।

# पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनने जा रहे हैं सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तम प्रदेश बने, इसके लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच सीएम योगी के विजन अनुसार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि उत्तर प्रदेश पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी।

**6 प्लांट्स के जरिए होगा 4730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादनः** योगी सरकार इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास %इन प्रिंसिपल अप्रूवल% है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं।

**सोनभद्र में होगा सबसे बड़ा प्लांट, 1250 मेगावॉट होगी कैपेसिटीः** सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गर्हावा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंडीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजर्वयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100.62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा।


## मैं वो विधायक नहीं हूं...कलम रखी तो निपटारा हो जाएगा

**महाराजगंज।** यूपी के महाराजगंज की सिसवा सीट से विधायक प्रेम सागर पटेल अचानक एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां के हालात को देखकर अधिकारियों पर जमकर बरसे। विधायक पर्ची काउंटर पर गए। वहां मरीजों की लाइन लगी थी। कुछ मरीजों ने उनसे एक की बजाए दो रुपए लिए जाने की शिकायत की। इस पर विधायक भड़क गए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को डांटते हुए कहा कि व्यवस्था को बदहाल करके सरकार की छवि खराब न करें। यह सब बर्दाश्क्त नहीं करूंगा। विधायक ने कहा, इसी जनता से हम तुम्हारी दवाई करा देंगे। यही जनता तुमको...। अगर ऐसा तुमने किया तो। विधायक ने एक डीएम का उल्क्लेख करते हुए कहा कि उन्क्होंने कहा हमारे पास 5 हजार गाय गो-सदन में हैं। मैंने रैंडम चेक कराया था

# पं० भगवानदीन दूबे ने अपना जीवन समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिये किया समर्पितः उपराज्यपाल

प्रतापगढ़ मे पं० भगवानदीन दूबे के 126वॉं जन्म दिवस समारोह भव्यता से मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के पहाड़पुर में पंडित भगवान दिन दुबे इण्टरमीडिएट में विद्यालय के संस्थापक स्व० पं० भगवानदीन दूबे का 126वॉं जन्म दिवस सोमवार भव्यता एवं गरिमामय पूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम में केन्द्र शासित प्रदेश लेह लद्दाख के उपराज्यपाल बिग्रेडियर डॉ० बी०डी० मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि ईश्वर ने जो हमें शरीर दिया है उसे हम समाज की सेवा के लिये समर्पित करें। सभी कड़ी मेहनत और लगन से अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। युग पुरूष स्व० पंडित भगवानदीन दूबे संस्थापक भगवानदीन दूबे इण्टर कालेज पहाड़पुर एक अन्तरराष्ट्रीय ख्याति व्यक्ति थे, उन्होने अपना जीवन समाज की सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिये समर्पित किया। उनके द्वारा किये गये महान कार्यो को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

उपराज्यपाल ने कहा कि मैं अपने आपको बहुत ही भाग्यवान समझता हूँ कि मैं फौज में गया और मुझे भारत माता की सरजमी की रक्षा के लिये कई युद्ध में भाग लेने का मौका मिला। सन् 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया था तो उस समय मैं भारत के सैनिकों की पंक्ति का अगुवाई कर रहा था। सन् 1965 में पाकिस्तान ने जब भारत पर आक्रमण किया तो उस समय अपनी पल्टन में कम्पनी कमाण्डर था और 25 किमी० मेरी पल्टन पाकिस्तान में चली गयी थी। 1971 में बंगलादेश में जो मुख्य वाहिनी बनी थी जो पाकिस्तानियों के खिलाफ लड़ रही थी उसका मैं नेतृत्व कर रहा था।

उन्होने विद्यालय के अध्यापकों से कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें। विद्यालय में समय से उपस्थित हों, समय से पाठ्यक्रम को पढ़ाये जिससे बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। विद्यालय में एनसीसी कैडेट संचालित करने हेतु कार्यवाही की जाये तथा समिति के सदस्य डिग्री कालेज की मान्यता हेतु समस्त मापदण्ड एवं पैरामीटर को पूरा करें जिससे अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष संजीव रंजन ने कहा कि मानवता के पुजारी स्व0 पं0 भगवानदीन दूबे समकालीन दौर के विकास पुरूष थे। इनके जीवन परिचय, व्यक्तित्व एवं कृतत्व इन्हें स्वतः महामानव सिद्ध करता है। आजादी के पूर्व जब हमारा समाज शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार एवं परिवहन आदि सामाजिक मूलभूत समस्याओं से संघर्ष कर रहा था, ऐसे समय में इनके द्वारा व्यक्तिगत स्त्रोतों से समाज के लिये जो सराहनीय व सार्थक प्रयास किये गये, वह समाज के लिये अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्न भी शांति पूर्वक मनाया, निकाला जुलूस

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन अलीगंज कस्बे में परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जश्न ए ईदमिलादुन्नबी पर अलीगंज कस्बे के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक साज सज्जा की गई। ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मस्जिदों में नमाज अदा करने मुस्लिम धर्मावलंबी बड़ी संख्या में मस्जिद पहुंचे। मस्जिद, में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर खासी चहलपहल देखने को मिली। आकर्षक परिधानों में बच्चे ईद मिलादुन्नबी की खुशी मनाते नजर आये।ईद मिला दुन्नबी के मौके पर मुस्लिमों समुदाय के लोगों द्वारा अलीगंज कस्बे में सोमवार को जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ बसपा नेता जुनैद मियां और कोतवाली प्रभारी अलीगंज अमित कुमार ने झंडी दिखाकर जुलूस को



रवाना किया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय वर्ग के लोग मौजूद रहे। जुलूस मोहल्ला काशीराम स्थिति जामा मस्जिद से शुरू होते हुए टपकन टोला से मेवाती मोहल्ला, मातादीन चौराहा, गांधी चौराहा, मैन मार्केट, गंगा दरवाजा, राधा कृष्ण मोहल्ला, मोहल्ला काजी, कूँचादायम खां घूमते हुए जामा माजिद पंहुचा। जहां कस्बे के इमाम और उलेमा ने तकरीरें की और देश में अमन चैन की दुआ मांगी। वही अलीगंज के मेवाती मोहल्ला को आकर्षक दुल्हन की तरह सजाया गया। लोगों ने घरों व मस्जिदों को रोशनी से सजाया। जगह-जगह झंडे लगाए गए। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने हाथों में झंडे लेकर चादरी जुलूस में हिस्सा लिया।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि शांति एव सद्भावना का सन्देश लेकर आय पैगम्बर साहब ने पूरी दुनिया में इस्लाम को फैलाया उसी की याद में ईद मिलादुन्नबी के रूप में मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मनाया जाता है। मुस्लिम धर्म के अनुसार 3 ईद होती है जिसमे ईद मिलादुन्नबी सबसे महत्पूर्ण मानी गई है।

## चाक चौबंध दिखी पुलिस की व्यवस्था

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जहां मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल है. वहीं जुलूस-ए-मोहम्मदी को ले पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी अलीगंज कोतवाली प्रभारी अमित कुमार ने बताया जुलूस के वक्त सुरक्षा को लेकर सभी चौराहा व तिराहे पर पुलिस बल के जवान तैनात है अतिरिक्त फोर्स बुलाया गया है जिससे किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके।

# मुरादनगर में दर्दनाक सड़क हादसा, दादा की मौत, पोता गंभीर रूप से घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**मुरादनगर।** सोमवार की सुबह मुरादनगर के रावली रोड पर स्थित बिलाल मस्जिद के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक सवार दादा और पोते को रौंद दिया, जिसमें दादा की मौके पर ही मौत हो गई और पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। वाल्मीकि मोहल्ला कॉलोनी के निवासी 48 वर्षीय मनोज बाल्मीकि अपने 2 वर्षीय पोते विवान के साथ बाइक पर घूमने निकले थे। जब वे रावली रोड पर स्थित बिलाल मस्जिद के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में दादा मनोज बाल्मीकि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पोता विवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पोते को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और हंगामा करने लगे। सूचना पाकर एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम



और थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और शांत किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया। परिजनों और स्थानीय लोगों में हादसे की खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई।

# राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान द्वारा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का भव्य स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान द्वारा कभी उत्कृष्ट अभिनेता रह चुके तथा वर्तमान में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के 19 में मंत्री के रूप में अपने मंत्रालय को सुशोभित करने के साथ-साथ देश की सेवा में तत्परता से कार्यरत रहने वाले चिराग कुमार पासवान का भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर सेंट एंड्रयूज स्कूल के संस्थापक एवं प्रबंधक सुरेश सैनी ने कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए उनका हृदय से आभार प्रकट किया । इस अवसर पर चिराग पासवान ने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं का किसी भी देश के उत्थान और प्रगति में सबसे बड़ा योगदान रहता है क्योंकि आने वाली पीढ़ी के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण की आधारशिला इन्हीं शैक्षणिक संस्थानों में रखी जाती है । उन्होंने कहा कि वास्तव में शैक्षणिक संस्थाएं ऐसी प्रयोगशाला होती है जहां विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से छात्रों में उत्कृष्टता के तमाम तत्व समाहित किए जाते हैं ताकि छात्र आगे चलकर न सिर्फ अपने जीवन में एक अच्छे इंसान और आदर्श नागरिक बन सके,बल्कि देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। इस अवसर पर सुरेश सैनी के अलावा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# ओबीसी मोर्चा करेगा सड़क पर बड़ा आंदोलन, किया जाएगा कांग्रेस और राहुल गांधी का विरोध : नरेंद्र कश्यप

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि जिस तरीके से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी दलित और ओबीसी समाज को वोट लेने के समय इस्तेमाल करती है और फिर आरक्षण को लेकर उसका मुंह बंद रहता है, यह अब उत्तर प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा है कि पार्टी के ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी के निर्देश पर अब प्रदेशभर में जिला और मंडल स्तर पर कांग्रेस की पोल खोलने का कार्यक्रम किया जाएगा। सड़क पर ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी राहुल गांधी के इस समाज विरोधी बयान की निंदा करेंगे और उनको सबक सिखाने का काम किया जाएगा। कांग्रेस और



गांधी परिवार कभी नहीं चाहता ओबीसी और दलितों का हित। गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि ओबीसी मोर्चा राहुल गांधी के खिलाफ अब मैदान में आ गया है। प्रदेशभर में इसका असर देखने को मिलेगा, राहुल गांधी की सोच और दिल में आज भी गांधी परिवार के तरह ही दलितों और ओबीसी समाज के लिए वही धारणा है, जो उनके पिता और दादी रखती थी। उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज अब चुप नहीं रहेगा। कांग्रेसियों ने जिस घटिया मानसिकता का प्रदर्शन बीते चुनाव में किया था और अब उनके नेता अमेरिका में जाकर इस तरीके की बयानबाजी कर रहे हैं, उसे साफ होता है कि राहुल गांधी के मस्तिष्क में वही पुरानी सोच आज भी है। उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लेकर भी कांग्रेस ने सदैव दलित और ओबीसी समाज के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के साथ ही समाजवादी पार्टी भी दोहरी राजनीति करती है। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी कभी गोरखपुर मठ के महंतों को लेकर बयानबाजी करती है, तो कभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर व्यक्तिगत टिप्पणी की जाती है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा है कि ओबीसी समाज अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सड़कों पर आने के लिए तैयारी कर चुका है। जिसका नजरा जल्द ही उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में देखने को मिलेगा। वहीं नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों को करारा जवाब देने के लिए खुद भी अपने पार्टी और मोर्चे के पदाधिकारी के साथ सड़क पर आने के लिए तैयार हैं।प्रेस वार्ता में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पप्पू पहलवान मनोज यादव राजेश गुप्ता विजय धामा सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चोरों ने पांच नलकूपों का कीमती सामान किया पार

**खागा, फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन ट्यूबवेलों में सेंध लगाकर व कुंडी का ताला तोड़कर कीमती सामान पार कर दिया।जिसकी तहरीर मालिकानो ने पुलिस को दे दिया। और पुलिस जांच में जुट गई। खागा तहसील क्षेत्र के धाता थाना अंतर्गत सलेमपुर, सैदपुर,उरई गांव में शनिवार की रात में अज्ञात चोरों ने उरई गांव निवासी राम औतार के नलकूप में छत से पाइप निकालने वाले हॉल से घुसकर चोर नलकूप का स्टार खोल ले गए इसी तरह से सलेमपुर गांव में सेवानिवृत्ति लेखपाल चंदन सिंह दिनेश सिंह वह कोटेदार सिंह के नलकूप में छत से पाइप निकालने वाले हॉल से घुसकर चोर नलकूप का स्टार उठा ले गए किसी प्रकार से सैदापुर निवासी जगदीश हरिश्चंद्र सिंह के नलकूप का ताला तोड़कर स्टाटर खोल ले गए।सभी किसान भाइयों ने अपने अपने ट्यूबवेल में सुबह रोज की भांति लाइट आने पर ट्यूबवेल चलाने गए तो देखा कि सामान गायब था।तभी किसान भाइयों ने पुलिस को लिखित तहरीर दी।

# पेड़ से टकराई कार बाल-बाल बचे, गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

» अमरोली रोड पर दोनों तरफ गड्ढे बन सकते हैं किसी दिन बड़े हादसे का कारण

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र के अमरोली रोड स्थित सड़क पर हो रहे बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना का सबक बनते है ऐसा ही एक मामला सोमवार को देखने के लिए मिला यहां अपने रिश्तेदारी में जा रहे कार सवार सड़क के दोनों तरफ गड्ढे होने के के कारण साइकिल सवार को बचाने के चलते कार पेड़ से टकराकर खाई मे जा गिरी।स्थानीय लोगों की मदद घायलों को प्राइवेट अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया। गुजरात के चाप खेड़ा के



रहने वाले पुष्पेंद्र पुत्र अमर सिंह और विराज अपने रिश्तेदारी में अमरोली रतनपुर कार से जा रहे थे। अमरोली रोड के दोनों तरफ गड्ढे होने के कारण और साइकिल सवार को बचाने के चलते कार डिसबैलेंस हो गई और पेड़ से टकराकर खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों व ट्रेक्टर की मदद से खाई में गिरी कार को बाहर निकलवाया गया। घायलों को प्राइवेट नर्सिंग होम में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। बरहाल बड़ा हादसा होने से टल गया।आपको बताते चलें अमरोली रोड पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आता है और 7 किलोमीटर तक दोनों साइड गड्ढे होने के कारण आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी का ध्यान इस तरफ नहीं है जिसके चलते आए दिन गड्ढे हादसे का सबब बनते हैं कई बार तो लोग कायाकल्पित भी हो चुके हैं।

# राष्ट्रीय सेवा रत्न से सम्मानित होंगे डॉ. अश्वनी पाठक

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** रक्त दान के माध्यम से लगभग एक सैकड़ा अंजान लोगो के साथ रिश्ता जोड़ चुके श्रवण गंगा सेवा समिति के सक्रिय सदस्य डॉ अश्वनी पाठक को अयोध्या में 21सितंबर को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम कृष्ण सेवा फाउंडेशन तथा मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के तत्वावधान में 21 व 22 सितंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में भूटान नेपाल के अलावा देश के 28 राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों तथा प्रदेश के सभी 75 जिलों से 201 संस्थाओं के रक्तदानियो व समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था ने जलेसर तहसील क्षेत्र के गांव हिनौना निवासी श्रवण गंगा सेवा समिति के सक्रिय सदस्य डॉ अश्वनी पाठक को राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2024 के लिए चयनित किया हैं। यह



पुरुस्कार केरल व नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार प्रदान करेंगे। विदित हो कि डॉ अश्वनी पाठक भगवान राम की नगरी अयोध्या में 16वीं वार रक्त दान करेंगे। राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान होने के लिए चयन होने पर विधायक संजीव दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय, नवीन दीक्षित, नरेन्द्र दीक्षित, सूर्य प्रताप सिंह सूरज,सौरभ कौशल, विकेन्द्र उपाध्याय,रमेश जादौन, गपेंद्र ठाकुर, रमेश पाल सिंह जादौन, अवधेश शर्मा,मोनू ठाकुर, अनुज पंडित सुधीर उपाध्याय लोकेंद्र सिंह, रूसी ठाकुर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# अमर शहीद महावीर सिंह राठौर की जयंती अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने राष्ट्र सेवा के संकल्प से साथ मनाई

## राजकीय इंटर कॉलेज एटा का नाम अमर शहीद महावीर सिंह राठौर के नाम पर करने की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद एटा के तत्वाधान में देश के अमर शहीद महावीर सिंह राठौर की जयंती समारोह, स्थानीय महावीर पार्क में मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओ ने अमर शहीद महावीर सिंह राठौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया, तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद एटा के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान %बबलू% ने कहा कि एटा के शाहपुर टहला में जन्मे थे महावीर सिंह राठौर। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और अंग्रेजों से



झुके नहीं। ऐसे महान सपूत ने देश का नाम ऊंचा कर दिया। आखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद एटा के युवा जिलाध्यक्ष सुनील सोलंकी ने कहा कि अमर शहीद महावीर सिंह राठौर ने देश सेवा का जो संकल्प लिया था वह अपनी जान की कुर्बानी देकर उन्होंने चुकाया। आजीवन अविवाहित रहकर उन्होंने देश सेवा का संकल्प लिया था, अंग्रेज सांडर्स की हत्या में उनका प्रमुख योगदान था। ऐसे महाबलिदानी को शत-शत नमन। संरक्षक नरेंद्र सिंह चौहान ने कहा की अमर शहीद महावीर सिंह राठौर ने एटा के राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षा अर्जित की थी। अतः उनके ही नाम पर राजकीय इंटर कॉलेज एटा का नाम किया जाए। अंत में सभी ने देश सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक के.बी. सिंह, सुरेंद्र सिंह तोमर, देवेंद्र सिंह चौहान, इंद्रपाल सिंह चौहान, ओंकार सिंह चौहान, उमेश पुंडीर, राजेंद्र सिंह राठौर, संजय सोलंकी, धर्मेंद्र सिंह चौहान %बिल्लू%, विपिन चौहान, निर्मल सिंह चौहान, गुड्डू चौहान, विजयवीर सिंह भदोरिया %मनु%, अखंड प्रताप, नवनीत सिंह भदोरिया, विक्रम चौहान, विक्की सिंह राठौर, भूपेंद्र चौहान, रमन चौहान, रविंद्र शाह सिसोदिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# घर से दो किमी दूर मिला अपहृत बालक का शव

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** रविवार को पुलिस और परिजन अपहृत बालक की तलाश करते रहे लेकिन उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। आज सुबह मिला तो बालक का शव। घर से दो किलोमीटर दूर बंबा में उसका शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। मानो ऐसा लगा कि किसी ने पैरों तले जमीन खींच ली हो। मां बेहोश हो गई। चीख पुकार की आवाज से पूरा गांव गूंजने लगा। गांव का हर शख्स कह रहा है कि दो साल के मासूम की हत्या करने वाले के हाथ भी नहीं कांपे। सभी ने पुलिस से कहा है कि आरोपी जो हो उसे ऐसी सजा दी जाए जो अन्य अपराधियों के लिए नजीर बने। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार 14 सितंबर को बरहन के अमानाबाद गांव से संजय का पांच वर्षीय पुत्र मन्नू घर के बाहर खेलता हुआ गायब हो गया था। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। थाना पुलिस के साथ एसओजी, सर्विलांस सेल और डॉग स्क्वायड ने बालक की तलाश की लेकिन उसके बारे में कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार को बालक का शव उसके घर से दो किमी दूर एक बंबे में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों ने भी दौड़ लगा दी। शव देखने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस ने किसी प्रकार समझाने के बाद बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने कहा कि आरोपी कोई भी हो ज्यादा दिन तक बच नहीं पाएगा।

# वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद माथुर प्रोग्रेसिव जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बने

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** आगरा रोड़ स्थित दीपा शीश गेस्ट हाउस में प्रोग्रेसिव जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिला कार्यकारिणी एवं प्रदेश कार्यकारिणी में विस्तार को लेकर एक गोष्ठी आयोजित की गई। आयोजित गोष्ठी में सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष पवन चतुर्वेदी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया साथ ही जिलाध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने संगठन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पदाधिकारी का शोषण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अगर किसी माफिया एवं अधिकारी द्वारा संगठन के किसी पदाधिकारी का शोषण किया गया तो इसकी कानूनी लड़ाई को दमदारी के साथ लड़ा जाएगा। इसके पश्चात संगठन के संस्थापक अध्यक्ष राजबहादुर उपाध्याय ने कहा कि हमारा संगठन



हमेशा पत्रकार हितों एवं पत्रकारों के मुद्दों को पूरी दमदारी से उठाता रहा है और आगे भी पत्रकार हितों के लिए लड़ाई जारी रखेगा, साथ ही संगठन के संस्थापक राजबहादुर उपाध्याय ने प्रदेश कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए वरिष्ठ पत्रकार संपादक रामप्रसाद माथुर को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष का जिम्मा सौंपा है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ पत्रकार संपादक रामप्रसाद माथुर ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए ऐसे पत्रकारों को जोड़ने की जरूरत है जो कि अपनी लेखनी के माध्यम से आज भी पत्रकारिता को जागृत कर रखे हैं ऐसे लोगों को संगठन में जोड़कर संगठन को और मजबूत करने का कार्य किया जाएगाव। साथ ही संगठन द्वारा जो उत्तरदायित्व दिया गया है उसका बखूबी पालन किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक सचिव हुतेन्द्र पाल सिंह जादौन, बृज क्षेत्र अध्यक्ष रिषभ दीक्षित आगरा, अमित चौहान फिरोजाबाद, प्रवीन पाठक, उप संपादक अमित माथुर, संदीप दीक्षित, करन सिंह, ज्ञानेश कुमार, मुकेश माथुर, सुनील कुमार,अन्जू यादव, तुर्रम सिंह, अश्वनी कुमार यादव, अजय यादव के अलावा बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, घायल

**अलीगंज/एटा।** थाना जसरथपुर क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से तीन लोग व दूसरे पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। विवाद होता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस में दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया। थाना जसरथपुर के ग्राम मसुलिया मे जमीनी बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ जिसमें एक पक्ष से तीन लोग 28 वर्षीय सुबोध पुत्र यशपाल, रवि उर्फ मिजाजी पुत्र यशपाल, मनीता पत्नी सुबोध और दूसरे पक्ष से 28 वर्षीय ओमकांत पुत्र अनिल कुमार, 16 वर्षीय अंजली पुत्री अनिल कुमार और 45 वर्षीय रंजना कुमारी पत्नी अनिल कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने विवाद होता देख थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया। बरहाल दोनों पक्षो द्वारा थाना पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं की गई है अग्रिम कार्रवाई जारी हैं।

# आगरा की पॉश कॉलोनी शास्त्रीपुरम 32 कॉलोनियों में जलभराव की समस्या

» सौ से ज्यादा घरों व दुकानो में घुसा पानी तो धरने पर बैठे लोग

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा की पॉश कॉलोनी शास्त्रीपुरम और उसके आसपास की 32 कॉलोनियों में जलभराव की समस्या. घरों में घुसा पानी तो धरने पर बैठै लोग शास्त्रीपुरम जन सेवा समिति आगरा पंजीकृत ने आज अवंती बाई चौराहा शास्त्रीपुरम पर धरना प्रदर्शन किया बड़ी संख्या में लोग समर्थन देने आते रहे। प्रातः ढोल के साथ क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई इसके बाद धरना शुरू हुआ। सबकी एक ही मांग है कि शास्त्रीपुरम के घरों में पानी न घुसे, इसके लिए कच्चा नाला बनाया जाए पक्का नाला बाद में बनता रहेगा। घोषणा की गई है कि 16 सितंबर, 2024 को बाजार बंद रखा जाएगा। इस बार हुई बारिश में शास्त्रीपुरम ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, द्वारकापुरी, निखिल गार्डन, दहतोरा




और आसपास की कॉलोनियों में जलभराव हुआ है। घरों में पानी घुस गया इस कारण लोगों को घर छोड़ना पड़ा। शाम को नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार और जोनल अधिकारी श्री बालियान मौके पर आए। उन्होंने समिति के पदाधिकारी से बातचीत की और धरना समाप्त करने का आग्रह किया। अध्यक्ष डॉ भानु प्रताप सिंह, सचिव डॉक्टर लाखन सिंह, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पार्षद प्रवीना राजावत, अजय सिकरवार, संजय तिवारी, सुनील शर्मा, मनोज शर्मा आदि ने उन्हें समस्या के बारे में अवगत कराया। उनसे आग्रह किया गया कि नाले का कनेक्शन कर दें, इसके लिए कच्चा नाला खोदना पड़ेगा। नगर आयुक्त पहले भी इसके लिए आदेश कर चुके हैं। जोनल अधिकारी श्री वाले ने आश्वासन दिया कि सारा काम शुरू कर दिया जाएगा, आप धरना समाप्त कर दें। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि आपकी हर बात स्वीकार है लेकिन काम शुरू होने के बाद ही धरना समाप्त किया जाएगा। इसके बाद नगर निगम के अधिकारी और समिति के पदाधिकारी मौके पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इसके बाद धरना स्थल पर आए। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि कल से काम शुरू कर देंगे लेकिन इससे पहले टॉयलेट और ग्रीन गैस वालो के साथ मीटिंग करनी होगी, उन्होंने धरना समाप्त करने का आग्रह किया। समिति के अध्यक्ष डॉ भानु प्रताप सिंह ने कहा कि जब तक काम शुरू नहीं हो जाएगा धरना जारी रहेगा। सभी ने इस बात का करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया इससे पूर्व धरना प्रदर्शन को पार्षद प्रवीना राजावत, पूर्व पार्षद मंजू वार्ष्णेय, किशन सिंह चाहर, कृष्ण सिंह दरोगा, डॉक्टर सुनील राजपूत, विजयपाल मास्टर, हरिकृष्ण फौजी, हरिमोहन वर्मा, डॉक्टर देवी सिंह नरवार, सीताराम चौधरी, डॉ योगेंद्र सिंह, भारत भूषण आदि ने संबोधित किया। सभी ने कहा कि जब तक नाला का निर्माण शुरू नहीं हो जाएगा, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। संचालन डॉ भानु प्रताप सिंह और डॉक्टर लाखन सिंह ने किया।

संक्षिप्त खबरें

## सरयू नदी का जल स्तर स्थिर, कटान जारी



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सरयू नदी घाघरा का कहर जारी रहा। अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार राजस्व निरीक्षक, लेखपाल विकास मिश्रा,रामकरण ,अमरेश शुक्ला,राम आशीष आदि के साथ नावों से अलीनगर रानीमऊ तट बांध के भीतर बसे गांव टेपरा पंहुच कर बाढ की स्थिति का जायजा लिया एंव ग्रामीणों से बातचीत की है। सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व अरुण कुमार सिंह ने सनांवा बाढ चौकी का निरीक्षण किया एंव चौकी पर तैनात राजस्व कर्मियों को आवाश्यक दिशा निर्देश दिये। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व एस डी एम सिरौलीगौसपुर, तहसीलदार,नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व लेखपालों के साथ टेपरा गांव को नाव के द्वारा पंहुच कर बाढ प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है।तेलवारी करोनी इटहुवा पूरब आदि बाढ प्रभावित गांवों में उपरोक्त अधिकारियों द्वारा बाढ की स्थिति का जायजा लिया।

## लकड़बग्घे की अफवाह से ग्रामीण रात भर खाक छानते रहे

**सुबेहा।** रविवार देर रात क्षेत्र के दुर्जन पुरवा गांव में लकड़बग्घा आया लकड़बग्घा आया की अफवाहों से कई गांवों के ग्रामीण रात भर खेतों में खाक छानते रहे। पुलिस के साथ वनविभाग टीम भी संभावित स्थानों पर कांबिंग करती रही। लेकिन किसी लकड़बग्घे का सुराग़ नहीं लग सका। सुबेहा थाना क्षेत्र के पूरे दुर्जन मजरे ज़मीन हुसैनाबाद गांव निवासी शंकर रावत का घर गांव से बाहर है।रात लगभग दस बजे शंकर रावत ज़ोर ज़ोर से चिल्लाने लगे हमारे द्वार पर लकड़बग्घा आ गया। गुहार इतनी तेज लगाई कि रात के सन्नाटे में आवाज पड़ोसी गांव रामपुर सतबरपुर शहरी इस्लामपुर चौकी केरहन का पुरवा आदि गांवों में गूंजने लगी। लकड़बग्घे की आवाज कान में गूंजते ही भारी संख्या में इन गांवों के ग्रामीण हाथों में लाठियां व धारदार हथियार लेकर निकल पड़े। चारों ओर से लकड़बग्घा आया लकड़बग्घा आया की आवाजें गूंजने लगी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। घटना की सूचना वनविभाग को भी प्रेषित की गई। खेतों की मेड़ों व गन्दा नाले की झाड़ियों को खंगाला जाने लगा। आखिरकार हलकान ग्रामीणों को अफवाह ही हाथ लग सकी।

## पति सहित सात के खिलाफ दहेज़ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत महुलारा गांव निवासी एक महिला ने अपने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। महुलारा गांव निवासी आकांक्षा स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व सफदरगंज थाना अंतर्गत उधौली गांव निवासी हरीश गुप्ता के साथ हुई थी जिसमे आकांक्षा के पिता ने अपने सामर्थ से अधिक दान दहेज भी दिया था लेकिन उसके ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे और वह लोग आकांक्षा से अपने पिता से एक लाख रुपए व सोने की जंजीर की मांग कर रहे थे। जिसे लेकर उसका पति हरीश अक्सर उसके साथ शराब पीकर मारपीट करता था इस कार्य में हरीश की मां बहन तथा घर के सभी कुल सात लोग मिलकर मारपीट किया करते थे जिसके बाद वह अपने मायके चली आई थी मायके में भी आकांक्षा के पति,सास व बड़े भाई ने आकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## क्षेत्र में पहली बार सामान्य ज्ञान की आनलाइन परीक्षा प्रतियोगिता हुई आयोजित

**रामसनेहीघाट बाराबंकी ।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के श्री साईं कम्पटीशन कोचिंग सेंटर में छात्र छात्राओं की आनलाइन परीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन प्रयास जल जीवन समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता द्वारा पहला प्रयास और प्रयोग बच्चों को दिया गया। जिसमें लगभग 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोली गुप्ता, द्वितीय स्थान देवी प्रसाद, तृतीय स्थान शुभम, चतुर्थ स्थान अनुराग शर्मा, पंचम स्थान अनुसुइया ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रयास जल जीवन समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता, समिति के अध्यक्ष अंजनी कुमार साहू,आयुष शुक्ला,शिवा तिवारी,साई कोचिंग के प्रबंधक पंकज यादव, अध्यापक अनुभव यादव, अध्यापक रोमित,कुमार सम्भव, अनमोल जायसवाल, पत्रकार अमित गुप्ता मौजूद थे।

## पुलिस के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर सुनी समायायें



**हसनगंज,उन्नाव।** जनपद उन्नाव में हो रही प्रतिदिन चोरी की घटनाओं के कारण कोतवाली हसनगंज की ग्राम पंचायत रानीखेड़ा खालसा और कुरौली में जनता के बीच पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेम चंद्र, उप जिलाधिकारी ,रामदेव निषाद ज पुलिस क्षेत्राधिकार संतोष सिंह जी, कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा जी और की जन चौपाल कोतवाली हसनगंज जनपद उन्नाव के क्षेत्र में आए दिन किसी न किसी गांव में चोरी की घटनाएं हो रही है और ड्रोन जैसी कोई डिवाइस आसमान में उड़ती हुई लोग देख रहे हैं जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है लोग लाठी डंडा लेकर के रात मे पहरा भी दे रहे हैं इसके बाद भी किसी न किसी घर को चोर अपना निशाना बनाते हैं और वहां से नगदी और जेवर चोरी कर ले जाते है क्षेत्रीय लोग इस समय रात को सोने के बजाय पहरा दे रहे हैं पुलिस उपाधीक्षक ने ग्राम पंचायत में एक समिति बनवाई है और लोगों से बताया कि किसी भी सूचना को आप लोग जो समिति में सदस्य हैं इन लोगों को फोन या अन्य माध्यम से बताएं और समिति के लोग हम लोगोंतक इसकी सूचना पहुंचाएंगे हम लोग निरंतर आपके बीच बने हुए हैं।

## बिहार मे दशहरा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**पाटन उन्नाव।** कस्बा बिहार में गौरी शंकर जन कल्याण समिति के तत्वाधान में होने वाले दशहरा महोत्सव की बैठक अध्यक्ष अमरजीत सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई ।जिसमें अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने तीन दिवसीय कार्यक्रमो की घोषणा की । बताया गया कि 11अक्टूबर गौरी शंकर मंदिर में सुंदरकांड पाठ के पश्चात हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। 12 अक्टूबर को मंदिर का भव्य श्रृंगार देवी देवताओं की झांकियो का नगर भ्रमण व वीररस आल्हा गायन कन्हैया लाल रायबरेली द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा ।तत्पश्चात रात्रि 8:00 बजे रावण पुतला दहन तथा जवाबी आतिशबाजी एवं रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। 13 अक्टूबर को वीररस आल्हा का गायन नेहा सिंह रायबरेली द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा ।वही रात्रि में जवाबी कीर्तन सचदेवा शरारती कानपुर व ज्योति कमल लखनऊ द्वारा होगा। कार्यक्रमो को लेकर बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन किया । बैठक में प्रमुख रूप से विजय बाजपेई, अजय बाजपेई,अवधेश गुप्ता, लक्ष्मी शंकर चौरसिया, अजय मिश्रा, संदीप मिश्रा, दिनेश बाजपेई, कान्हा मिश्रा, चंद्रेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया बारावफात का पर्व



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्र में रविवार की बिजली की सजावट के साथ बड़ी धूमधाम के साथ बारावफात पर्व मनाया गया। सोमवार की सुबह जूलूस निकाल गया। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शहावपुर, मसौली बांसा, बड़ागांव सहित इलाकों में रविवार की रात बिजली की सजावट सहित कार्यक्रम के साथ सोमवार की सुबह जूलूस निकाला गया।जो निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए अपने अपने स्थानों पर समाप्त हुआ।कस्बा मसौली में स्थित मदरसा वारसिया नूरुल उलूम में हर साल की तरह इस साल भी जूलूस मोहम्मदी बड़ी शान शौकत के साथ मनाया गया जूलूस की शुरुआत मदरसा प्रांगण से जुलूस में मदरसे के सारे बच्चे, मुदर्दिस व कमेटी के सभी मेम्बरान सहित गांव के हजारो लोग शामिल हुए। जुलूस में अंजुमन वारसी, अंजुमन मस्तानिया व अंजुमन हैदरी के लोगों ने खूब बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । जुलूस अपने निर्धारित रास्तों से होता हुआ पूरे गांव व मुख्य मार्ग से गुजरा। जुलूस में मुख्य रूप से अब्दुल माजिद, महफूज आलम एडवोकेट, डा0 सईद अहमद, चांद खां, शादाब वारिस, मो0 जीशान, मोहम्मद कौनेन, मो0 दानिश मुदस्सिर रजा व ग्राम प्रधान प्रतिनिध हा0 नफीस वारिस शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था में मसौली पुलिस तैनात दिखी। शफीक मा लड्डन आसिफ अली मोहम्मद काशिफ कदीम आमिर नूरैन महमुदुल मोहम्मद यूनुस आरिफ अंसारी इमरान अंसारी इस्लामुद्दीन अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे ।

## शान-ओ-शौकत से निकाला गया झंडा मोहम्मदी का जुलूस

लोकमित्र ब्यूरो



सिरौली गौसपुर बाराबंकी। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के सिलसिले में कस्बा बदोसराय में अंजुमन - ए- सैदा- ए - मुस्तफा के द्वारा सरकार की आमद मरहबा ! दिलदार की आमद मरहबा ! आदि नारों के बीच जूलूस- ए -मोहम्मदी निकाला गया । जुलूस को संबोधित करते हुए हाफिज व कारी नजमुद्दीन कादरी ने कहा कि जब सारी दुनिया के अंदर इंसानियत का गला घोंटा जा रहा था बेटियों महिलाओं पर तरह-तरह के जुल्म किये जा रहे थे ऐसी विषम परिस्थितियों में 25 अप्रैल 571 ईस्वी में 12 रबी उल अव्वल को शहरे मक्का शरीफ के सरदार कुरेश हजरत मुत्तलिब के घर में सुबह आपकी पैदाइश हुई तभी से झंडा मोहम्मदी का जुलूस निकाले जाने की परंपरा चली आ रही है आपने पूरे जीवन भर इंसानियत की आवाज बुलंद किया जब तक सूरज चांद है तब तक आपकी यौमे पैदाइश अमर रहेगी । अंजुमन- ए- सैदा- ए - मुस्तफा के द्वारा झंडा मोहम्मदी का जुलूस सूफी संत हजरत मलामत शाह की दरगाह से सुबह शुरू हुआ दिन भर गांव के गली कूचों से गुजरता हुआ देर शाम अपने गंतव्य स्थान पर जा करके समाप्त हो गया जगह-जगह पर पुष्प वर्षा माल्यार्पण व मिष्ठान वितरित करके अकीदत मंदो ने जुलूस- ए- मोहम्मदी का स्वागत किया । इस अवसर पर हाफिज मुस्ताक अब्दुल मतीन मिर्जा गुफरान बेग अब्दुल वारिस सादाब अंसारी मो शफीक मा लड्डन आसिफ अली मोहम्मद काशिफ कदीम आमिर नूरैन महमुदुल मोहम्मद यूनुस आरिफ अंसारी इमरान अंसारी इस्लामुद्दीन अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फंदे से लटका मिला शव

**सुबेहा ।** थाना क्षेत्र के बम्हरौली मजरे कोलवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस शव को कब्जे में ले लिया है। उक्त गांव निवासी राजाराम रावत का 34 वर्षीय पुत्र शम्भू रावत अपने माता-पिता से अलग अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। घटना के दो दिन पूर्व पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। रविवार रात शम्भू अलग कमरे में सोने चला गया। सुबह माता पिता खेतों में काम करने चले गए । सोमवार दोपहर खेतों से वापस लौटने पर पिता उसके कमरे में जाकर देखा तो स्तब्ध रह गए। दरवाजा खुले थे। उसका शव गले में रस्सी बंधी छत धन्नी से लटक रहा था।शव को नीचे उतारा गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना को लेकर तरह तरह की अफवाहें फैली है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

## डिजिटल मंच पर नार्वे में मनाया गया हिन्दी दिवस

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सहित केंद्र के सभी प्रदेशों में हर जगह अंग्रेजी का बोलबाला है आधार कार्ड पैन कार्ड राशन कार्ड, चेतावनी सहित न्यायालय में जिस भाषा को मान्यता नहीं मिल रही है, उस हिंदी दिवस को लोग हर्षोल्लाह से मना रहे हैं, लोगों को किताबों में छपने से मतलब है धरती पर क्या हो रहा है उससे कोई मतलब नहीं है, अपने देश में हिंदी को सम्मान नहीं दिला पा रहे लोग, वे लोग विदेशों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार तेजी के साथ कर रहे है।हिन्दी के पाठक बढ़ रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों के भारतीय जब आपस में मिलते हैं तो वे हिन्दी में बात करते हैं।विदेशों में हिन्दी का भविष्य उज्जवल है। उक्त बातें ओस्लो नार्वे में स्पाइल-दर्पण पत्रिका के संपादक एवं अग्रणी प्रवासी साहित्यकार सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने अपने स्वागत भाषण में कहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. निर्मला एस. मौर्य (पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) ने कहा कि हिन्दी हमारी अस्मिता की पहचान है। हिन्दी को समृद्ध बनाये रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश कुमार जयपुर और प्रो. दिनेश चमोला 'शैलेश' हरिद्वार ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ.अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हिन्दी में सागर जैसी गहराई है,जो हिन्दी गैर हिंदी भाषियों के बीच सेतु का काम करती है। प्रवासी साहित्यकारों ने हिन्दी की बहुत सेवा की है।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रमिला कौशिक ने वाणी वंदना से हुआ।विदेश से काव्य पाठ करने वालों में हर नेक सिंह गिल लन्दन, गुरु शर्मा स्कॉटलैंड ब्रिटेन, नीरजा शुक्ला कनाडा, डॉ. राम बाबू गौतम अमेरिका, टेकू वासवानी मस्कट और सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' ओस्लो नार्वे से प्रमुख रहे।भारत से काव्य पाठ करने वालों में डॉ.हरी सिंह पाल, बबिता यादव एवं प्रमिला कौशिक दिल्ली, डॉ. राकेश कुमार एवं नवल किशोर शर्मा जयपुर, डॉ.सुषमा सौम्या एवं डॉ. मंजू शुक्ला लखनऊ, डॉ. दिनेश चमोला 'शैलेश' हरिद्वार, डॉ. दिव्या मिश्रा रीवा, डॉ. पूनम मिश्र सुलतानपुर, जे. पी. चंदेल मुरादाबाद, डॉ. मोहन लाल जट चंडीगढ़, सुवर्णा जाधव पुणे, डॉ.रश्मि चौबे गाजियाबाद डॉ.अर्जुन पाण्डेय अमेठी एवं बलराम मणि त्रिपाठी संत कबीर नगर आदि प्रमुख रहे।

## प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** जिले के प्रभारी मंत्री प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही मंगलवार को ग्राम पंचायत नसीरनगर मे स्वच्छ्ता ही सेवा है अभियान का शुभारम्भ कर चौपाल को सम्बोधित करेंगे कार्यक्रम मे कोई कमी न रह जाय जिसके लिए सोमवार को दिन भर अधिकारियों की टीम तैयारियों में जुटी रही।

सोमवार को जिला परियोजना अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश कुमार भोंडले ने ग्राम पंचायत नसीरनगर पहुंच कर तैयारियो का जायजा लिया तथा कार्यक्रम मे कोई कमी न रह जाय जिसको समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम से पूर्व गांव की साफ सफाई एव रंग रोगन के लिए तीन दर्जन से ज्यादा कर्मचारी लगे रहे।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत वर्मा एवं पंचायत सचिव वन्दना पाल, उत्तम वर्मा, सौम्या सिंह, संजीव सिंह, आकिब जमाल, और सीएचसी बड़ागांव अधीक्षक डॉ संजीव कुमार मुस्तैद दिखे।

## हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया

लोक मित्र संवाद

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश के मौके पर नगर में जुलूसे मोहम्दी का आयोजन किया गया।नगर के नानामऊ तिराहे पर स्थित मस्जिद आलम शाह से शाने शौकत के साथ जुलूसे मोहम्मदी मुख्य मार्ग से होते हुए लखनऊ रोड चौराहे पर पहुंचा।

यहाँ पर उलेमा इकराम ने हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अमन शान्ति एवं भाईचारे का पैगाम दिया ।इस मौके पर जुलूस का नेतृत्व कर रहे शहर काजी सय्यद जियाउल आरफीन ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब ने दुनिया के लोगों को नेक राह पर चलने व बुराइयों से बचने की तालीम दी ।

दोपहर एक बजे जुलूस चूडी वाली गली व भटपुरी होते हुये मोहल्ला मुकरियाना पहुंचा। जहां मदीना मस्जिद मे जोहर की नमाज अदा की गयी ।नमाज के बाद जुलूस गुलाम मुज्तवा,कस्बा टोला व हटिया होते हुये दरगाह शरीफ पहुंचा ।जहाँ जायरीन मीर सय्यद अलाउद्दीन मीरा शाह बाबा के उर्स में शामिल हुये ।यहाँ से सय्यदवाडा व मेमारन टोला होते हुये जुलूस पुन.मस्जिद आलिमशाह पहुंचा जहाँ जुलूसे मोहम्मदी का समापन किया गया। जुलूस में मीरा शाह बाबा दरगाह के सदर सय्यद मो गयासुद्दीन गौसी मियाँ,मौलाना अनस कमर,हाफिज यूसुफ मलिक,हाफिज सरताज,पूर्व पालिका चेयरमैन इजहार खाँ गुड्डू,सभासद इसरार व सैफखान सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये ।



## युवतियों का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल



लोकमित्र संवाद

**हसनगंज,उन्नाव।** कोतवाली हसनगंज क्षेत्र के ग्राम महाराजगंज के रहने वाला आदिल कुरैशी गांव की हिंदू लड़कियों को अपने प्रेमजाल में फंसा कर उनका शोषण किया करता था साथ ही उनका अश्लील वीडियो बनाकर युवतियों को ब्लैकमेल करता था और उसकी बात न मानने पर वीडियो को सोसल मीडिया पर वायरल करता था, वायरल वीडियो देखते ही क्षेत्र में लोगो में रोष व्याप्त हो गया जिसपर हिंदू जागरण मंच के विमल द्विवेदी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए दिनांक 14/9/25 को नवागत पुलिस कप्तान दीपक भूकर से मिलकर उक्त घटना संज्ञान में दिया था जिस पर नवागत कप्तान ने जांच करवाकर गिरफ्तारी करने की बात कही थी ,वही कोतवाली पुलिस ने मनचले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने का कार्य किया है कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया की उक्त व्यक्ति द्वारा लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल किया गया था जिसकी शिकायत पर आदिल पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## महिला मित्र से मित्र धर्म का पालन करने गये दीवान की बेढंग बातचीत का बहु चर्चित विडियो वायरल

लोक मित्र संवाद

**बीघापुर, उन्नाव ।** प्यार किया तो डरना क्या ,जब प्यार किया तो डरना क्या ।प्यार किया कोई चोरी नही की, छुप छुप कर आंहे भरना क्या । प्यार किया----। फिल्मी दुनिया का यह गाना स्थानीय कोतवाली ने तैनात सिपाही का थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला मित्र से रात मे वादापारी पर घर गये सिपाही की हुई बातचीत सम्बन्धी सोशल मिडिया मे वायरल विडियो को पूरी तरह चरितार्थ हो रही है ।जो क्षेत्र मे चर्चाएं का विषय बना हुआ है । बीघापुर थाना मे तैनात दीवान चन्द्र प्रकाश तिवारी थाना क्षेत्र के गांव जगतखेड़ा निवासी अपनी महिला मित्र से गांव मे जन्माष्टमी के दिन रात मे मिलने गये थे । ग्रामीणों ने दोनो को घर मे एक साथ देख बाहर से दरवाजे पर कुण्डी लगा कर बन्द कर दिया था । सिपाही की बड़ी मिन्नतो के बाद ग्रामीणों ने दरवाजा खोलकर बाहर निकाला । जिसका ग्रामीणों ने विडियो भी बना लिया था । जो कई दिनों से सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों की माने तो उक्त सिपाही काफी समय से बीघापुर मे तैनात है। और अपने को असरदार बताता है। वायरल विडियो मे दीवान सिविल ड्रेस मे की ग्रामीणों से बेढंगी व शेरेपुस्ती युक्त बात की जा रही है। जिसमे दीवान द्वारा कहा जा रहा है मै रोज आऊंगा। सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने के बाद घटना के दस दिनों बाद सिपाही की महिला मित्र ने अपना बचाव करते हुए पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि जन्माष्टमी के दिन अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के ग्राम अटवट से अपने मायके जगतखेड़ा मेला देखने गई थी । गांव व क्षेत्र मे तैनात सिपाही चन्द्र प्रकाश तिवारी को रात मे खाना खिलाने के लिए घर बुलाया था । मेरे पडोसी ने जिसका विडियो बना लिया । विडियो वायरल होने पर महिला ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दिया ।महिला की तहरीर पर बीघापुर थाना पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है । इस प्रकरण के उजागर होने पर क्षेत्राधिकारी बीघापुर ऋषि कान्त शुक्ला ने भी महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कहते हुए अपने कर्मचारी का बचाव किया है ।

### थाने मे रिपोस्टिंग के रुप मे तैनात है चर्चित दीवान

पुलिस विभाग ने दुबार अपनी पंहुच के बल पर बीघापुर थाने मे चन्द्र प्रकाश तिवारी की रिपोस्टिंग की गई है । दीवान चन्द्र प्रकाश एक माह के प्रशिक्षण हेतु ट्रेनिंग पर गये हुए है । बताते है कि बहुचर्चित सिपाही अपनी तैनाती के दौरान अपनी अद्भुत आचरण शैली के कारण चर्चा मे रहे है । जो सेवानिवृत्त के नजदीक भी है ।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से आयोजित सेवा पखवाड़ा हेतु भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक

भाजपा करेगी सेवा पखवाडा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं गांधी जयंती कार्यक्रम और अभियान

लोक मित्र संवाद




**उन्नाव।** सेवा पखवाडा सहित कई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं गांधी जयंती के दौरान आयोजित की जा सकने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम के संबंध में भाजपा कार्यालय उन्नाव पर जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रम की योजना रचना बनवाई गई। अभियान के जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने बताया दिनांक 17 सितम्बर को जिल में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह स्वच्छता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस मैके पर स्वास्थ्य विभाग के समन्वय को प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय उन्नाव में युवा मोर्चा द्वारा इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। 18 सितम्बर से 24 सितम्बर तक स्कूल एवं अस्पताल परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। प्रत्येक मण्डल के किसी एक स्कूल एवं एक अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित होगा। 23 सितम्बर को आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के दिन, जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक स्थान पर 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन होगा। 17 सितंबर से 15 दिनों तक प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों की एक सचिव प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी मुख्यालय के निराला प्रेक्षागृह में आयोजित होगी। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रा इस प्रदर्शनी को देखेंगे। कला और ड्राइंग प्रतियोगिताएं, रंगोली प्रतियोगिताएं, भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं, रेत-कला प्रतियोगिताएं, ग्राफिक डिजाइन प्रतियोगिताएं एवं आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 और लोकल फॉर लोकल प्रसंगी पर आधारित प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मध्य बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान एवं ÷एक पेड़ मॉ के नाम अभियान चलाया जायेगा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती 25 सितम्बर को है जिसे भाजपा अधिकतम सदस्यता दिवस के रूप में मनाएगी। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा एवं पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी।

## मुस्लिम धर्म के संस्थापक का मनाया गया जन्मदिन

लोक मित्र संवाद

**पाटन उन्नाव।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा विशेष प्रार्थना सभाओं जुलूसों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मस्जिदों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सजावट की गई श्रद्धालुओं ने न केवल प्रार्थनाओं में भाग लिया बल्कि पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं एवं उनकी जीवन से जुड़े संवादों को साझा किया कई स्थानों पर धार्मिक जुलूस निकल गए जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए नारे तकबीर व नारे इसारत के लग रहे नारो के बीच हुजूम का जोश देखते ही बन रहा था। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के सवाइन, लिलिया,भगवंतनगर,मनिकापुर,बरवा लया, बिहार में उत्सव का माहौल को देखा गया। पैंगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर समुदाय विशेष द्वारा जुलूस निकाले गए जो तहसील क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से गुजरे इस अवसर पर समुदाय के लोग एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए मिठाइयां व अन्य सामग्री बांटी। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा जरूरतमंदों को भोजन व वस्त्रों का वितरण किया गया। इस पावन दिन को मानवीय सेवा एवं एकता का प्रतीक माना जाता है। मिलादुन्नबी का पर्व हमे पैग़म्बर मोहम्मद साहब के आदर्शों और शिक्षाओं को करने और उन्हें अपने जीवन मे उतारने की प्रेरणा देता है। यह दिन प्रेम करूणा और भाईचारे का संदेश फैलाने का अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर मोहम्मद साहब के जुलूस का जगह जगह पर लोंगो ने स्वागत किया।

संक्षिप्त खबरें

## विवाद के बाद जमकर चले लाठी-डंडे और आगजनी से चार लोग घायल, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**मसूरी।** मसौता गांव में रविवार शाम को दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और लाठी-डंडे चलने के बाद हालात बेकाबू हो गए। इस हिंसक झगड़े में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए और कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। घटनास्थल पर पुलिस पहुंचने के बाद दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी के अनुसार, गालन्द थाना पिलखुआ के निवासी दीपक चौहान और नानक चौहान, साथ ही उनकी परिजनों सीमा देवी, गीता और योगेश के बीच मसौता गांव के विनय, बृजेश उर्फ लीली और राजेश के साथ झगड़ा हुआ। झगड़ा इतना गंभीर हो गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गालन्द पक्ष की बाईक को आग लगा दी गई, जबकि मसौता पक्ष की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन दोनों पक्ष वहां से भाग चुके थे। पुलिस को वहां एक अधजली बाईक मिली, जिसे कब्जे में लेकर थाने में जमा कर दिया गया। एसीपी ने बताया कि इस मामले में गालन्द निवासी दीपक चौहान, दीपक की पत्नी सीमा, और एक अन्य व्यक्ति के साथ-साथ मसौता निवासी विनय और विनय की पत्नी राजेश भी घायल हुए हैं।पुलिस ने इस हिंसक झगड़े के संबंध में दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इसमें बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 324(4), 125 और 131 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मसौता निवासी विनय को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पत्रकार बनकर ट्रकों से वसूली करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**उन्नाव।** लम्बे अरसे से शिकायत मिल रही थी कि पत्रकार बनकर दही थाना क्षेत्र में ट्रको से अवैध वसूली का कारोबार फल फूल रहा है। इस पर नवागत कप्तान ने मामले का संज्ञान लेते हुए ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश पर गिरफ्तारी की गई। इस घटना से अवैध रूप से तथाकथित पत्रकारों में हड़कंप मच गुट है प्राप्त विवरण के अनुसार वादी मुकदमा जीबछ साहू पुत्र जीतन साहू निवासी क्नहृष्ट कैम्प गौड़ी मार्केट सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा इस बावत प्रार्थना पत्र दिया कि सुफियान व उसके साथियो द्वारा पुरवा मोड़ पर डायवर्जन के दौरान क्नहृष्ट कम्पनी की लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे में जाने वाली गाड़ियों से अपने आप को पत्रकार बताते हुए अवैध पैसे व दारु की मांग करते है, नहीं देने पर न्यूज में छापने व गाड़ी नहीं निकलने देने की धमकी देते है। उनके द्वारा यह भी शिकायत की गई कि अभी तक सुफियान व उसके साथियो द्वारा 5000 रुपये लिए गए है। उन्होंने यह भी शिकायत की है कि और धन की मांग की जा रही है। इस पर वादी मुकदमा जीबछ साहू की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना दही पर मु0अ0सं0 208/2024 धारा 308(5)/351(3) क्नहृस दर्ज करने के बाद वादी की निशानदेही पर दही थाने की पुलिस ने पुरवा मोड़ दही थानाद्य से सुफियान पुत्र सुलेमान नि0 464/70 न्यू बस्ती खजुरिया बाग थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र 22 वर्ष को केन्द्रीय विद्यालय दही के पास से गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य साथी भागने में सफल रहे है।

## क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 19 एवं 20 सितम्बर से, तैयारियां शुरू




**सफीपुर, उन्नाव।** स्थानीय महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज सफीपुर में जोन स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 19व 20 सितंबर को किया जायेगा। जिसमें सफीपुर जोन के अंतर्गत (सफीपुर तथा बांगरमऊ तहसील ) आने वाले विद्यालय प्रातः 8 बजे पहुंच कर प्रतिभाग कर सकते है। पहली बार बेसिक शिक्षा के छात्र एवं छात्राओं को भी खेलने का मौका मिलेगा यह जानकारी कॉलेज के प्रधानचार्य मनीष कुमार एवं जोन इंचार्ज एवं खेल शिक्षक कुलदीप कुमार पटेल ने संयुक्त रूप से दी। जोन इंचार्ज एवं खेल शिक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष कि तरह इस वर्ष भी माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के बीच होने वाली जोन स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता कस्बा के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में होगी पहली बार माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों के बीच बेसिक शिक्षा विद्यालय के भी खिलाड़ी छात्र छात्राएं अंडर 14 में अपना भाग्य आजमाएंगे यह प्रतियोगिता बालक/ बालिका सीनियर/जूनियर/ सब जूनियर आयु वर्ग में कराई जाएगी। जिसमें 100 मीटर , 200मीटर, 400मीटर, 800मीटर, 1600 मीटर, 3000 एवं 5000 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता, लम्बी कूद, ऊँची कूद, त्रिकूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक आदि प्रतियोगिताए सम्पन्न होंगी, जिसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं वहीं प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता दिनांक 19 व 20 सितंबर को बालक/ बालिका 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19वर्ष आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। सफीपुर तथा बांगरमऊ तहसील के अंतर्गत आने वाले बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालय के इच्छुक वी प्रतिभागियों के पात्रता फॉर्म 5 प्रतियों में तथा उनकी सूची आवश्यक प्रमाणपत्रों सहित दिनांक 18 तारीख तक कार्यालय को अवश्य उपलब्ध करा दें।

### भारत में दिलवाला अस्पताल, जहां मुफ्त में होता है दिल का इलाज : डॉ ओसामा नोमानी

# दिल का जन्मजात छेद बंद कर मासूम को दी नई जिंदगी

लोकमित्र,ललित वर्मा

**लखीमपुर-खीरी।** देश में इस समय सबसे ज्यादा महंगा इलाज कराना हो गया है। दवाईयों से लेकर अस्पताल के बिल तक सभी कुछ पर महंगाई का असर है लेकिन आज हम आपको एक ऐसे अस्पताल के बारे में बताने जा रहे हैं जहां इलाज कराना पूरी तरह से फ्री है। इस अस्पताल में एक भी कैश काउंटर नहीं है। इतना ही नहीं यहां (श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल) आने वाले मरीजों को और उनके साथ आने वाले परिवार के लोगों को खाना भी फ्री में दिया जाता है ये अस्पताल दिल्ली के एकदम पास बना हुआ है। चलिए आपको बताते हैं इस अस्पताल के बारे में....

दो वर्षीय आशुतोष की मां ने बताया




कि जल्द ही बेटे का आपरेशन हुआ और 12 दिन बाद मै अपने आशुतोष को लेकर सकुशल घर आ गई हूं अब मेरा बच्चा पूर्णतया स्वस्थ हैं मैं मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल समेत सभी डॉक्टर्स टीम को धन्यवाद देती हूं व आजीवन आभारी रहूंगी वही मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल के एमडी डॉ ओसामा नोमानी ने बताया कि सीतापुर निवासी रमेश की तरह देश के कोने-कोने से रोज यहा अपने कलेजे के टुकड़े के साथ पहुंचते हैं और निःशुल्क इलाज करा कर सकुशल लौट रहे हैं।

### यहां बना हुआ है अस्पताल!

ये अस्पताल हरियाणा के पलवल स्थित बघोला में बना हुआ है। इसका नाम श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल है। ये अस्पताल बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस अस्क्पताल में न केवल बीमार बच्क्चों के लिए दवाएं, इलाज, जांच और सर्जरी सभी मुफ्त में उपलब्क्ध कराई जाती हैं बल्कि बीमार बच्क्चे को इलाज के लिए लाने वाले माता-पिताओं और परिजनों के रहने और खाने का इंतजाम भी करता है। यहां किसी भी चीज के लिए पैसे नहीं देने पड़ते यहां सभी सुविधाएं फ्री हैं।

### हर जिलों की भांति सीतापुर से पहुचा दो वर्षीय आशुतोष!

उत्तर-प्रदेश के सीतापुर जिले के छोटे से गांव में रहने वाले रमेश कुमार के घर चौबीस महीने पहले बेटे का जन्म हुआ लेकिन कुछ ही दिन में पता चला कि उनकी बेटे के दिल में छेद है। खेती-किसानी करने वाले रमेश कुमार के पास इतना पैसा नहीं था कि अपने कलेजे के टुकड़े का महंगा इलाज करा पाते। ऐसे में उन्हें मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल के एमडी डॉ. ओसामा से मुलाकात हुई डॉ नोमानी ने जांच के लिए लखनऊ जाने की उचित सलाह दी डाक्टर्स की टीम ने आशुतोष की जांच कराई तो पाया कि बच्चे के दिल मे छेद है वही मर्सी मेडिकेयर हॉस्पिटल और टेंडर पाम हॉस्पिटल लखनऊ की डाक्टर्स टीम ने बच्चे के इलाज के लिए श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल का पता दिया और वार्तालाप किया तो वह बिना देर किए अपने बेटे आशुतोष को 21 अगस्त 2024 को लेकर आखिर पहुच गए।

## सामूहिक बलात्कार की शिकार किशोरी की अस्पताल में मौत

- 16 दिन पहले घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल, अब बढ़ाई जाएगी हत्या की धारा

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज यहां सोमवार को सामूहिक बलात्कार का शिकार लड़की ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। कुल मिलाकर वासना के दरिंदे यहां किसी न किसी लड़की को आए दिन अपना शिकार बनाने में सफल हो रहे हैं। इसी क्रम में 16 दिन पहले चार दरिंदों द्वारा शिकार बनाई गई एक किशोरी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अब पुलिस मामले में हत्या की धारा बढ़ाने की कार्रवाई में जुटी है। गैंग रेप की इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक महाराजपुर थाना क्षेत्र में गांव के 4 युवकों ने घर से खींचकर उसके साथ दरिंदगी की थी। आहत होकर उसने जहर खा लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतका के किसान पिता ने बताया कि उसकी 14 साल की बेटी 30 अगस्त को घर के बरामदे में पढ़ाई कर रही थी। वह पत्नी के साथ घर में था। इस दौरान गांव के ही 4 दबंग युवक आए। उन्होंने बेटी के साथ गलत काम किया था। जिससे दुखी उनकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसी के बाद उसे एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि गैंगरेप के चारों आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। गांव में दो भाई इस्माइल और असलम रहते हैं। दोनों भाइयों के चारों बेटों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी इरफान उर्फ काकू व इमरान सगे भाई और असलम के बेटे हैं। राजा उर्फ इस्माइल और इजराइल सगे भाई हैं। ये दोनों इस्माइल के बेटे हैं। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह के मुताबिक लड़की से गैंगरेप के 4 आरोपी इरफान, इजराइल, राजा उर्फ इस्लाम और इमरान के खिलाफ गैंगरेप समेत अन्य गंभीर धाराओं में 2 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। चारों आरोपियों को जेल भी भेजा जा चुका है। जल्द ही केस में हत्या की धारा भी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

## जनपद का नौ वर्ष की बच्ची ने कराटे में नाम किया रोशन

**बकेवर, फत्तेहपुर।** बिन्दकी तहसील अंतर्गत खजुहा कस्बे की रहने वाली 9 साल की बच्ची श्री यशस्वी त्रिपाठी ने बेस्ट बंगाल स्टेट ओपन कराटे चौम्पियन शिप 2024 में अपने से 2 साल बड़ी बच्ची से फाइट करते हुए 2दक स्थान प्राप्त किया और ट्राफी जीती जनपद का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार खजुहा कस्बे के रहने वाले सिद्धार्थ त्रिपाठी इंडियन एयरफोर्स पश्चिम बंगाल में तैनात है और अपने परिवार के साथ रहते हैं साथ ही बच्ची की शिक्षा दीक्षा एयरफोर्स स्कूल में हो रही है साथ ही कराटे में अपना कैरियर बनाने के लिए श्रीयस्वी त्रिपाठी पढ़ाई के साथ साथ पश्चिम बंगाल में होने वाली स्पर्धाओ में प्रतिभाग करते हुए अपने माँ और पिता का नाम रोशन कर रही है। यह प्रतियोगिता 15 सितम्बर 2024 को पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में आयोजित की गई थी । कक्षा 2 में पढ़ने वाली यशस्वी ने कक्षा 6 में पढ़ने वाली छात्रा से यह मुकाबला जीता है।

## ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाला गया जुलूस

लोकमित्र संवाददाता

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर एक बड़ा जुलूस निकाला गया, जिसमें कस्बे के विभिन्न हिस्सों से लोग बड़ी संख्या में भाग लिया। जुलूस में लोगों ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती मनाई और उनकी शिक्षाओं को याद किया।



जुलूस की शुरुआत कस्बे के नूरी मस्जिद से हुई और यह भेरौड़ा से मेन रोड होते हुए पुरानी चुंगी झाला गुजरता हुआ कस्बे में समाप्त हुआ। जुलूस में लोगों ने धार्मिक गीत गाए और पैगंबर हजरत मुहम्मद की जयंती का जश्न मनाया। इस अवसर पर मौलाना इमामत हुसैन हुजेफा ने पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षाएं हमें शांति, एकता और भाईचारे का संदेश देती हैं।जुलूस के दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार भदौरिया ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम, हाफिज फारूक, शरीफ सिद्दीकी, अब्दुल चौधरी, आफाक हुसैन बच्चा, आजम खां, फारूक हाशमी, फारूक हाफिजी, मौलाना लुकमान साहब, वाजिद हुसैन, इसरार सहित हजारों की संख्या में लोग जुलूस में मौजूद रहे।

## खीरी में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व

लोकमित्र संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया मदरसा फैजुल रसूल रजविया में 12 रबीउल अब्बल के मौके पर जश्न ए ईद मिलादुन्नबी बड़े ही खुलूस और मोहब्बत के साथ से मनाया गया बच्चों ने नात शरीफ़ पढ़ी तकरीर की सरकार की आमद मरहबा खूब नारे लगाए और एक दूसरे को मुबारकबाद दी और खुशी का इज़हार किया इस मौके पर मौलाना नफीस नबी के बारे में बताया वही मदरसा कमेटी के अलावा बहुत से आशिक ए रसूल इस मुबारक मौके पर जश्न में सामिल हुए मदरसा संरक्षक जनाब इदरीश ख़ान और कमेटी के सदर इकतदार ख़ान प्रबन्धक/सचिव रईस झंझटी खाजंची जियाउल्ला ख़ान के अलावा मदरसा कमेटी के तमाम सदस्य व मदरसे के



बच्चे मौजूद रहे जिसमें मुख्य रूप से मदरसा फैजुल रसूल रजविया के प्रांसिपल मौलाना महशाद हाफिज शकील अहमद साहब ने भी हमारे आका हुज़ूर ए अकरम की सीरत ब्यान की मदरसे के बच्चों ने प्रोग्राम बहुत ही बेहतर अंदाज में पेश किए।

मोहल्ला सरैया में फैजाने मुस्तफा दारुल उलूम में बारावफात के मौके पर आयोजन किया गया मौलाना मोहम्मद यूनुस सावन राजा आदि तमाम मोहल्ले वासी मौजूद रहे।मदरसा फैजाने गरीब नवाज में बारावफात के मौके पर प्रोग्राम किया गया जिसमें हजरत सैयद तारिक मियां हजरत मौलाना रजीउल्लाह आदि कार्यक्रमों में तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में नगर से लेकर ग्रामों तक ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

## फुफेरे ससुर के साथ आशिकी में फरार हुई विवाहिता

- शादीशुदा भतीजी पर आया शादीशुदा फुफेरे ससुर का दिल, गुमशुदगी दर्ज
- क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी फूफा की नीच हरकत!
- इश्क में अंधी होकर पति के फूफा संग हुई फरार, गुमशुदगी दर्ज

लोकमित्र,ललित वर्मा

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में एक अजीब प्रेम कहानी सामने आई है जहाँ एक बच्चे की माँ अपने पति के फूफा के साथ मासूम बच्चे को लेकर फरार हो गयी। हुआ यूं कि महिला के गायब होने के बाद असली वाक्ये से अनभिज्ञ परिजन उसे इधर-उधर ढूंढते रहे और काफी तलाश करने के बाद न मिलने पर थक हार कर भीरा थाना में महिला की गुमशुदगी की सूचना दर्ज करवा दी है।

प्राप्त जानकारी मुताबिक जनपद खीरी के भीरा थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता को अपने पति के सगे फूफा से बेशुमार प्यार हो गया और महिला अपने मासूम बच्चे को लेकर गुप-चुप तरीके से फरार हो गई हालांकि महिला का प्रेमी फूफा शादीशुदा व तीन बच्चों का पिता भी है उक्त घटना में फूफा के शामिल होने की जानकारी मिलते ही परिजनों में खासा उबाल आ गया वहीं लोक लाज छोंड़ अपनी बहू को भगा ले जाने वाला फूफा की समाज मे भी भारी किरकिरी हो रही है। प्रकरण के संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक भीरा ने बताया कि मामले में विधिक कार्यवाही जारी है, पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाया जायेगा।

## अफसर तो कई आये लेकिन अफसर हो तो एसडीएम राजीव निगम जैसा

लोकमित्र,शिवम मिश्रा

**निघासन-खीरी।** पहाड़ों पर हुई लगातार बारिश की वजह से नेपाल से निकलने वाली मोहाना तथा बनबसा बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी डिस्चार्ज किए जाने की वजह से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में एक बार फिर से त्राहि-त्राहि मची हुई है उक्त आशय की सूचना मिलने पर एसडीएम राजीव निगम व राजस्व टीम नाव पर बैठकर सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नजदीकी जायजा लेने के साथ ही अधीनस्थों को तत्काल पीड़ितों को राहत पहुंचाने एवं उनके सुरक्षा इंतजामों के संबंध में सख्त हिदायत दी जबकि उल्लेखनीय है कि बाढ़ ने दो महीने के भीतर दूसरी बार विनाशलीला मचाई है जैसा की बनबसा बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण शारदा नदी में आई बाढ़ की वजह से स्थानीय तहसील क्षेत्र के



लुधौरी,पुरैना,दुर्गापुरवा,नंदापुरवा,सेमरापुरवा,गोबिंदपुर के अलावा शीतलापुर,खमरिया,झौआपुरवा, लालबोझी,बैलहा तथा जीतपुरवा में बाढ़ का पानी पहुंच गया साथ ही कई रास्तों पर तेज धार के साथ पानी चल रहा है जिससे लोगों का आवागमन लगभग बंद हो गया है जबकि एसडीएम राजीव निगम तहसीलदार भीमचंद राजस्व टीम के साथ बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में बारीकी से निरीक्षण किया साथ ही प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का प्रयास जारी रहेगा जबकि एसडीएम राजीव निगम लालबोझी गांव में पहुंचे गांव में पहुंचते ही युवक रामकुमार एसडीएम के पास में भागते हुए आया और अपनी

*देवीय आपदा (बाढ़) के बीच फसी गर्भवती महिला पूनम को एसडीएम राजीव निगम ने अपने सरकारी वाहन से सीएचसी निघासन पहुंचाया*

समस्या बताने लगा उसने कहा कि मेरी पत्नी पूनम गर्भवती है उसकी हालत बहुत ही खराब है एसडीएम राजीव निगम ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में दूरभाष के माध्यम से वार्ता की व एंबुलेंस भेजने को कहा रास्ते में भरे बाढ़ के पानी की वजह से एम्बुलेंस को विलंब होता देख एसडीएम साहब ने आनन फानन में अपने वाहन से गर्भवती महिला पूनम को अस्पताल में पहुंचाया सीएचसी पहुंचते ही उपचार जारी किया गया एसडीएम राजीव निगम के इस सहरानीय कार्य से ग्रामीणों ने की भूरि भूरि प्रशंसा कुछ ग्रामीणों ने कहा ऐसे अफसर बहुत कम आते है साहब बहुत बढ़िया है।

## हैंडपम्प रिबोर, मरम्मत में दोषी मिले दो सचिव सस्पेंड, विभागीय कार्यवाही शुरू

- 13 ग्राम पंचायत से होगी दुरूपयोगित 15.06 लाख की वसूली
- 05 सचिवो पर भी विभागीय कार्यवाही शुरू, वसूली आदेश भी जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** ब्लॉक धौरहरा के विभिन्न गांवो में हैण्डपम्प रिबोर, मरम्मत मामले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश पर कड़ी कार्यवाही हुई है। काम करने वाली दोनों फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराई गई। एक-एक ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई हैं। वही अन्य 05 सचिवो पर भी विभागीय कार्यवाही शुरू करने के साथ-साथ वसूली आदेश निर्गत किए गए। वही रामलोक, केशवापुरखुर्द, महाराजनगर, केशवापुरकंला, घुरघुट्टाबुजुर्ग, शाहपुर, डिहुआकंला, जंगलवाली, अमेठी, मिर्जापुर, बबुरी, परसा एवं मटेहनी में दुरूपयोगित कुल धनराशि रू. 15,06,975 की वसूली के लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान को वसूली आदेश और सचिव को वसूली आदेश निर्गत कर विभागीय कार्यवाही के आदेश भी दिए है।

विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत घुरघुट्टा बुजर्ग मटेहनी, अमेठी, केशवापुरखुर्द, रामलोक, शाहपुर, बबुरी, हरदी, डिहुआ कलां, परसा, मिर्जापुर, महाराजनगर, देवीपुरवा, हरसिंगपुर, जंगलवाली, केशवापुरकलां व बम्हौरी द्वारा वित्तीय 2023-24 एवं 2024-25 में मरम्मत/रिबोर कराये गये इण्डिया मार्का हैण्ड पम्पों की जॉच जनपदीय अधिकारियों से करायी गयी। जॉच अधिकारियों की जॉच आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत रामलोक, केशवापुरखुर्द, महाराजनगर, केशवापुर कंला, घुरघुट्टाबुजुर्ग, शाहपुर, डिहुआकंला, जंगलवाली, अमेठी, मिर्जापुर, बबुरी, परसा एवं मटेहनी में हैण्डपम्प रिबोर और मरम्मत कार्य में दुरूपयोगित कुल धनराशि रू. 15,06,975 की वसूली के लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सचिव, ग्राम पंचायत को वसूली आदेश निर्गत करते हुए विभागीय कार्यवाही के आदेश निर्गत कर दिये गये और ग्राम पंचायत अधिकारी रोहिताशं बसंवार, ग्राम विकास अधिकारी नवल किशोर वर्मा का निलम्बन करते हुए विभागीय कार्यवाही की जा रही है। शेष 05 सचिव, ग्राम पंचायत के विरूद्ध वसूली आदेश के साथ-साथ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। उक्त के अलावा सम्बन्धित फर्मों मेसर्स अली वारिस कान्ट्रेक्टर एवं अली कान्ट्रेक्टर को काली सूची (ब्लैक लिस्ट) करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई।

## डीएम के निर्देश पर बाढ़ग्रस्त ग्राम बड़ा पटवारा से रेस्क्यू की गई गर्भवती महिला

- देर रात सीएचसी पलिया में बच्ची का हुआ जन्म, परिजन ने डीएम का जताया आभार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** संकट की घड़ी मेंशासन-प्रशासन के हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी (पलिया) कार्तिकेय सिंह ने अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया डॉ भरत वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम को ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त गांव बड़ा पटवारा भेजा, जहां गर्भवती महिला को परिवारीजनों संग ट्रैक्टर के जरिए रात्रि दो बजे सीएचसी पलिया पर लाया गया। करीब रात्रि 3.30 बजे



चिकित्सकों के प्रयास से सफलतापूर्वक पुत्री का जन्म हुआ। पारिवारिक जनों ने बेटी के जन्म पर खुशी जाहिर करते हुए संकट की घड़ी में प्रशासन की ओर से की गई मदद के लिए आभार भी जताया।

### संकट की घड़ी में मददगार बना प्रशासन,एसडीएम ने गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव हेतु भेजा सीएचसी

**निघासन।** निघासन तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त ग्राम बम्हनपुर के मजरा लालभोजी की एक गर्भवती को सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी (निघासन) राजीव कुमार निगम ने गर्भवती महिला और उसके परिवारीजनों को नाव के जरिए सड़कमार्ग तक और सड़क मार्ग से मुख्य मार्ग तक एसडीएम अपने सरकारी वाहन से लेकर पहुंचे, जहां एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भिजवाया। एसडीएम ने टेलीफोन के जरिए अधीक्षक को एंबुलेंस से भेजी गई महिला की सुरक्षित प्रसव कराने के लिए निर्देशित किया।

## भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश अवध प्रांत का अधिवेशन आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** कृषि भवन लखनऊ में भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश अवध प्रांत का अधिवेशन संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेंद्र, क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित,प्रांत संगठन मंत्री राम चेला की विशिष्ट उपस्थिति रही।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचारक कौशल का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा निर्वाचन अधिकारी बाबू भाई पटेल द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसमें कृष्ण कुमार सिंह को प्रांत अध्यक्ष एवं उत्कर्ष को प्रांत महामंत्री निर्वाचित किया गया तथा प्रांत अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है।

संक्षिप्त खबरें

## सरकार अपनी गलत नीतियां जबरदस्ती जनता पर थोपी जा रही -अमान उल्लाह




लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या** ।नार्थ सेंट्रल ज़ोन इंश्योरेंस इम्पलाइज फेडरेशन के 30वें महाधिवेशन के तीसरे दिन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजीव शर्मा व महिला कन्वीनर कॉम गीता शांत,कॉम राकेश कनोजिया 3 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता में आज प्रतिनिधि सत्र शुरू हुआ साथियों को सम्बोधित करते हुए,द्धद्धश्च के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम अमान उल्लाह ने कहा कि हमारी साझी शहादत,साझी विरासत को ये सरकार नष्ट करना चाहती है।नफरत फैलाकर आपस मे लड़ाने का काम कर रही है।आपसी भाईचारे को खत्म करना चाहती है।सरकार अपनी गलत नीतियां जबरदस्ती जनता पर थोपी जा रही है।आज तक ऐसा कभी नही हुआ था।श्रमिको के संगठन को और मजबूत करना होगा,और देश मे महिलाओं पर हिंसा हो रही है और सरकार मौन है।सरकार को मुंहतोड़ जबाब देने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा।महिलाओं को अपनी ताकत को पहचानना होगा।सरकार महिलाओं को कोई ठोस सुरक्षा नही दे पा रही है।इसलिए महिलाओं को अपने हक व अधिकार को लेने के लिए बंदिशों की बेड़ी को काटकर कर आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जब भी श्रमिक आंदोलन कमजोर हुआ है नुकसान श्रमिको को ही हुआ।आज इस सम्मेलन में आधी आबादी का बड़ा हिस्सा शामिल है। बीमाकर्मचारी संघ फ़ैज़ाबाद डिवीजन के सचिव कॉम रविशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि तीसरे दिन के अधिवेशन में संगठन की मजबूती पर सभी डेलीगेट्स सीरियस चर्चा कर रहे है। अभी कई प्रस्ताव आने बांकी है।सम्मेलन देर रात चलने की संभावना है।

सम्मेलन कॉम आरडी आनंद,कॉम सीपी शुक्ला,कॉम सीएम पांडेय,कॉम केके पांडेय,कॉम संजीव सिंह, कॉम बलदेव,कॉम सुनीता सिंह,कॉम संगीता गौड़,कॉम दिवांशु गौड़,कॉम प्रजापति,सहित डेलीगेट्स साथी मौजूद है।

## अर्थव मिश्रा का राष्ट्रीय बैडमिंटन की प्रतियोगिता में हुआ चयन

**गोसाईगंज -अयोध्या** ।गोसाईगंज नगर के निवासी डा विनोद मिश्रा के पुत्र अर्थव मिश्रा ने राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अयोध्या सहित समूचे जनपद का नाम रोशन किया है।अर्थव ने 7,8,9 व10 सितंबर को प्रयागराज में आयोजित जूनियर वर्ग की अंडर 14 राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान हासिल किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अर्हता हासिल की।उनकी मां रीना मिश्रा एक गृहिणी है। परिवार में जश्न का माहौल व्याप्त है।अर्थव की इस उपलब्धि से गोसाईगंज सहित पूरे जनपद का मान बढ़ाया।बेटे की इस उपलब्धि पर एम एल सी हरिओम पांडेय,यंग्स क्लब के सचिव गिरिजा शंकर सिंह , गोसाईगंज नगर पंचायत की चेयरमैन डा विजय लक्ष्मी जायसवाल,प्रदीप जायसवाल , संजय पराग, पूर्व सभासद देवीप्रसाद गुप्ता , प्रशांत गुप्ता आदि ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

## बेरोजगार युवाओं के सपने साकार कर रही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ ही प्रदेश में स्वरोजगार के इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की थी। प्रदेश सरकार की यह योजना रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। अयोध्या जनपद में वर्ष 2024-25 में जिले के %मिशन रोजगार के तहत% मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत इस वर्ष 149 युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत पुरुष व महिलाओं को उद्योग क्षेत्र में 25 लाख तक वह अन्य सर्विस सेक्टर में काम के लिए 10 लाख रुपए तक ऋण प्रदान कर उनको रोजगार से जोड़ा है।

### 18 से 40 आयुवर्ग के लोग कर सकते हैं अप्लाई

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के लोग स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण प्राप्त कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत इस वर्ष अब तक कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 299.59 लाख रुपये के ऋण के लिए हुए प्राप्त हो चुके हैं। अभी तक जिसमें मार्जिन मनी वितरित में 21 लोगों को 61.82 लाख रुपए दी गई है। बाकी, केसेस जांच की जा रही है और जो पात्र होंगे उन्हें योजना का लाभ मिलेगा। योजना के तहत योगी सरकार की तरफ से युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए बैंकों से अनुदानित ऋण की सुविधा मुहैया कराई जाती है। ऋण पर 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है।

### योजना का लाभ पाने की ये हैं शर्तें

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए जनपद का निवासी होना चाहिए। उम्र 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। हाई स्कूल की शिक्षा प्राप्त युवा बेरोजगार ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। ऐसा व्यक्ति जो किसी भी वित्तीय संस्था से डिफाल्टर न हो वह इसका लाभ ले सकता है। इसका फॉर्म ऑनलाइन जमा कराया जा सकता है जिसके लिए नवीनतम कलर फोटो, आधार,निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की मार्कशीट व बैंक पासबुक का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाता है।

## दुर्घटना में परिवार के आधा दर्जन लोग घायल



**बीकापुर -अयोध्या।** सुल्तानपुर की तरफ से अयोध्या की तरफ जा रही एक कार अनियंत्रित होकर नियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कार पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए जिसमें महिलाए और बच्चे शामिल हैं। हादसा सोमवार सुबह करीब 5 बजे बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर बॉर्डर चौरे बाजार के पास प्रयागराज हाईवे पर हुआ बताया जाता है। बताया गया कि प्रतापगढ़ जनपद के भोजपुर सांगीपुर निवासी कार में सवार होकर महिलाएं और बच्चे अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। चौरे बाजार के पास अचानक किसी वाहन से बचने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार में सवार सीमा सिंह 38 वर्ष, लल्ली देवी 70 वर्ष, रिया सिंह 22 वर्ष, मृत्युंजय 10 वर्ष, शांतनु 1 वर्ष तथा शशि सिंह 45 वर्ष जख्मी हो गई। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया दवा उपचार के बाद चिकित्सा एके चौधरी ने सभी को घर भेज दिया। चिकित्सक ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत ठीक है।

# अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ाई जा रही है खेल की सुविधाएंःमयंकेश्वर शरण सिंह

▶▶ अमानीगंज ब्लाक में शुरू हुई दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता अमानीगंज का राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने दीप प्रज्वलित ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खण्डासा में आयोजित प्रतियोगिता के समारोह स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर राज्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में कबड्डी की 37, वालीबॉल की 9 तथा रस्साकसी की 8 टीमें भाग ले रहीं है। उद्घाटन सत्र में कबड्डी का पहला मैच अकमा व धमधुआ के बीच खेला गया जिसमें अकमा 11-03 से विजयी हुआ। वालीबॉल का पहला मैच तिन्दौली व तुरसमपुर के बीच खेला गया जिसमें तिन्दौली 15-09 से विजयी हुआ। लोक सभा के सभी ब्लाकों में अयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता तथा उपविजेता का लोकसभा स्तर पर फाइनल खेला जाएगा।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने उ.प्र. खेल नीति 2023 को मंजूरी दी है। जिससे ओलंपिक व अर्न्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के खिलाड़ी बेहतर प्रर्दशन कर सकें। अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में खेल की सुविधाएं बढाई जा रही है। खेल विकास कोष का गठन किया जा रहा है।

इस प्रकार छोटे आयोजनों से खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर कमला शकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, अशोक कसौधन, राघवेन्द्र पाण्डेय, पवन सिंह, वंशीधर शर्मा, देवेन्द्र सिंह, गंगादीन रावत, सियाराम रावत, शम्भू सिंह, अयोजन समिति के अध्यक्ष यादवेन्द्र शुक्ला, देव कुमार दूबे, जैनेन्द्र सिंह, जीत बहादुर पाल, उमा बक्श रावत, सुशांत सिंह, रमेश मौर्या सहित बड़ी संख्या स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

## डॉ. विनय कुमार सिंह का बीपीओ पद पर चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

लोकमित्र ब्यूरो

पूरा बाजार -अयोध्या। यू.पी. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत अधिकारी (2018) की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें मसौधा विकास खण्ड के महावाँ ग्राम निवासी डॉ. विनय कुमार सिंह ने पुनः सफलता प्राप्त की।

डॉ. विनय ने स्नातक और परास्नातक की शिक्षा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्राप्त की है और वर्तमान में भाग्यवती देवी देवता सिंह महिला महाविद्यालय में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। उनके इस चयन से क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## नूरानी जामा मस्जिद से निकाला गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व जुलूस -ए-मोहम्मदी



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** जामा नूरानी मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब की सरपरस्ती में जुलूस -ए- मोहम्मदी का जुलूस मदरसा अरबिया शम - उल- उलूम कनकपुर मया बाजार से बड़ी ही शानों - शौकत के साथ गुलिस्ता साल की तरह इस साल भी निकाला गया । जुलूस नूरानी जामा मस्जिद मया बाजार से निकलने के बाद द्वापर स्कूल से होते हुये मया भीखी गाँव को घुमाकर पुनः नूरानी जामा मस्जिद मया बाजार में आकर खत्म हुआ। और उसके बाद सलातों सलाम पढ़ने के बाद फातिहा हुआ तथा उसके बाद दुआ में मुल्क में अमन - चैन कायम रहने वा मुल्क की सलामती के लिये दुआ माँगी गई। नूरानी जामा मस्जिद के पेश इमाम हज़रत मौलाना मोहम्मद मुस्तकीम कादरी साहब ने बताया कि ईदों की ईद ईद मिलादुन्नबी सरवर -ए-कायनात नबी -ए-पाक हज़रत मोहम्मद मुस्तफा (स.)की यौमे - ए- पैदाइश 12 रबीउल अव्वल को सुबह सादिक के वक़्त हुआ था।इसलिये उनके यौमे -ए- पैदाइश के आमद की ख़ुशी में जश्ने ईदमिलादुन्नबी का पर्व मनाया जाता हैं।इस अवसर पर मास्टर मुबारक़ अली इदरीशी , गुलाम मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद कैफ इदरीशी,वारिस अली, मोहम्मद नईम, अज़मत अली , हसमत अली , शमसुद्दीन,मोहर्रम अली, मोहम्मद अन्सार, चाँद बाबू, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस - ए- मोहम्मदी की जिम्मेदारी सँभाली।

# कागजों में फावड़ा चला रहे मनरेगा मजदूर,तालाब में भरा पानी

### तालाब मे खिले है कमल लेकिन मनरेगा के तहत हो रही कागजों पर खुदाई व भुगतान

लोकमित्र ब्यूरो



**अयोध्या।**मवई ब्लाक में मनरेगा योजना में लूट मची है। अधिकारियों व ग्राम प्रधानों की मिलीभगत से फर्जी काम दिखाकर गोलमाल किया जा रहा है। सबसे हैरत की बात यह है कि बारिश के इस मौसम में जब तालाबों में पानी भरा है और लबालब पानी मे वहाँ कमल के फूल शोभा बढ़ा रहे हैं तो आखिर कैसे तालाब खोदाई का कार्य हो सकता है। जिम्मेदार द्वारा पैसा खपाने के लिए मस्टरोल भरा जा रहा है। कुछ ऐसा ही खुलासा सोमवार को मवई ब्लाक के नेवाजपुर ग्राम पंचायत में हुआ जहाँ खंता नाम के चारों तालाब में लबालब पानी भरा हुआ है लेकिन कागज़ों पर एक दो नही बल्कि 64 मजदूर कार्य कर रहे हैं। अधिकारी भी इस प्रकार की घपलेबाजी को लेकर हैरत में है।इस समय खेत में फसल तो तालाबों में पानी भरा हुआ है, लेकिन कागज में सैकड़ो मजदूर प्रतिदिन काम कर रहे हैं। इन मजदूरों की प्रतिदिन हाजिरी लगाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक, ब्लाक स्तर पर एपीओ की तैनाती की गई है जो कि मनरेगा योजना से हो रहे कार्यों की देखरेख के साथ सत्यापन भी करते है। लेकिन यह सभी कर्मी अपने जिम्मेदारी का निर्वहन न करके जेब भरने में मस्त हैं।

मवई ब्लाक के ग्राम पंचायत नेवाजपुर में सोमवार को जब पत्रकारों की टीम ने पड़ताल किया तो हैरत करने वाली तस्वीर नजर आई।यहाँ मनरेगा योजना अन्तर्गत तालाब खोदाई के लिए 27 लाख 86 हजार अनुमानित लागत से खंता तालाब खोदाई कार्य स्वीकृत हुआ है।कागजों पर 64 मजदूर के नाम पर मस्टररोल निकाला गया है और फर्जी हाजिरी लगाकर पैसे का गोलमाल किया जा रहा है जबकि मौके पर एक भी मजदूर नही मिले। यहाँ कागजों पर 14 सितंबर से 27 सितम्बर के लिए 64 मजदूरों का अलग अलग मस्टररोल निकाल कर बाकायदा हाजिरी भी अपलोड की जा रही है जिसका सत्यापन भी ब्लाक कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।

इसकी शिकायत जिलाधिकारी और सीडीओ के पास पहुंची है। ग्रामीणों ने बताया है कि खंती नाम के चारो तालाब में पानी भरा है।ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर कई महीने से कोई काम ही नही हुआ है।कई महीने पहले काम हुआ था जिसका बोर्ड भी लगाया जा चुका है।गोलमाल का मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मवई ब्लाक में हड़कंप मचा है। इस सम्बंध में मवई ब्लाक के एपीओ यदुवेंद्र ने बताया कि बताया कि अगर ऐसा है तो दिखवाता हूं।वहीं बीडीओ मवई भावना यादव ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।वही उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा सविता सिंह ने बताया कि प्रकरण में बीडीओ मवई को दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# मेजर ध्यान चंद जी को भारत रत्न के लिए राम जन्मभूमि में लगी अर्जी

### 600 किमी पैदल चलकर आये खेल प्रेमी तारक जी का जोरदार स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को भारत रत्न की मांग को लेकर खेल प्रेमी तारक कुमार पारकर ने पैदल चाल से प्रभु श्री राम जन्मभूमि पर अपनी अर्जी लगाई है जिसमें उन्होंने लिखा है मेजर ध्यान चंद जी को भारत रत्न की मांग पूरा देश कर रहा है लेकिन अभी तक मिल नहीं पाया है। देश की सबसे बड़ी सरकार प्रभु राम की अनुकम्पा से उन्हें भारत रत्न मिले यही कामना लेकर मर्यादा पुरुषोतम श्री राम जी के शरण में आया हुआ हु। मेजर जी को भारत रत्न मिलना समूचे खेल जगत के लिए सम्मान होगा।यह अर्जी मेजर ध्यान चंद खेल उत्थान समिति के बैनर तले भगवान श्री राम को प्रेषित किया गया। प्रतिनिधि मंडल में खेल प्रेमी तारक कुमार पारकर के अलावा संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष



विजय वर्मा, सचिव इंद्र प्रीत सिंह वेदी व आशीष कौर शामिल रही।

बताते चले की यह यात्रा उन्होंने 29 अगस्त को ओरछा, मध्य प्रदेश से शुरू किया था और इस दौरान 18 दिनों में उन्होंने कुल 600 किमी की पैदल यात्रा किया है। इसके पूर्व भी उन्होंने दो बार अयोध्या की यात्रा कर चुके है। देश में पैदल चाल के लिए चर्चित तारक ने अपने जीवन में 25 हजार किमी की यात्रा कर चुके है।अर्जी लगाने से पूर्व उनका स्वागत प्रेस क्लब में मेजर ध्यान चंद खेल उत्थान समिति के बैनर तले किया गया। संस्था की ओर से सेन्ट्रल बैंक के पूर्व प्रबंधक राम बहल, शिक्षा विद अमर नाथ तिवारी, समाजसेवी राजेश चौबे, व्यापारी नेता प्रतीक कुमार वैश्य ने अंग वस्त्र, माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा की मेजर ध्यान चंद जी को भारत रत्न न मिल पाना देश का दुर्भाग्य है। भारत सरकार उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करें ये केवल मेजर साहब का नहीं बल्कि समूचे खेल जगत का सम्मान होगा।

इस मौक़े पर अमरेश चंद मिश्र,पल्लवी वर्मा, राजीव रंजन, शशि रावत, इति सोनकर, प्रदीप गुप्ता व अन्य उपस्थित रहें।

## पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत पूर्व मंत्री के नेतृत्व में चौक पर किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या ।** पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में चौक पर किया गया।

हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर जुलूसे मोहम्मदी का स्वागत पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में चौक पर किया गया, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने पार्टी नेताओ के साथ मौलाना शमसुल कमर, टाटशाह कमेटी के सेक्रेट्री सिराजुल हक,सहित सभी को शाल व माला पहनाकर स्वागत किया , पूर्व मंत्री का भी जूलूस में जगह जगह स्टेज पर स्वागत किया गया,इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने कहा कि कहा कि मोहम्मद साहब ने इस्लाम के लिए शांति और भाईचारे का प्रचार किया.उनका जीवन भाईचारे और मोहब्बत का उदाहरण प्रस्तुत करता है. हमें चाहिए कि हम उनकी जयंती पर उनके जीवन के मूल्यों जैसे सच्चाई, इंसाफ और आपसी मोहब्बत को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाएं महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर सभी को बधाई देता हूं,मोहम्मद साहब के विचार हमें बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करते हैं, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, मंसूर इलाही,शादाब ख़ान, मो सुहैल, शिवांशु तिवारी,इमरान खान ईशा कुरेशी, दान बहादुर सिंह, मंजीत यादव, वसी हैदर गुड्डू,आकिब खान , शाहबाज लकी, नूर बाबू,अनस खान ,महमुद खान, इश्तियाक खान , इत्यादि लोग मौजूद थे

## अयोध्या में नजूल की भूमि पर कब्जा कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी शिकायत- ठाकुर रामचंद्र सिंह

▶▶ बजरंगी कुटीर उद्योग का राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या** ।जनपद अयोध्या के डाभासेमर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की एक पंचायत का आयोजन किया गया द्य जिसमें पंचायत कार्यक्रम के उपरांत बजरंगी कुटीर उद्योग का फीता काटकर राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती निशा सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी जनपद अयोध्या जिलाध्यक्ष परशुराम यादव, बाराबंकी जिलाध्यक्ष विधिचंद यादव सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह ने कार्यक्रम के बाद कहा कि आज इस सरकार किसानों के जर जमीन पर निगाह रखे हुए हैं जो किसानों से लेकर उद्योगपतियों को दे रही है खासकर अयोध्या में जो जानवर आज किसानों के खेतों की फसल बर्बाद कर रहे है जो गौ आश्रय स्थल में भेज कर उनकी व्यवस्था की जाय द्य चकरोड, नाली व चकमार्ग को खाली कराए जाय जिनको दबंगो द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा किया



गया है उन पर कार्य वाही किया जाय प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया कि अयोध्या में नजूल की भूमि पर नजूल विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों की मिली भगत से नजूल की जमीन पर प्रधान मंत्री आवास देने का खेल हो रहा है, कई होटल स्टे होम ऐसे बनाऐ गये है जिनका कोई ठोस कागज नही है जो पूरी तरह से नजूल पर ही बने जिसकी शिकायत भी की गयी है द्य 21 सितम्बर 2024 को लखनऊ में एक मीटिंग का कार्यक्रम रखा गया है उसमें अयोध्या में इन सब प्रकरणों को विशेष तौर पर उठाया जायेगा अयोध्या धाम का मुद्दा अगर प्रशासन नही सुनता है तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा द्य मालिक पुर में कुटीर उद्योग के उद्घाटन के समय मौजूद पदाधिकारियों से अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों की अधिग्रहित कई भूमि पर कम मुआवजा देने को को लेकर चर्चा हुई द्य, जय जवान जय किसान जय हिंदुस्तान के नारे लगाने के साथ ठाकुर रामचंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष रवाना हुए द्य इस अवसर पर बजरंगी यादव, राम गुलाम, राम निहोर, दिनेश मौर्य, परसराम, राम चरीत्तर वर्मा, लुक्का, रीना, मीरा, गुड्डा देवी, बिट्टन, लीलावती, किरन, फूला सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे ।

## अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**रुदौली-अयोध्या।**रुदौली नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत व एहतराम के साथ जश्ने ईदमिलादुन्नबी मनाया गया व जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। बारह रबीउल अव्वल को पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा सल्ललाहो सलैहे वसल्ल की यौमे विलादत(जन्म दिवस)के मौके पर रविवार की रात को क्षेत्र में जश्ने ईदमिलादुन्नबी बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया।इस मौके पर रविवार की शाम को रूदौली नगर की मस्जिदों और सड़कों से लेकर गली मोहल्लों तक को तरह तरह की झालरों,कुमकुमों व द्वारो गेटों को दुल्हन की तरह सजाया गया जिसे देखने व जश्ने ईदमिलादुन्नबी में शिरकत करने वाले लोगों का रात भर तातां लगा रहा। रुदौली नगर की सबसे बड़ी अंजुमन ÷अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन÷ व अन्य अंजुमनों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 सितंबर रविवार की रात नवाब बाजार में एक बड़ा पंडाल सज कर जश्ने ईदमिलादुन्नबी सल्लाहो अलैहे वसल्लम के जन्म दिवस के मौके पर प्रोग्राम के लिए बनकर तैयार हुआ। उक्त पंडाल में रविवार की रात को आयोजित तकरीरी प्रोग्राम अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन द्वारा आयोजित 56वां सालाना पैगाम रहमतुललिल आलमीन कांफ्रेंस जश्ने ईदमिलादुन्नबी सल्लाहो अलैहि वसल्लम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य तरीके से मनाया गया।आयोजित कार्यक्रम अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन के सदर इस्माइल मिर्ज़ा, नायब सदर मोहम्मद शरीफ़, सदारत सैय्यद सलमान बिन अहमद कादरी,जेरे सरपरस्ती हज़रत मौलाना गुलाम खैरुल बशर कादरी, निजामत मोहम्मद अनीस,खुसुसी खतीब जीशाने आलम हक़, हज़रत मौलाना मुफ़्ती नूर आलम साहब बनारस, हज़रत मौलाना मुफ़्ती रसूल साहब रायबरेली, हज़रत मौलाना कारी इश्तियाक अहमद बरांव शरीफ , नबी पाक सल्लाहो अलैही वसल्लम की शान में बेहतरीन अंदाज में तक़रीर की। तिलावत कलाम पाक कारी मोहम्मद सलीम कादरी कदीम खानकाह हज़रत शैखुल आलम ने किया। 16 सितंबर सोमवार को जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहो अलैहे वसल्लम बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया। जिसमें अंजुमन मोहम्मदी,अंजुमन फैजाने गरीब नवाज,अंजुमन नूरेहक़,अंजुमन शाहे मदीना, अंजुमन चिश्तियाए हक़ व अंजुमन ताजदारे मदीना सहित दर्जनों अंजुमनों द्वारा रुदौली नगर के निर्धारित परम्परागत गली व मोहल्लों से होकर नाते मुस्तफा पढ़ने हुए निकला।सोमवार की सुबह नगर की दर्जनों अंजुमनो व मदरसों के छात्रों ने जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया जो अपने परम्परागत मार्गो से होते हुए निकला जिसमें स्थानीय शायरों के साथ साथ बाहर से आने वाले शायरों ने भी अपने कलाम पेश किए।जुलूसे मोहम्मदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई अंजुमनों ने नाते पाक पढ़ने के लिए दूर दराज़ से लोगों को भी आमन्त्रित किया था।सभी अंजुमनो ने ईदमिलादुन्नबी के झंडों के साथ साथ तिरंगा झंडा भी लहराता हुआ चल रहा था।जुलूसे मोहम्मदी का जुलूस में नगर के विभिन्न मदरसों के बच्चों के साथ नगर वासियों का हुजूम परम्परागत मोहल्लों से होकर नगर की गलियों व मोहल्लों के परम्परागत रास्तो से होता हुआ चल रहा था जिसमें नगर की सभी अंजुमनों के लोग शामिल थे नगर की सभी अंजुमनों व नगर के सभी मदरसों के बच्चों द्वारा नबीए पाक स0 अ0 वसल्लम की शान में नज़रानए अकीदत पेश करते हुए जुलूसे मोहम्मदी अपनी मंजिल की ओर बढ़ता रहा जिसमें पूर्व विधायक सै0 अब्बास अली ज़ैदी रुश्दी मियाँ, चेयर मैन जब्बार अली,शाह मसूद हयात ग़ज़ाली, मुनव्वर अली,ग़ुलाम अंसारी आदि ने नातेपाक पढ़ने वालों की हौसला अफजाई की 12 रबीउल अव्वल को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी रूदौली आशीष निगम व एसडीएम प्रवीण यादव पूरी मुस्तैदी के साथ डटे रहे। कोतवाल संजय मौर्या पुलिस बल के साथ नगर में भृमण करते रहे।

# इंजीनियर्स महासंघ ने अभियंता दिवस को रक्तदान दिवस के रूप में मनाया



**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने अभियंता दिवस एवं स्व इंजीनियर आर के दत्ता निर्वाण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ सुल्तानपुर की बैठक इंजीनियर जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में की गई। भारत रत्न इंजीनियर एम विश्वासरैया के जन्म दिवस को अभियंता दिवस एवं डिप्लोमा इंजीनियर के प्रेरणा स्रोत हृदय सम्राट इंजीनियर आर के दत्ता के निर्वाण दिवस को रक्तदान दिवस के रूप में मनाया गया। बैठक में दोनों मनीषियों के व्यक्तित्व एवं कृतियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन जनपद सचिव इंजीनियर प्रेमचंद कुशवाहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें इंजीनियर पवन कुमार पाल, इंजीनियर मनोज कुमार गुप्ता, इंजीनियर राजकिशोर वर्मा, इंजीनियर मनीष कुमार यादव, इंजीनियर अतुल वर्मा, इंजीनियर रजनीश त्रिपाठी एवं इंजीनियर पवन कुमार वर्मा द्वारा रक्तदान किया गया एवं कार्यक्रम में इंजीनियर अनुराग गुप्ता द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

### विवादित जमीन पर बिना मान्यता चल रहा अवैध विद्यालय

सुलतानपुर। वैसे तो योगी सरकार की कड़ी कार्यवाही पूरे प्रदेश में चर्चित है लेकिन जिले के शिक्षा विभाग को शायद सरकार के निर्देशो को नजरअंदाज करता दिख रहा है। बता दे कि ग्राम अलियाबाद पारा बाजार में एस डी एजूकेशनल इंस्टीट्यूट नाम से एक विद्यालय बिना मान्यता खन्ड शिक्षा अधिकारी की मिली भगत से चल रहा है। मान्यता प्राइमरी की लेकिन हाई स्कूल इन्टर तक की कक्षाए विद्यालय मे चल रही है। वर्तमान में यह मान्यता भी समाप्त हो चुकी है यही नही विद्यालय का यह रसूखदार पूर्व में बच्चो की मार्कसीट भी फर्जी तरीके से जारी कर चुका है।

#### विद्यालय का रूसूखदार प्रबंधक मान्यता लेने हेतु कर रहा पैरवी

शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त विद्यालय की मान्यता सात जनवरी 2024 को समाप्त हो चुकी है अब जांच की डर से मान्यता लेने के लिए विद्यालय का रसूखदार प्रबंधक संदीप द्विवेदी विभाग के कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। इधर विगत दो वर्ष से अपनी ही जमीन पाने के लिए बार बार शिक्षा विभाग न्यायालय जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी सहित कई उच्चाधिकारियो के कार्यालय जाकर अपनी ही जमीन पाने के लिए न्याय की गुहार लगा रहा है शिकायत कर्ता ने बताया कि इस संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा दोषी प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित को आदेश भी जारी किया लेकिन रसूखदार की पहुंच के आगे आज तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अतयंत गरीब तबके का व्यक्ति शिकायत कर्ता अब्दुल अहद ने बल्दीराय उप जिलाधिकारी गामिनी सिंगला से भी न्याय पाने के लिए फरियाद की लेकिन आज तक किसी भी सक्षम अधिकारी के कार्यालय से उसे न्याय नही मिल सका है इस विवादित जमीन पर विद्यालय की मान्यता न दिलाए जाने की शिकायत कर्ता ने मांग की है।

### तय हुई जमीन के रकवे को अधिक शेयर दिखाकर करा लिया बैनामा

शिकायतकर्ता अब्दुल अहद ने बताया कि विद्यालय गाटा संख्या 521 में है जिसमे उसका शेयर है रसूखदार विद्यालय प्रबंधक ने चाल बाजी करते हुए विक्रेता से जितने रकवे की जमीन तय हुई उससे अधिक की जमीन का बैनामा करवा लिया। जब निर्माण शुरू किया तो पीड़ित ने रोका लेकिन पैसे की हनक दिखाते हुए प्रबंधक ने जबरन विद्यालय का निर्माण करवा लिया पीडित ने एक वाद सिविल कोर्ट सुलतानपुर में दायर किया है जो विचाराधीन है। ऐसे स्थित में विद्यालय की मान्यता विभाग द्वारा दी जाती है तो विभाग के नियम के विपरीत होगी।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू होगा सेवा पखवाड़ा

**सुलतानपुर।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन आज मंगलवार 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा प्रारंभ करेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने वर्चुअल बैठक के जरिए सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। सेवा पखवाड़ा के दौरान भाजपा नगर व गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य करेंगे।2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के दौरान पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 17 से 19 सितम्बर तक युवा मोर्चा रक्तदान शिविर आयोजित करेगा।स्वच्छता अभियान के तहत 18 से 24 सितम्बर तक मंडल स्तर पर विद्यालयों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती जिले के सभी 1991 बूथों पर मनाई जाएगी। इस दिन घर-घर सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा।2 अक्टूबर गांधी जयंती पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। वर्चुअल बैठक का संचालन जिला महामंत्री घनश्याम चौहान व आभार जिला उपाध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने प्रकट किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रीति प्रकाश, संजय त्रिलोकचंदी, आलोक आर्या, सुनील वर्मा, विवेक सिंह विपिन, जिला सह मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को सरल विधि से पढ़ाने को लेकर टीएलएम प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज कैंपस में अधिगम सामग्री प्रदर्शनी संपन्न



**बलरामपुर।** बलरामपुर मॉडल इंटर कॉलेज सभागार में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस प्रदर्शनी में माध्यमिक इंटर कॉलेज के सहायता प्राप्त वित्त विहीन एवं राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों ने गणित अंग्रेजी विज्ञान हिंदी सामाजिक विषय पर शिक्षा के नवाचार पर अपने मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है विद्यार्थियों के लिए जटिल दिखने वाले गणित विज्ञान अंग्रेजी सहित अन्य विषयों को आसान एवं सरल तरीके से पढ़ने एवं समझने संबंधी मॉडल प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे हैं।

प्रदर्शनी का शुभारंभ उपक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद रही है कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया है। अध्यापकों ने अलग-अलग विषय के काउंटर लगाकर अपने मॉडल का प्रदर्शन किया मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा को सरलतम विधि से पढ़ने के लिए नवाचार प्रयोग किया जा रहे हैं इसमें सीखने की नई पद्धति से विषय को सरल से सरलतम बनाकर बच्चों के बीच में पढ़ाने के टिप्स दिए जा रहे हैं जिससे छात्रों की रुचि विषयों के प्रति बड़े इसके सार्थक परिणाम भी आ रहे हैं जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रत्येक मॉडल प्रदर्शनी पर जाकर अध्यापकों से उनके मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी ली है कार्यक्रम में निर्णायक टीम के रूप में एमएलकेपीजी कॉलेज के प्रवक्ता डॉक्टर लवकुश पांडे डॉक्टर विमल प्रकाश वर्मा डॉक्टर अभय नाथ ठाकुर एवं डॉ अमित कुमार वर्मा गणित हिंदी अंग्रेजी विज्ञान विषय के टीएम का निरीक्षण करते हुए उन्हें निर्धारित अंक दिए हैं अंग्रेजी विषय के शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी में राजकीय हाई स्कूल चकवा के प्रदीप कुमार प्रथम रामनगर के आदर्श कुमार एवं रुदौली राजकीय विद्यालय की सोनम कुमारी द्वितीय स्थान पर रही हैं राजकीय हाई स्कूल महाराजगंज तराई के धर्मेंद्र कुमार एवं माधव जोत के मधुसूदन पासवान तीसरे स्थान पर रहे हैं गणित में राजकीय इंटर कॉलेज दारी चौरा के डॉक्टर अनुज कुमार प्रथम गैसडी के अमरेंद्र कुमार यादव द्वितीय एवं माधव जोत की मधुलिमा तीसरे स्थान पर रही हैं इसी क्रम में सामाजिक विषय में राजकीय हाई स्कूल बिशुनपुर विश्राम के धर्मेंद्र राम प्रथम राजकीय स्कूल हर हटा के प्रवेश कुमार द्वितीय राजकीय हाई स्कूल शिवपुरी महंत के सूर्यपाल वर्मा एवं चमरूपुर के संतोष कुमार तीसरे स्थान पर रहे हैं हिंदी में राजकीय इंटर कॉलेज इटई रामपुर के अरविंद कुमार प्रथम रुदौली बुजुर्ग के कंचन द्वितीय एवं इब्राहिमपुर की नीलम गौड़ तीसरे स्थान पर रही है विज्ञान में राजकीय इंटर कॉलेज गैसडी के लाल बहादुर प्रथम राजकीय इंटर कॉलेज दारी चौरा के मुस्ताक अली द्वितीय राजकीय हाई स्कूल महाराजगंज तराई के प्रताप चंद्र पटेल तीसरे स्थान पर रहे हैं सभी सफल विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सम्मानित किया है नोडल अधिकारी डॉक्टर सुधीर कुमार पांडे नित्यानंद चतुर्वेदी डॉक्टर चंदन पांडे डॉक्टर सुरेश वर्मा दिनेश चंद्र आदि रहे हैं शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी में बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल हेमंत तिवारी एवं शिक्षक उमेश तिवारी सहित अन्य शिक्षकों का सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा है।

# परास्नातक विद्यार्थियों के सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन

## फूलजहां मिस व हर्षित तिवारी मिस्टर फेयरवेल चुने गए




**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में सोमवार को परास्नातक भूगोल उत्तीर्ण कर चुके 2023-24 बैच के विद्यार्थियों का सम्मान व विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाली श्रेयांशी सिंह, द्वितीय स्थान पाने वाले हर्षित तिवारी व तृतीय स्थान प्राप्त कुंवर विकास सिंह को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। मिस्टर फेयरवेल हर्षित तिवारी व मिस फेयरवेल फूल जहां चुनी गई। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि भूगोल विषय में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। विद्यार्थी एकाग्र होकर तैयारी में लग जायें तो सफलता निश्चित है। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के भूगोल विभाग का इतिहास गौरवशाली रहा है। सभी विद्यार्थी जीवन में सफलता हासिल कर इस गौरवशाली परम्परा का हिस्सा बन सकें तो बेहतर होगा। संचालन एम ए की छात्रा गार्गी सिंह व छात्र आशीष पांडेय ने किया। समारोह में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ.शशांक शेखर सिंह व अभिषेक शुक्ल आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर आदर्श सिंह, नेहा साहू, साक्षी वर्मा, प्राची तिवारी, नीतू मौर्य, ज्योति वर्मा, अंशिका सिंह, महफूज आलम, अंकित शुक्ला, शुभम जायसवाल, रोजी बानो, मोहम्मद साहिल, गौरांग सिंह, नीलकमल, शारिब अंसारी, तौकीर अहमद, यासमीन व फूल जहां आदि उपस्थित रहे। परास्नातक उत्तीण करने वाले कुल 40 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## हाटस्पाट चिन्हित करते हुए की जाए रात्रि गश्त-एएसपी

**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने सोमवार को थाना बदौसा और रविवर की देर शाम नरैनी कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों पर निगाह दौड़ाई और थाने की व्यवस्थाओं को भी परखा। एएसपी ने कहा कि हाट स्पाट चिन्हित करने के साथ ही रात्रि गश्त जरूर की जाए। अपराधियों पर पैनी निगाह रखते हुए कार्रवाई करें।
निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहें। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

# बच्चों के खेल मैदान पर खेल छोड़कर सभी हो रहे कार्य

## अतिक्रमण की चपेट में एमपीपी इंटर कॉलेज का खेल मैदान





**बलरामपुर।** बच्चों के खेल मैदान पर खेल छोड़कर सारे काम किए जा रहे हैं। मैदान में आए दिन शादी के पंडाल, प्रदर्शनी ,मेला ,हस्तकला प्रदर्शनी आदि आयोजन होते रहते हैं ।सूत्रों की माने तो इन आयोजनों से विद्यालय प्रशासन को मोटी रकम मिलती है।

जिला मुख्यालय के बड़ा परेड ग्राउंड एमपीपी इंटर कॉलेज का खेल मैदान है ।मैदान पर बच्चों के खेल के अतिरिक्त सारे अन्य खेलों को अंजाम दिया जा रहा है ।आधे मैदान पर बस ट्रक कबाड़ वाले अतिक्रमण कर रखे हैं। तो वहीं आधे मैदान पर आए दिन विवाह आदि सहित एक-एक महीने तक प्रदर्शनी ,पंडाल ,मेला लगाया जाता है ।आयोजनों में विद्यालय प्रबंधन को मोटी रकम मिलने की चर्चा है ।अब सवाल यह उठता है कि बच्चों के खेल मैदान में ऐसे आयोजनों की अनुमति कौन देता है एवं आयोजन में मिलने वाली धनराशि का कहां इस्तेमाल होता है इसका स्पष्ट जानकारी न तो विद्यालय प्रबंधन दे रहा है और न ही शिक्षा महकमा के अधिकारी। शिक्षा अधिकारी इस संबंध में स्पष्ट जानकारी देने से कन्नी काट रहे हैं।सूत्रों की माने तो प्रत्येक वर्ष प्रदर्शनी एवं मेले के आयोजकों द्वारा लाखों रुपए विद्यालय प्रबंधन को दिए जाते हैं विद्यालय के अभिभावको व नगर वासियों ने स्कूल के खेल मैदान में खेल प्रतिभाओं को खेल संसाधन मुहैया कराने की मांग की है वहीं अन्य कामों को तत्काल बंद कराकर बीते वर्षो से विविध आयोजनों से वसूले गए रुपए की जांच की मांग की है।

### जिम्मेदार के बोल

जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद की माने तो बड़ा परेड ग्राउंड एमपीपी इंटर कॉलेज का खेल मैदान है ।बच्चों के खेल मैदान पर ट्रक बस वालों का अतिक्रमण बना हुआ है। मेला प्रदर्शनी जो भी लगाए गए हैं वहअनुमति से लगे हैं। जल्द ही बच्चों के खेल मैदान से अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## निरीक्षण करने एएसपी ने दंपति के बीच कराया समझौता

**बांदा।** पति से विवाद के बाद पत्नी घर से चली गई। खुरहंड पुलिस युवती को किसी तरह से बरामद किया और चौकी ले आई। इसी दौरान निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी शिवराज को मामले की जानकारी हुई। उन्होंने दंपति को एक साथ बैठाया और दोनो को समझाने के बाद विवाद को समाप्त कराया। दोनो एक साथ रहने के लिए फिर से राजी हो गए।
पति-पत्नी के विवाद में पति से नाराज होकर घर छोड़कर गई महिला को चौकी खुरहण्ड पुलिस द्वारा सूचना के आधा घण्टे के भीतर अतर्रा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया । गौरतलब हो कि खुरहण्ड के रहने वाले एक व्यक्ति ने चौकी खुरहंड पर सूचना दी कि उसकी शादी लगभग चार माह पूर्व हुई थी। सोमवार को उसकी पत्नी बिना बताए रुपए और जेवरात लेकर भाग गई। सूचना पर पुलिस द्वारा सर्विलांस आदि के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला को अतर्रा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक शराब पीता है जिसको लेकर पति-पत्नी में आये दिन विवाद होता था। इसी से नाराज होकर महिला जेवरात लेकर चली गई थी। इसी दौरान चौकी खुरहण्ड का निरीक्षण करने गये अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने दोनों पक्षों को बैठाकर दोनों की काउंसलिंग की। दोनों को अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने को कहा गया। काउंसलिंग के उपरांत व्यक्ति ने आगे कभी भी शराब न पीने की बात कही। दोनों पक्षों द्वारा लिखित समझौता देने पर दोनों को सकुशल उनके घर रवाना किया गया।

# हिंदी सब भाषाओं की जननी-विकास सिंह

## सनबीम्स पब्लिक स्कूल में हिंदी भाषा आधारित प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**बलरामपुर।** सनबीम्स पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के क्रम में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता निबंध भाषण सारांश कविता एवं वाद विवाद पर आधारित रही है प्रतियोगिता में सफल छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह राठौड़ के हाथों जल्द ही सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों को हिंदी भाषा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है यह सभी भाषाओं की जननी है विद्यालय के बच्चों ने सारांश कविता भाषण वाद-विवाद चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है इसमें बच्चों ने हिंदी आधारित भाषण भी प्रस्तुत किया है गुरुजनों ने छात्र-छात्राओं को अपनी मातृ एवं राजभाषा हिंदी के महत्व को समझाया है। हिंदी विषय पर बच्चों को जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य श्रद्धा सिंह ने कहा कि भले ही हम लोग पढ़ाई में या अन्य स्थानों पर अंग्रेजी का इस्तेमाल करते हो लेकिन हिंदी हमारे रोम रोम में होनी चाहिए हिंदी भाषा न केवल भाषा है बल्कि सब भाषाओं की जननी है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे हैं।

# डॉ दीपा को मिला राज्य स्तरीय आर आर एडूलीडर्स यूपी सम्मान 2024




**सुलतानपुर।** हेमा फाउंडेशन मुंबई और आर आर एडूलीडर्स के सहयोग से जनपद सुल्तानपुर के चार शिक्षकों को कर्मयोगी एवं यूपी सम्मान से नवाजा गया। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जनपद के चार शिक्षकों का चयन एडूलीडर्स टीम द्वारा किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 302 शिक्षकों का सम्मान ग्रेटर नोएडा के होटल जिंजर में किया गया। माध्यमिक शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संपूर्ण उत्तर प्रदेश से मात्र बारह शिक्षकों का चयन किया गया, जिसमें जनपद सुल्तानपुर के केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की हिंदी प्रवक्ता डॉ दीपा द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कम्पोजिट विद्यालय खानीपुर भदैंया ब्लाक के शक्ति प्रकाश को प्राथमिक शिक्षा में उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरिया दुबेपुर के संदीप कुमार सिंह एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय साढ़ापुर प्रतापपुर कमैचा के सत्येंद्र कुमार सिंह को एडूलीडर्स कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान से सम्मानित होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर रवि शंकर, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुल्तानपुर की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर उपेंद्र गुप्ता द्वारा पुरस्कृत शिक्षकों को बधाई दी गई।

# फाइनल में पहुंची बलरामपुर टीचर्स प्रीमियम लीग टीम, दूसरे दिन खेले गए चार मुकाबले



**बलरामपुर।** सोमवार को स्पोटर्स स्टेडियम में चल रहे टीचर्स प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच जीतकर बलरामपुर की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया। 17 सितंबर को दूसरा सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला जाएगा। लीग के दूसरे दिन पहला मैच पचपेड़वा व रेहरा बाजार की टीमों के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ईएनटी सर्जन डॉ.अब्दुल कय्यूम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहले बैटिंग करते हुए पचपेड़वा की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में सात विकेट पर 152 रन बनाए। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेहरा बाजार की टीम 77 रनों पर आल आउट हो गई। पचपेड़वा के बल्लेबाज अभिषेक प्रजापति को बीएसए शुभम शुक्ल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरा मैच गैसड़ी व हरैया की टीमों के बीच खेला गया। हरैया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 149 रन बनाए। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरैया टीम 11 ओवरों में 95 रनों पर ही ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हरैया टीम के खिलाड़ी अशोक भारद्वाज को दिया गया। तीसरा मैच शिवपुरा व रेहरा बाजार के बीच खेला गया। शिवपुरा की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेहरा बाजार की टीम 97 रनों पर आल आउट हो गई। 98 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवपुरा की टीम ने छह ओवर में ही जीत हासिल कर ली। शिवुपरा के बल्लेबाज अंकुर यादव को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। बीईओ हरैया सियाराम वर्मा ने शिवपुरा टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर खिलाड़ियों को बधाई दी। लीग का पहला सेमीफाइनल मैच बलरामपुर व पचपेड़वा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पचपेड़वा की टीम ने निर्धारित 14 ओवरों में सात विकेट पर 149 रन बनाए। बलरामपुर की टीम ने दो विकेट पर 11 ओवरों में 150 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बलरामपुर के बल्लेबाज ओम तेवतिया को 24 गेंद पर 70 बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर बीईओ अशोक पाठक, संतोष कुमार उपाध्याय, सौभाग्य पाठक, टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर विकास कांत पांडेय, गेम टीचर राधा मोहन पांडेय,दिलीप चौहान, अजय कुमार मिश्र, सचि, राहुल राय व देवेंद्र नाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

# संस्कार भारती की बैठक में जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



**बलरामपुर।** सोमवार को संस्कार भारती के जिला पदाधिकारियों की बैठक नगर के रमना पार्क स्थित संघ भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संघ के विस्तार एवं उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान एवं सामाजिक गतिविधियों पर रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता संस्कार भारती जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्रा ने की है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री दिनेश प्रताप व विशिष्ट अतिथि जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किरीट मणि व जिला प्रचार प्रमुख मनीष कुमार रहे। आये हुए अतिथियों का जिलाध्यक्ष देव कुमार व महामंत्री राकेश प्रताप ने पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए दायित्वों की जानकारी प्रस्तुत की। जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आलोक कुमार, राघवेंद्र प्रताप, संदीप कुमार, ओंकार को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया ।

भानु प्रकाश, रवि, सत्य प्रकाश, अखिलेश को मंत्री पद पर दायित्व दिया गया। बाबू लाल को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। विभाग संयोजक की जिम्मेदारी कमलेश त्रिपाठी को दिया गया।

विधा संयोजक संगीत नील मणि, नृत्य धनीराम थारू, साहित्य धर्मराज, लोककला राम सुंदर, भू- अलकरण रंगोली सारिका को जिम्मेदारी दी गई। संरक्षक सदस्य में समाजसेवी सर्वेश सिंह, विनय कुमार, डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह, सुमेर, अंजली मिश्रा, झूमा सिंह बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रान्तीय संगठन मंत्री ने कहा कि कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था सम्पूर्ण देश में कार्यक्रम आयोजित करके समाज को संस्कारित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज मे जिन कलाकारों को मंच नही मिल पाता उन कलाकारों को संस्था मंच प्रदान करती है, जिसमे कलाकार चित्रकला, भीति चित्रकला, थारू जनजातीय कला के साथ ही सीमावर्ती जनपदों की नाट्य संस्थाओं, आर्केस्ट्रा, संगीत संस्थाओं, कला, साहित्य, संस्कृति एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर सकता है।

# प्रयागराज के इरशाद को मिला एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2024

## उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 12 माध्यमिक शिक्षकों में प्रयागराज से एकमात्र शिक्षक हुए चयनित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कहते हैं पूत के पांव पालने में ही नजर आने लगते हैं। यह कहावत इरशाद अहमद के ऊपर एकदम सटीक बैठती है। प्रयागराज के फूलपुर मोहल्ला जाफरगंज के निवासी इरशाद अहमद एम आर शेरवानी इंटर कॉलेज सलाहपुर प्रयागराज में चित्रकला के अध्यापक हैं। इरशाद अहमद को उत्तर प्रदेश एडूलीडर्स अवॉर्ड 2024 के भव्य समारोह में सम्मानित किया गया।




गौरतलब है कि आर आर ग्लोबल तथा हेमा फाउंडेशन के सहयोग से टीम एडूलीडर्स यूपी द्वारा ग्रेटर नोएडा में एडूलीडर्स सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, प्रख्यात चरित्र अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी व भारतीय जनता पार्टी के असम राज्य प्रभारी और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी सहित विभिन्न अति विशिष्ट व्यक्तियों के द्वारा देश के 302 उत्कृष्ट शिक्षकों को एडूलीडर्स सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

इरशाद अहमद ने काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय वाराणसी से फाइन आॅर्ट्स में मास्टर की डिग्री ली हुई है। इरशाद अहमद का लगभग पूरा परिवार अध्यापन पेशे से जुड़ा हुआ है। इरशाद अहमद के पिता वकील मोहम्मद मंसूरी जो पंडित विजय लक्ष्मी इंटर कॉलेज फूलपुर प्रयागराज में विज्ञान वर्ग के नामचीन अध्यापक रहे हैं। सम्मान समारोह के कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक/संस्थापक एडु लीडर्स डॉ सर्वेश मिश्र, वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक/ट्रस्टी हेमा फाउंडेशन मुंबई डॉ चीनू अग्रवाल, महेंद्र काबरा मुख्य ट्रस्टी हेमा फाउंडेशन मुंबई मौजूद रहे।

इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर जनपद प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, विद्यालय के प्रबंध सादिक सिद्दीकी, मोहम्मद याकूब प्रधानाचार्य, राशिद महमूद उप प्रधानाचार्य, अनुपम परिहार, हसबीह अहमद,अब्दुल वहाब अंसारी, आलोक यादव, मो. अनीस, मोबिन आलम, रीता शर्मा व अन्य शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामना दी।

# खानकाह मस्जिद में कराई गई तबर्रुक़ात की ज़ियारत

**प्रयागराज।** खानकाह ए अजमली दायरा शाह अजमल में फ़जिर की नमाज़ के बाद दायरे की मस्जिद में तबर्रुक़ात की ज़ियारत कराई गई जिनमें ख़ास तौर से पैगंबर हज़रत मुहम्मद ए मुस्तफा के मूए मुबारक का हिफाज़त से रखा सैकड़ों बरस से महफूज बाल। इसके अलावा ख़ानदान के बुजुर्गो की हस्त लिखित एक दुआ की किताब और वो साफ़ा जिसको हज़रत अली के सर पर हुज़ूर पैगंबर मोहम्मद ने अपने हाथों से बाँधा था। उस साफ़े के कुछ रेशे और दो तलवारें जिनको माना जाता है कि हज़रत खिज़्र की दी हुई हैं उन सब चीज़ों की ज़ियारत कराई गई। लोगों ने बड़े ऐहतेराम से ज़ियारत की व बोसा लिया।खानकाह ए अजमली के नायब सज्जादानशीन सैयद अरशद ज़की फ़ाख़री के ज़ेरे निगरानी में तबर्रुक़ात की ज़ियारत करवाई गई।

# युवाओं को सीख देता नाटक बड़े भाई साहब का हुआ मंचन



**प्रयागराज।** बुनियाद फाउंडेशन की ओर से सोहबतियाबाग़ स्थित शरमन एरा सभागार में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े भाई साहब का मंचन किया गया। जिसमें सहयोग रहा संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली का। नाटक का निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से शिक्षित युवा रंग निर्देशक असगर अली ने किया। नाटक में दिखाया गया कि बड़ा भाई पढ़ाई को लेकर बहुत ज्यादा चिन्तित दिखता है और छोटा भाई खेलकूद में लगे रह कर अपनी जिंदगी को जीता हुआ आसपास घट रही चीजों से सीखते हुए आगे बढ़ता है। एक भाई लगातार फेल होता जाता है और दूसरा पास। इस कहानी में बड़े भाई साहब अपने कर्तव्यों को संभालते हुए, अपने भाई के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा कर रहे हैं। उनकी उम्र इतनी नहीं है, जितनी उनकी ज़िम्मेदारियाँ है लेकिन उनकी ज़िम्मेदारियाँ उनकी उम्र के आगे छोटी नज़र आती हैं। वह स्वयं के बचपन को छोटे भाई के लिए तिलाजंलि देते हुए भी नहीं हिचकिचाते हैं। अंत मे यह कहानी सीख देती है कि मनुष्य उम्र से नहीं अपने किए गए कर्मो और कर्तव्यों से बड़ा होता है।

नाटक में बड़े भाई का अभिनय किया प्रियांशु अमन ने और छोटे भाई का किरदार निभाया वैभव त्रिपाठी ने। इसके साथ ही अमरनाथ ठाकुर ने भी विभिन्न भूमिकाएं निभाई। नाटक में मंच सज्जा खुशबू गुप्ता, वस्त्र-विन्यास आसिफ अली, विडियोग्राफी पवन व प्रणव, प्रॉपर्टी अनिल कुमार की रही। इस मौके पर प्रयागराज की महिला रंगकर्मी रुचि गुप्ता, अमरनाथ श्रीवास्तव, आशीष कुमार, नीलम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# तलवार से युवक पर हमला, गला रेता,दाह संस्कार के दौरान मारपीट से अफरातफरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र में शव के दाह संस्कार के दौरान विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। हमलावरों ने एक युवक पर तलवार व चाकू से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। तलवार से उसकी गर्दन रेतने की कोशिश की गई। हमलावरों से बचता हुआ युवक खून से लथपथ अपने घर की तरफ भागा तब उसकी जान बच सकी। सरेमआम मारपीट से हंगामा मच गया। घटना का वीडियो भी समाने आया है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली के शिवनगर इलाके मे रहने वाले स्व. रज्जन शर्मा के दो बेटों मे बड़ा बेटा शुभम शर्मा पूना की प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता है। जबकि छोटा बेटा शिवम शर्मा अपनी मां के साथ घर पर ही रखकर गिट्टी बालू बेचने का काम करता है। घरवालों के मुताबिक शिवम पड़ोस में ही रहने वाले रिंकू सिंह चौहान के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। वहीं पड़ोस के कुछ अन्य लोग भी दाह संस्कार में शामिल होने गए थे।

शिवनगर चौराहे पर किसी बात को लेकर शिवम, अतुल और शुभम त्रिपाठी व अन्य युवकों में विवाद हो गया। सभी ने मिलकर शिवम को बुरी तरह से मारा पीटा। युवकों शिवम के गले में तलवार से रेत दिया। इसके साथ ही हांथ और पैर में भी घाव कर दिया। घटना के दौरान सभी वहां से भाग निकले। खून से लथपथ पड़े शिवम को देख आस पड़ोस के लोगों ने उसके घरवालों को खबर दी। मां सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचकर उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया।

एसीपी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि किसी विवाद को लेकर शिवम पर अतुल और शुभम ने चाकू से हमला कर दिया। घायल को इलाज के लिए एसआरएन भेजा गया है। आरोपी अतुल को गिरफ्तार कर लिया गया है बाकी की तलाश की जा रही है।

# नेशनल ताइक्कांडो कांस्य विजेता शिक्षा तिवारी का हुआ सामूहिक सम्मान



**प्रयागराज।** मां गंगा के आगमन स्वरूप अभिनंदन एवं बाबा गंगेश्वर मंदिर में राष्ट्रीय ताइक्कांडो कांस्य से विजेता सुश्री शिक्षा तिवारी का सामूहिक सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया गया। नेशनल ताइक्कांडो कांस्य विजेता सुश्री शिक्षा तिवारी का सम्मान और आशीर्वचन उपस्थित लोगों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित मातृ शक्तियों द्वारा उन्हें मां गंगा के आशीर्वचन स्वरूप चुनरी ओढ़ा कर माल्यार्पण का क्रम प्रारंभ किया गया। साथ ही गणपति जी की प्रतिमा स्मृति स्वरूप प्रदान किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा तिवारी की माता श्री तिवारी स्वयं प्रेरणा स्वरूप उपस्थित रही । बाल नर्सरी के उत्थान की दिशा में प्रयासरत शिक्षिका नम्रता आर्य शेखर ने गणपति स्मृति चिन्ह प्रदान कर उसके उज्वल भविष्य की सामूहिक कामना की गई। साथ ही उच्च न्यायालय प्रयागराज के शासकीय अधिवक्ता काशीनाथ सिंह, एडवोकेट संजय तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता अवधेशसिंह, डिप्टी मिश्रा, नौजवान साथी प्रणीत यादव, एडवोकेट धर्मेंद्र मिश्रा, जायसवाल चाचा, विवेक खरे, संत श्री गांधी, माताजी सहित दर्जनों की संख्या में लोगों ने मां गंगा का अभिनंदन एवं बिटिया का सम्मान किया।

# निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शाही मस्जिद बेगम सराय ( कटरा) धूमनगंज से अंजुमन उसशाके रसूल की जानिब से हाजी अजमत उल्ला निज़ामी की सर परस्ती मे जलूसे मुहहम्मद्दी निकाला गया। जिसमें हज़ारों की तादाद मे आशिकाने रसूल नातें पढ़ते हुए बेगम सराय, नीम सराय, टी पी नगर, जी टी रोड, नीम सराय एडीए कॉलोनी होते हुए बड़ी मस्जिद पे आकर समाप्त हुआ।जुलूस मे मोहम्मद् नईम उल्ला सिद्दीकी, जाहिद सिद्दीकी, तुफैल अहमद, शाहनवाज़, मोहम्माद शुआइब, आशिर, नौसे, यासीन, दिलशाद आदि शामिल थे।

# मण्डलीय जूडो प्रतियोगिता में केबीएम के खिलाड़ियों का रहा दबदबा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खंड सहसो के ग्राम पंचायत माधोपुर, कमलानगर में स्थित केबीएम इण्टर कालेज के खिलाड़ियों का मण्डलीय विद्यालय जूडो प्रतियोगिता में रहा दबदबा। जानकारी के अनुसार बीबीएस इण्टर कालेज शिवकुटी में मण्डलीय जूडों प्रतियोगिता शनिवार को खेला गया। जिसमें प्रतापगढ़, कौशाम्बी, प्रयागराज की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल की ओर से बालक वर्ग में केबीएम इण्टर कालेज के कुल 18 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें से 7 खिलाड़ी सीनियर वर्ग में एवं 5 खिलाड़ी सब जूनियर वर्ग में तथा 6 खिलाड़ी जूनियर वर्ग की ओर से खेले । इन खिलाड़ियों में से 15 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल का गौरव प्राप्त किया । उक्त खिलाड़ियों में से सीनियर वर्ग में अजीत कुमार मौर्य को बेस्ट आंफ टूर्नामेन्ट दिया गया । सभी खिलाड़ियों ने अपने उच्च प्रदर्शन से विद्यालय व क्षेत्र का रोशन किया। सभी खिलाड़ियों को खेल प्रवक्ता अली अहमद खान ने बधाई व आशीर्वाद दिया ।

# इलाहाबाद पब्लिक स्कूल अंडर-17 बालक वर्ग के सेमीफाइनल में

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई क्लस्टर फाइव बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग के टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इसके अलावा सनबीम सनसिटी वाराणसी ने बालिका अंडर-14 एवं 19 आयु वर्ग, खेलगांव पब्लिक स्कूल ने बालिका अंडर-14, आर्मी पब्लिक स्कूल ने बालिका अंडर-17 और संस्कार स्कूल व सनबीम लहरतारा ने बालिका अंडर-19 आयु वर्ग के टीम चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई।चौफटका स्थित इलाहाबाद पब्लिक स्कूल में चल रही प्रतियोगिता में सोमवार को हुए मुकाबलों के परिणास इस प्रकार हैं।अंडर-17 बालक टीम चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल



(प्रयागराज) ने संत अतुलानंद कॉन्वेंट (वाराणसी) को 2-1 से हराया। सनबीम भगवानपुर (वाराणसी) ने जेबी एकेडमी (अयोध्या) को 2-0 से, सनबीम वरुणा (वाराणसी) ने डीपीपीएस (प्रयागराज) को 2-0 से, सनबीम सनसिटी (वाराणसी) ने आर्मी पब्लिक स्कूल (प्रयागराज) को 2-0 से हराया।अंडर-14 बालिका टीम चैंपियनशिप सेमीफाइनल मेम सनबीम सनसिटी (वाराणसी) ने सनबीम स्कूल (अयोध्या) को 2-1 से, खेलगांव पब्लिक स्कूल (प्रयागराज) ने सेंट जोसेफ स्कूल (मेजा) 2-0 से हराया।अंडर-17 बालिका टीम चैंपियनशिप सेमीफाइनल में आर्मी पब्लिक स्कूल (प्रयागराज) ने संत अतुलानंद (वाराणसी) को 2-1 से, सनबीम सनसिटी (वाराणसी) ने एमपीवीएम (प्रयागराज) को 2-0 से हराया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा पांडेय के अनुसार प्रतियोगिता का समापन मंगलवार अपरान्ह् तीन बजे होगा। इंडियन ऑयल कारपोशन के महाप्रबंधक शेष नारायण मुख्य अतिथि होंगे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सोमवार को बक्शी बांध पहुंचकर वहां से नाव के द्वारा छोटा एवं बड़ा बघाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगो से बातचीत की तथा उन लोगो को प्रशासन के द्वारा बनाये गये बाढ़ राहत शिविर में जाने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लोग अभी भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रह रहे है, उनके लिए खाने का पैकेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें तत्काल सुनिश्चित करा ली जाये। उन्होंने कहा कि 7 बाढ़ राहत शिविर बनाये गये है, जहां पर बाढ़ से प्रभावित लोगो के लिए खाना, नाश्ता, पानी, प्रकाश, दवाएं सहित अन्य



आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के अधिकारी एवं एनडीआरफ की टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ से प्रभावित लोगो की मदद कर रहे है। उन्होंने कहा कि जल पुलिस तथा सामान्य पुलिस भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर निगरानी रख रही है। बाढ़ से सम्बंधित कोई सूचना देने के लिए बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर 0532- 2641577 एवं 0532- 2641578 है। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, एनडीआरएफ के अधिकारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सुन्नतों और उनके तरीकों पर अमल करने वाला ही आशिके रसूल- मुफ्ती सैफुर रहमान

## खुद्दामे हज कमेटी द्वारा मनाया गया ईद मिलादुल नबी का जलसा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ज़िन्दगी, उनके बताये तरीकों और सुन्नतों पर अमल करने वाला ही आशिके रसूल है। यह बातें मुफ्ती सैफुर रहमान कासमी साहब ने खुद्दामे हज कमेटी की ओर से पालकी गेस्ट हाउस में आयोजित ईद-मिलादुल नबी के जलसे को खेताब करते हुए कहीं। उन्होंने हदीस का जिक्र किया। कहा कि हम जिसे जान से ज्यादा चाहें और मुहब्बत करें, तो उससे भी ज्यादा हमारी मुहब्बत हमारे आका हज़रत मुहम्मद सल्ल. अलैहि वसल्लम साहब से होना चाहिए। हर आशिक रसूल शख्स पर लाज़िम है कि वह कसरत से दरूद पड़े और हुजूर के बताई सुन्नतों पर अमल करे। लिहाजा हमें हुजर की सुन्नतों के मुताबिक ईद मिलादुन्नबी मनाएं ना कि दूसरों की नकल करें। जो सुन्नतों के खिलाफ हो। जलसे की सदारत अल्हाज अनीस अहमद अंसारी और मेहमान-ए खुसूसी हाजी नजीर अहमद रहे। जलसे की शुरुआत सुबह कुरआन ख्वानी से की गई। जबकि जलसे में आई हुई औरतों को मुअल्लिमा अमीर फातिमा ने हजरत मोहम्मद सल्ल. की तालीमात और दीन के लिए कुरबानियों का जिक्र किया। संचालन हज्जिन खुरशीदा ने किया।

# खानखाह मुहिबउल्लाह मे मनाया गया जश्न ईद मिलादुन्नबी



**प्रयागराज।** हज़रत मुहम्मद साहब का जन्म दिन बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया मनाया गया। हज़रत मुहम्मद साहब के जन्म दिन के मौके पर मदरसा हज़रत शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी दादा मियां बहादुरगंज मे जश्न ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया।

जश्न ईद मिलादुन्नबी मे मदरसे के करीब तीन सौ बच्चों की मौजूदगी में पढ़ रहे बच्चे, बच्चियों ने हज़रत मुहम्मद साहब के जन्म दिन पर नात शरीफ पढ़ कर महफ़िल को जोश खरोश पैदा किया। मदरसे के अध्यापक नात शरीफ पेश करने वालों बच्चे बच्चियों को पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्थित मदरसा मे आयोजित जश्न ईद मिलादुन्नबी जल्से, मदरसे मे पढ़ रहे बच्चों के उस्ताद कारी लुकमान कादरी और मौलाना अशफाक आलम निजामी तथा प्रधानाचार्य मुफ्ती हाफिज शाह मोहम्मद मुकर्रब उल्लाह अली मियां के सरपरस्ती मे जश्न ईद मिलादुन्नबी का आयोजन सम्पन्न हुआ।

# प्यार की हर कथा जब लगी सूखने हमने धीरे से पूरी कथा मोड़ दी

**प्रयागराज।** लोक सेवा महाराष्ट्र मंडल एवं लोकमान्य तिलक ट्रस्ट द्वारा गणेश उत्सव के उपलक्ष में कवि सम्मेलन लोकसेवा महाराष्ट्र मंडल अलोपीबाग के सभागार के सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें प्रयागराज के नामचीन रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कल्पना सहाय जी रही।

डॉ आभा श्रीवास्तव मधुर ने कार्यक्रम में वाणी वंदना की।

उन्होंने पढ़ा, आपके आईने में अगर मैं नहीं, आप चेहरे से अपने मुकर जाइए। हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भरपूर हंसाया। हम अपना दर्द बांटे या ना बांटे, भूलाकर सारे गम अपने सभी के संग खुशी बांटे।

कवि सम्मेलन के संयोजक संचालक प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर ने अपने गीतों रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला।

उन्होंने पढ़ा, प्यार की हर कथा जब लगी सूखने, हमने धीरे से पूरी कथा मोड़ दी। हास्य कवि नजर इलाहाबादी, हास्य कवि योगेश झमाझम और युवा कवि अभिजीत मिश्रा ने अपनी रचनाओं से लोगों को खूब गुदगुदाया।

कवि सम्मेलन में कवि सम्मेलन के आयोजक प्रणेश देशपांडे, विश्वास केलकर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पितृ पक्ष में हमेशा मध्यान्ह समय में करें पूजन- शांडिल्य महराज

## पितृपक्ष का 18 सितंबर से शुरु होकर समापन 2 अक्टूबर को होगा खत्म

**प्रयागराज।** जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम ने आज बताया कि सनातन धर्म में पितृ पक्ष पितरों को समर्पित होता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार भाद्रपद पूर्णिमा तिथि का आरंभ 17 सितंबर को सुबह 11 बजकर 44 मिनट से शुरू हो रहा है। पूर्णिमा तिथि का समापन 18 सितंबर को सुबह 8 बजकर 4 मिनट पर होगा। पूर्णिमा श्राद्ध 17 सितंबर को किया जाएगा। जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज ने बताया कि इस बार प्रतिपदा तिथि का श्राद्ध तिथि 18 सितंबर को पड़ रही है। श्राद्ध पक्ष की शुरुआत प्रतिपदा तिथि से होती है इसलिए इस बार 18 सितंबर से पिंडदान, तर्पण, ब्राह्मण भोजन और दान जैसे अन्य दूसरे कार्य शुरू किया



जायेगा। इस बार पितृ पक्ष का आरंभ 18 सितंबर से होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम ने बताया कि पितृ पक्ष में हमेशा पितरों की पूजा, अर्चना मध्यान्ह में करना श्रेयस्कर होता है। पितरों का तर्पण शुद्ध जल, सफेद फूल,और काले तिल से करें।

# हाटस्पाट चिन्हित करते हुए की जाए रात्रि गश्त- एएसपी

## थाना बदोसा और नरैनी का एएसपी ने किया निरीक्षण




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने सोमवार को थाना बदौसा और रविवार की देर शाम नरैनी कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों पर निगाह दौड़ाई और थाने की व्यवस्थाओं को भी परखा। एएसपी ने कहा कि हाट स्पाट चिन्हित करने के साथ ही रात्रि गश्त जरूर की जाए। अपराधियों पर पैनी निगाह रखते हुए कार्रवाई करें।निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारियों से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहें। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक निस्तारण का प्रयास किया जाए। इसी क्रम में चौकी खुरहंड का भी निरीक्षण किया गया और चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना नरैनी पर विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। लंबित विवेचना की समीक्षा करते हुए सभी विवेचकों को विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# निरीक्षण करने एएसपी ने दंपति के बीच कराया समझौता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पति से विवाद के बाद पत्नी घर से चली गई। खुरहंड पुलिस युवती को किसी तरह से बरामद किया और चौकी ले आई। इसी दौरान निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी शिवराज को मामले की जानकारी हुई। उन्होंने दंपति को एक साथ बैठाया और दोनो को समझाने के बाद विवाद को समाप्त कराया। दोनो एक साथ रहने के लिए फिर से राजी हो गए।

पति-पत्नी के विवाद में पति से नाराज होकर घर छोड़कर गई महिला को चौकी खुरहण्ड पुलिस द्वारा सूचना के आधा घण्टे के भीतर अतर्रा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया । गौरतलब हो कि खुरहण्ड के रहने वाले एक व्यक्ति ने चौकी खुरहंड पर सूचना दी कि उसकी शादी लगभग चार माह पूर्व हुई थी। सोमवार को उसकी पत्नी बिना बताए रुपए और जेवरात लेकर भाग गई। सूचना पर पुलिस द्वारा सर्विलांस आदि के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला को अतर्रा रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक शराब पीता है जिसको लेकर पति-पत्नी में आये दिन विवाद होता था। इसी से नाराज होकर महिला जेवरात लेकर चली गई थी। इसी दौरान चौकी खुरहण्ड का निरीक्षण करने गये अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने दोनों पक्षों को बैठाकर दोनों की काउंसलिंग की। दोनों को अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने को कहा गया। काउंसलिंग के उपरांत व्यक्ति ने आगे कभी भी शराब न पीने की बात कही। दोनों पक्षों द्वारा लिखित समझौता देने पर दोनों को सकुशल उनके घर रवाना किया गया।